धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, सोमवार

28.08.2023

* नगर संस्करण | पेज : 12 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 48 | khabarmantra.net

SURJABASHA

# मोदी के मन की बात कार्यक्रम में छाया रहा झारखंड

## लोहरदगा के मसियातु की दिखी झलक, खिले ग्रामीणों के चेहरे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रविवार को प्रसारित मोदी के मन की बात कार्यक्रम में झारखंड छाया रहा। मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के मसियातु गांव के लोगों की मेहनत को दिखाया गया। कार्यक्रम को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। अपने गांव की झलक देखते ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। यह गांव बांस के उत्पाद (बांबू क्राफ्ट) पर की जानेवाली कलाकारी को ले कर चर्चित है। वहीं दूसरी ओर मन की बात कार्यक्रम के 104वें एपिसोड के जरिये देश के लोगो से संवाद के तहत पीएम मोदी ने सेल बोकारो स्टील के सीएसआर विभाग के तहत स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं से भी सीधा संवाद किया।

**अपने गांव की झलक देख मसियातू के लोग गदगद :** कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान लोहरदगा के कुडू प्रखंड के मसियातु गांव की एक झलक भी नजर आयी। विषय था मसियातु गांव के बांस के कारीगरों द्वारा बांस से तैयार किये जाने वाले उत्पाद। झलक पाकर ही ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने उम्मीद जतायी कि अब उनके अच्छे दिन जरूर आयेंगे। कार्यक्रम देखने बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर किया जा रहा था। वहां मौजूद ग्रामीण बांस के उत्पाद भी तैयार कर रहे थे। गांव का जिक्र प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में होने को लेकर ही उनमें काफी ज्यादा उत्साह था। कार्यक्रम के दौरान पीएम ने चंद्रयान, महिला शक्ति, चीन में हुए वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, मेरी माटी मेरा देश अभियान, संस्कृत और देश के पर्यटन स्थलों की बात की। हालांकि मसियातु गांव को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा कोई चर्चा नहीं किए जाने की वजह से ग्रामीणों को थोड़ी निराशा हुई। फिर भी कार्यक्रम के दौरान मसियातु गांव की एक झलक दिखाये जाने को लेकर ही ग्रामीण काफी खुश दिखे। (शेष पेज 11 पर)

### बोकारो की महिलाओं से प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद

मन की बात कार्यक्रम के 104वें एपिसोड के जरिये पीएम मोदी ने सेल बोकारो स्टील के सीएसआर विभाग के तहत स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं से भी सीधा संवाद किया। सेल बोकारो स्टील के सेक्टर 9ए स्थित सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं ने मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देख। इस दौरान धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, बोकारो से भाजपा विधायक बिरंची नारायण, बोकारो स्टील के अधिशासी निदेशक (संकाय) बीके तिवारी सहित अन्य नेता व अधिकारी मौजूद थे। महिलाएं भी पीएम के मन की बात कार्यक्रम से सीधे जुड़कर काफी खुश नजर आ रही थीं। महिलाओं का कहना था कि उनके लिए आज का दिन काफी खुशी का दिन है, क्योंकि पूरा देश आज हमसे जुड़ रहा है और हमारे बने प्रोडक्ट की जानकारी भी लोगों को मिल रही है।



### 104वें एपिसोड में क्या बोले मोदी

मिशन चंद्रयान नये भारत की भावना का प्रतीक। चंद्रयान अभियान नारी-शक्ति का जीवंत उदाहरण। संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल पर जोर दें। सभी को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं। जी-20 देश के सामर्थ्य का साक्षी बनने जा रहा है। देश की सुंदरता और विविधता देखने का किया आह्वान।

## न्यूज डायरी

### झारखंड की चार खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप में आमंत्रित

**बैंगलोर।** साईं सेंटर में 31 अगस्त से 28 सितंबर तक जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए राष्ट्रीय कैंप लगेगा। इसके लिए झारखंड की चार महिला खिलाड़ियों को भी आमत्रंण दिया गया है। इसमें दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, रोपनी कुमारी और काजल बाड़ा का नाम शामिल है।

### भारतीय पुरुष टीम ने तोड़ा एशियाई रिकॉर्ड

**बुडापेस्ट।** भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने दो मिनट 59.05 सेकेंड के समय से एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

### डुमरी उपचुनाव जनता लड़ रही है : सुदेश महतो

**रांची।** डुमरी उपचुनाव के दौरान रविवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि कोई साधारण चुनाव नहीं है। यह चुनाव डुमरी की जनता लड़ रही है। इसका परिणाम राज्य को नयी दिशा देगा। डुमरी की जनता फैसला सरकार के चार साल के कुशासन से मुक्ति दिलाने में सहायक साबित होगा। श्री महतो ने रविवार को भी 9 पंचायतों में जनसभा की।

### देवी प्रसाद का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष देवी प्रसाद शुक्ला (94) का पार्थिव शरीर रविवार को हरमू के मुक्तिधाम में पंचतत्व में विलीन हो गया। उनका निधन शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन अस्पताल में हो गया था।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट आठ लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में रविवार सुबह हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गयी। यह धमाका उत्तर 24 परगना के नीलगंज पंचायत के मोछोल इलाके में हुआ। मृतकों में कई महिलाएं भी हैं।

### योगेंद्र तिवारी से आज फिर होगी पूछताछ

**रांची।** झारखंड में शराब किंगपिन माने जाने वाले योगेंद्र तिवारी से सोमवार को इडी फिर पूछताछ करेगी। इडी की टीम ने योगेंद्र तिवारी से शनिवार को नौ घंटे तक पूछताछ की। इडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में योगेंद्र तिवारी तीन बैग में कागजात लेकर पहुंचे थे। इडी उसकी जांच कर रही है।

### अल्बर्ट एक्का चौक पर लटकायी गयी दही-हांडी

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव समिति ने कार्यक्रम स्थल रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर 6 और 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनायेगा। इस कड़ी में रविवार को समिति के संरक्षक व सांसद संजय सेठ व अध्यक्ष मुकेश काबरा सहित समिति के सदस्यों ने जन्माष्टमी महोत्सव पर होने वाली दही-हांडी फोड़ो प्रतियोगिता के लिए 1 मटकी को सजाकर उसमें माखन भरकर हांडी को आयोजन स्थल पर लटकाया गया।

### सुरक्षाबलों ने नक्सली कैंप किया ध्वस्त

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चल रही अभियान में रविवार को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर राशन सामग्री समेत कई अन्य समान बरामद किया है। पुलिस को देखकर नक्सली पहले ही कैंप छोड़कर फरार हो गये।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

## अंतिम सोमवारी पर गूंजा जय श्रीराम...



राजधानी रांची में सावन का महीना पूरी तरह भक्तिमय और शिवमय हो गया। सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर रविवार की देर रात शहीद अल्बर्ट एक्का चौक (फिरायालाल) पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें वीर हनुमान के वेश में कलाकारों ने लोगों को खूब मनोरंजन किया।

फोटो : समीर

# एनडीए नालायक बेटा, देश की संपत्ति बेच रहा है : हेमंत

## डुमरी में नोट से वोट खरीदना चाहता है विपक्ष, करारा जवाब दें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**बोकारो।** डुमरी उपचुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार जोर पकड़ चुका है। प्रत्याशियों के समर्थन में राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेता क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं । लोगों से अपने उम्मीदवार के समर्थन में वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में वोट मांगने के लिए लगातार दूसरे दिन रविवार को सीएम हेमंत सोरेन ने नावाडीह प्रखंड के डेगागढ़ा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने एनडीए पर जम कर भड़ास निकाली और एनडीए को नालायक बेटा करार दिया। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी बेबी देवी एक लाख 40 हजार वोट देकर जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विपक्ष वोट के बदले नोट बांट रहा है। ऐसे में बेबी देवी को भारी मतों से जिता कर विपक्ष को करारा जवाब दें।



**देश की संपत्ति बेच रहा एनडीए :** चुनावी सभा में सीएम ने एनडीए की जमात को नालायक बेटा बताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार घर का नालायक बेटा घर के गहने, जेवर और सामानों को बेच देता है, उसी तरह एनडीए की सरकार देश की संपत्ति को बेचने का काम कर रही है। सीएम हेमंत ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम किया जायेगा। सीएम ने कहा ये लोग जब राजनीतिक ताकत नहीं जुटा पाते हैं तो अपनी शक्ति का इस्तेमाल करके विपक्षियों को डराने का काम करते हैं। हम झारखंड के लोग हैं, यह वीरों की धरती है, हम डरने वाले नहीं हैं। (शेष पेज 11 पर)

### मान-सम्मान से कोई समझौता नहीं

श्री सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरु की संघर्ष की बदौलत झारखंड राज्य मिला है। यहां की संस्कृति और अस्मिता को बचाने के लिए दिशोम गुरु हमेशा से संघर्षरत रहें। झारखंडियों की लड़ाई हमेशा पूंजीपतियों से रही है। मान-सम्मान के लिए कभी अपनी इमान को समझौता नहीं करेंगे। हम भूख से मरना पंसद करेंगे, लेकिन भीख मांगना पंसद नहीं करेंगे। विरोधी पैसे के बदौलत चुनाव लड़ते हैं और वोट खरीदकर चुनाव जीतने के बाद पूंजीपतियों को बेच देते हैं।

# चारा घोटाला : 124 के भाग्य का फैसला आज

- अंतिम केस, डोरंडा कोषागार से निकासी का मामला
- सभी 124 आरोपियों को कोर्ट में रहना है मौजूद
- ट्रायल फेस कर रहे कई आरोपी 80 पार के

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डोरंडा कोषागार से 29 साल पहले 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाले के आरसी 48ए/96 मामले में सीबीआई कोर्ट सोमवार को फैसला सुनायेगा। यह मामला आरोपियों की संख्या में सबसे बड़े मामले में शामिल है। इस मामले में पूर्व विधायक गुलशन आजमानी समेत 124 आरोपियों का भाग्य का फैसला होना है। आरोपियों में 16 महिलाएं भी शामिल है। आठ कोषागार पदाधिकारी हैं। जबकि 86 आपूर्तिकर्ता आरोपी है। इनमें से एक दर्जन से अधिक आरोपियों की उम्र 80 साल से अधिक है। सबसे उम्रदराज आरोपी तत्कालीन जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ गौरी शंकर प्रसाद है। इनकी उम्र 90 साल है। साथ में उनकी पत्नी निर्मला प्रसाद 82 बेटा शरद कुमार 57, सिद्धार्थ कुमार 49, उनकी साली कुमारी अनिता प्रसाद 69 भी आरोपी है। चारा घोटाले के अंतिम मामले में फैसला सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत सुनायेगी। फैसले के दिन सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहने का निर्देश है। सीबीआइ के विशेष लोक अभियोजक रवि शंकर ने 594 गवाहों को प्रस्तुत किया है। (शेष पेज 11 पर)

## पीएम आज 51 हजार युवाओं को देंगे नौकरी की सौगात

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी सोमवार को देश के कई युवाओं को नौकरी की सौगात देने वाले है। 10 लाख कर्मियों की भर्ती के लिए अभियान रोजगार मेला के तहत सोमवार को 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन युवाओं को संबोधित भी करेंगे। पीएमओ ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सोमवार को रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा।

**इन कर्मियों की होगी भर्ती :** इस रोजगार मेले में केंद्रीय गृह मंत्रालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है। देशभर से चुने गये-नये कर्मी केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और नॉन-जनरल ड्यूटी कैडर पदों जैसे विभिन्न पदों पर शामिल होंगे।

# जी-20 सम्मेलन से पहले लिखे खालिस्तानी नारे ने बढ़ायी टेंशन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली सजकर तैयार हो चुकी है। राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। इस बीच एक ऐसी खबर सामने आ रही है जिसने पुलिस की टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले दिल्ली मेट्रो के कम से कम पांच स्टेशनों पर खालिस्तान से जुड़े नारे लिखे नजर आये। दीवारों पर दिल्ली बनेगा खालिस्तान, खालिस्तान जिंदाबाद जैसे नारे लिख दिये।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों ने कम से कम पांच दिल्ली मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर ये नारे लिख दिये। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मामले को लेकर कहा कि यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। हम इसमें दिल्ली पुलिस का पूरा सहयोग करेंगे। यह घटनाक्रम दिल्ली में नौ और दस सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले हुआ है। (शेष पेज 11 पर)

### खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी

पुलिस सूत्रों ने इन मेट्रो स्टेशनों की पहचान...शिवाजी पार्क, मादीपुर, पश्चिम विहार, उद्योग नगर और महाराजा सूरजमल स्टेडियम के रूप में की है। अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। दोषियों की पहचान करने के लिए पांचों मेट्रो स्टेशनों के आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) द्वारा एक कथित वीडियो जारी किया गया था, जिसमें मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर लिखे ये संदेश प्रदर्शित किये गये थे। एसएफजे के प्रवक्ता गुरपतवंत सिंह पन्नून ने वीडियो में कहा है, जी-20 देश, जब आप 10 सितंबर को दिल्ली में मिलेंगे, तब हम कनाडा में खालिस्तान जनमत संग्रह करा रहे होंगे।

## भ्रष्टाचार की पोल खोलने से कोई रोक नहीं सकता : मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को मुख्यमंत्री पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पार्टी प्रवक्ता के माध्यम से मीडिया को भ्रामक जानकारी देकर उनकी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने, उनकी लूट और झूठ की पोल खोलने से नहीं रोक सकते। उन्होंने कहा कि पहले की तरह मैं आज फिर दोहरा रहा हूं कि राज्य में कहीं भी मेरी या किसी की भी कोई संदिग्ध जमीन, मकान, प्रॉपर्टी का राज्य सरकार को पता चलता है तो सबसे पहले उसे जब्त करे और दोषियों पर बिना देर किए कार्रवाई करे। फिर डंके की चोट पर मीडिया के सामने उजागर करे। उन्होंने कहा कि मीडिया को भ्रामक और सनसनीखेज बनाकर आधी-अधूरी गलत जानकारी परोस कर झामुमो आखिर क्या बताना चाहता है।

## विक्रम लैंडर ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह की दी बड़ी जानकारी

# तापमान में पल-पल हो रहा बदलाव, 10 सेमी तक की खुदाई

- तापमान में बदलाव का इसरो ने जारी किया ग्राफ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इसरो ने चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के साथ लगे चेस्ट उपकरण द्वारा चंद्र सतह पर मापी गयी तापमान भिन्नता का एक ग्राफ रविवार को जारी किया। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, चंद्र सर्फेस थर्मो फिजिकल एक्सपेरिमेंट (चेस्ट) ने चंद्रमा की सतह के तापीय व्यवहार को समझने के लिए दक्षिणी ध्रुव के आसपास चंद्रमा की ऊपरी मिट्टी के तापमान प्रालेख को मापा है। सतह की 10 सेमी तक की खुदाई की। इससे पता चलता है कि चंद्रमा की सतह के तापमान में पल-पल बदलाव हो रहा है। पेलोड में तापमान को मापने का एक यंत्र लगा हुआ है। (शेष पेज 11 पर)

### कैमरे से लगातार भेज रहा तस्वीरें

इसरो द्वारा जारी ग्राफ में पाया गया है कि चंद्रमा की सतह का तापमान अलग-अलग समय पर बदला है। ग्राफ के मुताबिक, आठ सेंटीमीटर की गहराई पर पेलोड ने यहां का तापमान -10 डिग्री दर्ज किया है। इसके अलावा तापमान में बढ़ोतरी भी होती है। दक्षिणी ध्रुव के सतह पर तापमान करीब 50 डिग्री सेल्सियस है।



### चंद्रमा के साउथ पोल की पहली जांच

इसरो ने बताया कि चंद्रमा के साउथ पोल के लिए यह इस तरह का पहला प्रोफाइल है। अभी विस्तार से निगरानी की जा रही है। चंद्रयान-3 को लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। इसरो के द्वारा लगातार अपडेट दिया भी जा रहा है। अभी जो चंद्रयान को लेकर ताजा जानकारी दी गयी है उसमें चांद के साउथ पोल पर तापमान के बारे में बताया गया है। इसरो ने बताया कि यह तापमान अलग-अलग गहराई पर रिकॉर्ड किया गया है। इसरो के अनुसार जांच के प्रवेश के दौरान इसे दर्ज किया गया है। चंद्रयान 3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के ठीक चार दिन बाद, इसरो ने शुरुआती निष्कर्षों का खुलासा किया। इससे पहले किसी अन्य देश ने इस क्षेत्र में सॉफ्ट लैंडिंग नहीं किया है।

# चंदवा : तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा, दो की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** रविवार की देर शाम चंदवा में एक बार फिर बेकाबू रफ्तार का कहर देखने को मिला। एनएच-39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के मेनो नाइट मिशन के समीप एक बेकाबू ट्रक ने एक बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार एक महिला समेत दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गयी। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों पति-पत्नी है।

जानकारी के अनुसार उक्त दोनों लोग एक बाइक (जेएच 19ए/3589) पर सवार होकर लातेहार से चंदवा की ओर आ रहे थे। इसी क्रम में चंदवा की ओर से जा रहे एक ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक के परखच्चे उड़ गये। महिला के सिर पर ट्रक का चक्का चढ़ गया। दोनों का शव कई हिस्सों में विभक्त गया। इस कारण दोनो की पहचान तक नही हो पा रही थी। सूचना के बाद पुलिस निरीक्षक बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस दल तत्काल घटनास्थल पहुंची। (शेष पेज 11 पर)

# डुमरी उपचुनाव में एनडीए ने झोंकी ताकत बेबी देवी के लिए जीत की राह आसान नहीं

डुमरी से लौटकर उदय चौहान


बेबी देवी


यशोदा देवी

**रांची।** डुमरी उपचुनाव में प्रचार अभियान अब परवान चढ़ने लगा है। सत्ताधारी घटक दलों झामुमो-कांग्रेस और राजद का एनडीए पर आरोपों की झड़ी लग गयी है। वहीं, एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी की ओर से आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और भाजपा सांसद आदित्य साहू ने प्रचार अभियान को गति देने में जुटे हैं। झामुमो जगरन्नाथ महतो की विरासत को अपने कब्जे में रखने के लिए बेबी देवी को वोट देने की अपील कर रहा है। झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी सहानुभूति की लहर पर सवार हैं लेकिन, आजसू की यशोदा देवी भी अपने पति के सपनों को पूरा करने के लिए केला छाप में वोट देने की अपील कर रही हैं। दोनों ओर से चुनाव प्रबंधन को लेकर पसीना बहाया जा रहा है। दोनों ओर से अपने प्रत्याशी के पक्ष में हवा बहाने की कवायद तेज हो गयी है। डुमरी उपचुनाव में अब बेबी देवी और यशोदा देवी में कड़ा मुकाबला दिखने लगा है।

पांच सितंबर को डुमरी के नये विधायक का भाग्य इवीएम में बंद हो जायेगा।

उल्लेखनीय है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए गठबंधन से प्रत्याशी बेबी देवी चुनाव लड़ रही हैं। वे दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पत्नी हैं। वहीं आजसू के कद्दावर नेता रहे स्व. दामोदर महतो की धर्मपत्नी यशोदा देवी एनडीए प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप साहू को कुल 36,013 मत मिले थे और आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी कुल मत 36,840 लाई थीं। इस बार एनडीए गठबंधन ने यशोदा देवी को चुनाव मैदान उतारा गया है। वर्ष 2019 में जगरनाथ महतो 71,128 वोट लाकर लगातार चौथी बार विधायक बने थे। इस बार मुख्य मुकाबला आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी और एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी यशोदा देवी के बीच होना माना जा रहा है। वहीं, मत विभाजन कर एआइएमआइएम के प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी भी अपना दम दिखाने में जुटे हैं। उन्हें वर्ष 2019 के चुनाव में कुल 24,132 मत मिले थे। इसे लेकर वे स्वजातीय मतों को समेटने के साथ-साथ अन्य जातियों के वोटों को साधने में जुटे हैं। इतना तो तय है कि अब्दुल मोमिन ने चुनावी समर को रोचक बना दिया है। डुमरी में सभी दल ताबड़तोड़ प्रचार अभियान अपने-अपने हिसाब से चला रहे हैं। इसमें एनडीए की ओर से कहा जा रहा है कि रामगढ़ की तरह डुमरी सीट भी उसकी झोली में आ सकती है। इसके लिए एनडीए गठबंधन दलों के दिग्गज नेताओं का तूफानी दौरा हो रहा है। वहीं, बेबी देवी की ओर से स्वयं सीएम हेमंत सोरेन ने कमान संभाला है। सत्ताधारी झामुमो को भाकपा माले का भी समर्थन हासिल है।

## डुमरी उपचुनाव : नावाडीह ऊपरी घाट की नौ पंचायतों में जनसभा को किया संबोधित

# यह चुनाव डुमरी की जनता लड़ रही है, इसका परिणाम राज्य को नई दिशा देगा: सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डुमरी उपचुनाव के दौरान रविवार को आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने नावाडीह ऊपरी घाट की नौ पंचायतों में जनसभा को संबोधित किया। पोखरिया में आयोजित पहली जन सभा में उन्होंने कहा कि यह चुनाव 2024 की पटकथा लिखेगा। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है, यह चुनाव डुमरी की जनता लड़ रही है इसका परिणाम राज्य को नई दिशा देगा। डुमरी की जनता का सही निर्णय राज्य की जनता को सरकार के 4 साल के कुशासन से मुक्ति दिलाने में सहायक साबित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के चुनाव प्रचार पर व्यंग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से उतरकर सड़क मार्ग से प्रचार का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं। अगर वह सड़क मार्ग से प्रचार करते तो उनके चार साल के कार्यकाल और डुमरी के 19 साल के जेएमएम के शासन का चेहरा उन्हें यहां की सड़क पर दिख जाता। आम जनता का क्या हाल है उनकी मुश्किलें क्या हैं और प्रशासन और केंद्र के बीच का फासला तय करने में कितनी मुश्किलें हैं इसे समझने के लिए जमीन पर चलाना पड़ता है।

मुख्यमंत्री की कार्यशैली पर उन्होंने कहा कि राजा के बेटे को गद्दी मिली है, वह प्रजा का हाल नहीं जानते। आपके दुखों को समझ नहीं पाते हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को घेरते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्टी की कल्पना स्वर्गीय बिनोद बाबू ने की थी। उनका नारा था पढ़ो और लडों लेकिन आज का झामुमो उनकी सोच पर नहीं चल रहा है।

जनसभा में उपस्थित भीड़ से सवाल करते हुए उन्होंने पूछा कि इस पंचायत में कितने युवा हैं जिन्हें हेमंत सरकार के प्रति वर्ष 5 लाख रोजगार देने के वादे का लाभ मिला है, कितने पढ़े लिखे बेरोजगार युवा हैं जिन्हें बेरोजगारी भत्ते का लाभ प्राप्त हुआ है। तीन कमरों वाला वह मकान कितनों को मिल पाया है। यह सभी कुछ समझने और जनता को सरकार की असलियत समझने के लिए यात्रा निकली गई है।

सुदेश कुमार महतो ने मुख्यमंत्री के किए गए वादों पर प्रहार करते हुए कहा कि सरकार का 5 लाख रोजगार देने की जगह यहां के युवाओं को गाय, बकरी पलकर जीवन यापन के लिए कहना यह दशार्ता है कि किस स्तर का विकास यह सरकार चाहती है और इसको लेकर उनका फार्मूला क्या है। राज्य के शीर्ष पद पर बैठा व्यक्ति इतना झूठ कैसे बोल सकता है।

डुमरी के मतदाताओं से अपील करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि हम सब चौकीदार हैं। मतदान के दिन आपको करिश्मा करना है। एक वोट छूटना नहीं चाहिए और एक वोट लुटना नहीं चाहिए। उन्होंने जनसभा में उमड़ी भीड़ से बोला कि चुपचाप केला छाप पर बटन दबाकर यशोदा देवी को विजयी बनायें। अनुसूचित जाति के समाज के लोगों को संदेश देते हुए कहा कि जिस समाज का राज्य में 14 प्रतिशत भागीदारी है उस समाज से कोई भी प्रतिनिधित्व मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में नहीं दिया है। पढ़ाई, दवाई और न्याय गरीब से दूर होता जा रहा है इसलिए अपने वोट के अधिकार को समझें और यशोदा देवी को मौका दें।

## बड़े पैमाने पर होगा आइपीएस का तबादला

**रांची।** झारखंड में अगले सप्ताह तक आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया जायेगा। धनबाद, हजारीबाग, जामताड़ा सहित अन्य कई जिलों के कप्तान को बदलने की तैयारी है। वहीं प्रमोटी आईपीएस को भी जिले की जिम्मेदारी सौंपी जाने की तैयारी है। गृह विभाग आईपीएस अफसरों की सूची तैयार कर उच्च स्तर की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार किया है। सीएम से सहमति लेकर अधिसूचना जारी की जा सकती है। बताया जा रहा है कि इस तबादला सूची में एक दर्जन एसपी रैंक के आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। संभावना है कि इस सप्ताह में तबादलों की सूची जारी होगी। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले सप्ताह में आईपीएस ऑफिसर की ट्रांसफर लिस्ट जारी हो जाएगी।

## चाईबासा : पुलिस ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर राशन सामग्री सहित अन्य सामान बरामद की

खबर मन्त्र संवाददाता



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रविवार को एक और सफलता मिली। पुलिस ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर राशन सामग्री और अन्य समान बरामद किया है। हालांकि पुलिस को देखकर नक्सली पहले ही कैंप छोड़कर फरार हो गये। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के चमन उर्फ लम्बु अमित मुण्डा, सालुका कायम प्रभात मुण्डा उर्फ मुखिया दस्ते के साथ चाईबासा-सरायकेला एवं खूंटी जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में हैं। अभियान के क्रम में रविवार को को सुबह लगभग 10.15 बजे कराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम उलीबेरा और गितिउली जंगल के समीप पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा उस क्षेत्र में बनाये हुए कैम्प को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त किया। पुलिस ने मौके से चावल, दाल लगभग 30 किग्रा एवं दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं, प्लास्टिक के सात टेंट, दो जोड़े जूते, दो बैटरी, बिजली का तार, एक गैती, दो मशाल, थर्मस, बर्तन, मग तथा विभिन्न प्रकार की आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां बरामद की है।

**अभियान में यह थे शामिल** : चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, कोबरा के जवान और सीआरपीएफ के जवान शामिल थे।

## जामताड़ा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गठबंधन सरकार पर बोला हमला, कहा

# झारखंड में बनायें भाजपा की सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/जामताड़ा।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर सत्ताधारी घटक दलों पर हमला बोला है। श्री मरांडी ने रविवार को जामताड़ा में आयोजित जनसभा में कहा कि प्रदेश से अपराध, भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण का बोलबाला है। उन्होंने आनेवाले 2024 के चुनाव में भाजपा को सत्ता की चाबी सौंपने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुशासन मिटाने के लिए हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जनता के स्नेह और समर्थन से संकल्प यात्रा अब जनसंकल्प यात्रा में बदल गई है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य भाजपानीत अटल सरकार की देन है। भाजपा राज्य गठन से लेकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है लेकिन अलग राज्य की लड़ाई का ढिंढोरा पीटने वाले झामुमो-कांग्रेस और राजद के लोगों ने क्या किया, यह जनता जानती है। अभी के सत्ताधारी दल झारखंड आंदोलन को बेचने और खरीदने वाले लोग है।

उन्होंने कहा कि अटल जी की सरकार ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में जोड़ा, आदिवासी मंत्रालय बनाया। मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में गांव गरीब किसान के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई। केंद्र सरकार में आदिवासी समाज से आजाद भारत के इतिहास में पहली बार आठ मंत्री जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में विकास की गाथा लिखी जा रही है। दुमका का मेडिकल कॉलेज, देवघर में एम्स की स्थापना, एयरपोर्ट, साहेबगंज में बंदरगाह और गंगा पुल का निर्माण मोदी सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र में गरीबों के अनाज से लेकर खान खनिज की लूट हो रही है। गरीबों, आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। उन्होंने कहा कि सोरेन परिवार खान, खनिज, जमीन को लूटने और लुटवाने के लिए सत्ता में रहना चाहता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ गई है। रोज हत्या लूट दुष्कर्म हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के कारण गो तस्करों पर कारवाई नहीं हो रही है। पुलिस को सरकार कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा चुपचाप झारखंड को बर्बाद होते नही देख सकती है। इसलिये जनता को सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, अपराध और तुष्टिकरण से मुक्ति दिलाने का संकल्प लेकर यह यात्रा चली है।

## पदमा में थी पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग

# लक्ष्य को भेद नहीं सके पुलिस के 809 जवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के 809 जवान लक्ष्य को भेदने में असफल रहे। जानकारी के मुताबिक, जेएपीटीसी पदमा में राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित 2,673 पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग आयोजित की गयी थी। जिसमें 1596 पुलिसकर्मी पास हुए. जबकि 1070 पुलिसकर्मी फेल हो गये। इसमें 809 पुलिसकर्मी ऐसे है जो फायरिंग में सही टारगेट पर निशाना नहीं लगा सके। बाकी 268 पुलिसकर्मी अन्य विषयों में फेल हो गये।

### पुलिसकर्मियों की लिखित विषय की हुई थी परीक्षा

राज्य के अलग-अलग जिलों में पदस्थापित 2673 पुलिसकर्मियों का 21 और 22 अक्टूबर 2021 को लिखित परीक्षा हुआ था। वहीं 2 मई 2023 से लेकर 12 जून 2023 तक बाह्य विषय की पूरक परीक्षा आयोजित की गयी थी। आईजी ट्रेनिंग ने इसको लेकर सभी जिलों के एसपी, एसएसपी और वाहिनी के कमांडेंट को निर्देश दिया था कि इस परीक्षाफल से अपने जिले के पुलिसकर्मी को सूचित कराना सुनिश्चित करें।

## चारा कांड संख्या आरसी 48ए/96 के मामले में 124 आरोपियों के खिलाफ फैसला आज

**यह मामला 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी से जुड़ा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीबीआइ कोर्ट सोमवार को डोरंडा कोषागार से जुड़े चारा घोटाला कांड संख्या (आरसी 48ए/96) मामले में 124 आरोपितों के खिलाफ फैसला सुनायेगा। यह मामला 36 करोड़ 59 लाख रुपये की अवैध निकासी से जुड़ा है। इनमें जो प्रमुख आरोपी हैं उनके नाम इस प्रकार हैं। तत्कालीन बजट व लेखा पदाधिकारी नित्यानंद कुमार सिंह, पशु चिकित्सक डॉ जुनूल भेंगरा, डॉ केएम प्रसाद, डॉ राधा रमन सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ रामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ मनोज कुमार, डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ रवींद्र कुमार सिंह, डॉ फनिंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ कमल किशोर शरण, डॉ त्रिवेणी पासवान, डॉ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, डॉ चंद्र किशोर लाल, डॉ कामेश्वर प्रसाद यादव, डॉ मनोज कुमार सिन्हा, डॉ रमन कुमार सिन्हा, डॉ उमाकांत यादव, डॉ ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ चंद्रशेखर सिन्हा, डॉ अजय कुमार सिंह उर्फ सिन्हा, डॉ वेंकटेश्वर नाथ पांडेय, डॉ राम लक्ष्मण सिंह, डॉ हीरा लाल, डॉ विनोद कुमार, डॉ बिजेंद्र कुमार, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ धनंजय कुमार, डॉ अनिल कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह का नाम शामिल है। इसके अलावा कोषागार पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद यादव, महेंद्र प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, एनुल हक, राजेंद्र पांडेय, राम सेवक साहू, दीना नाथ सहाय व साकेत बिहारी लाल शामिल है। आरोपी आपूर्तिकर्ता में गुलशन आजमानी समेत अशोक कुमार यादव, राम नंदन सिंह, डॉ बिजयेश्वरी प्रसाद सिन्हा, रवींद्र कुमार मेहरा, अजय वर्मा, सुनिल कुमार सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा, सुधीर कुमार सिन्हा, हरीश कुमार खन्ना, राजन मेहता, अजय कुमार सिंह, रवि नंदन कुमार सिन्हा, राजेंद्र कुमार हरित, नरेश प्रसाद, अनिल कुमार, गणेश दुबे आदि दर्जनों हैं।

## 30 अगस्त को डुमरी में एआइएमआइएम प्रत्याशी मोबिन रिजवी के पक्ष में जनसभा करेंगे ओवैसी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डुमरी उप चुनाव के महासंग्राम में अपने पार्टी प्रत्याशी अब्दुल माबिन अंसारी की जीत सुनिश्चित करने के लिए 30 अगस्त को एआइएमआइएम प्रमुख सह सांसद असदुद्दीन ओवैसी डुमरी पहुंच रहे हैं। आवैसी उसी दिन केबी हाई स्कूल ग्राउंड, डुमरी में रिजवी के समर्थन में जनसभा भी करेंगे। उनके साथ झारखंड खतियान मोर्चा के प्रमुख और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा भी जनता से तीसरे विकल्प के तौर पर रिजवी को चुनाव में विजयी बनाने की अपील जनता से करेंगे।

एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर साहब के मुताबिक डुमरी सहित राज्य की जनता को यहां तीसरे विकल्प की तलाश है। इसमें एआइएमआइएम और खतियान मोर्चा तथा अन्य का गठबंधन उन्हें विकल्प देने में सक्षम है। राज्य अलग बनने के बाद से यहां भाजपा, झामुमो, कांग्रेस सहित सबों के गठबंधन को जनता ने देख लिया है लेकिन मूलवासी, अल्पसंख्यक, आदिवासियों और अन्य की उम्मीदों पर कोई खड़ा नहीं उतरा है। अब ऐसे में डुमरी उप चुनाव के जरिये राज्य में तीसरे विकल्प के लिए पहल शुरू होनी है।

## डुमरी विस उपचुनाव में एनडीए की जीत पक्की : आदित्य साहू

**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा है कि डुमरी उपचुनाव में एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी यशोदा देवी की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि जो हाल रामगढ़ विस उपचुनाव में महागठबंधन की सरकार की हुई थी, उसी प्रकार का डुमरी में भी होगा। डुमरी उपचुनाव में भी यूपीए गठबंधन की हार निश्चित है। उन्होंने कहा है कि चुनाव जीतने के लिए सत्ताधारी झामुमो धनबल का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब देश में परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलने वाली है। राज्य में वर्तमान की सरकार परिवारवाद भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। जिसे जनता अच्छी तरह देख रही है।

## संथाल परगना बिल्डर्स से जुड़े बाबूलाल मरांडी के सवालों का भी झामुमो ने दिया जवाब

# झामुमो का बाबूलाल पर दूसरा बड़ा हमला तस्वीर जारी कर पूछा- यह किसका बंगला!

**झामुमो ने एक घर का फोटो जारी करके पूछा, बाबूलाल बताएं इस घर के वे मकान मालिक थे या किराएदार**

**गुरुजी ने सिखाया है, राजनीति में नीजि हमला ना हो, मगर बाबूलाल सोरेन परिवार पर लगा रहे आरोप, तो झामुमो भी देगा जवाब**

### गुरुजी के दिए संस्कार के कारण चुप थे, मगर अब उनके अंदाज में ही दिया जायेगा जवाब

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गुरुजी अपने परिवार और कार्यकर्ताओं को राजनीति में कितनी भी विचारधारा मेल न खाते हों, मगर निजी आरोप, आक्षेप नहीं लगाने का संस्कार दिया है। मगर बाबूलाल मरांडी अपनी यात्रा के दौरान हर दिन सोरेन परिवार पर निजी आक्षेप लगा रहे हैं, हमला कर रहे हैं इसलिए अब झामुमो ने भी कमर कस लिया है, झामुमो भी बाबूलाल मरांडी को उनके ही अंदाज में जवाब देगा। अगर उन्होंने यह सब बंद नहीं किया तो आने वाले दिनों में कई और नीजि बातें पूरे प्रमाण के साथ जनता के बीच लाया जाएगा। उनके आलाकमान और जांच एजेंसियों तक इसे पहुंचाया जाएगा।

### 2004 में बाबूलाल ने भाजपा छोड़ी और 2005 में संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी बनी

सुप्रियो ने कहा कि सभी को याद होगा कि 2004 में बाबूलाल ने भाजपा को कोसते-कोसते पार्टी छोड़ी। 2005 में उन्होंने झाविमो का गठन किया। इसके बाद पार्टी चलाने, चुनाव जीतने के लिए इस कंपनी के द्वारा रुपये का अदान-प्रदान शुरू हुआ। इसकी आड़ में कई तरह के निवेश हुए, जमीनों की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण हुआ। राजनीति में विचारों का मेल नहीं खाना अलग बात है और किसी परिवार पर निजी हमला अलग। बाबूलाल मरांडी अब अपना होश खो कर आरोप लगाना शुरू कर दिया है इसलिए अब झामुमो भी चुप बैठने वाला नहीं है। उन्होंने बाबूलाल को अब तैयार रहने की चेतावनी दी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने बाबूलाल मरांडी पर दूसरा बड़ा हमला बोला है। झामुमो ने एक घर का फोटो मीडिया में जारी करते हुए बाबूलाल मरांडी से सवाल किया है कि वह बतायें कि इस मकान के वे मकान मालिक थे या किरायेदार। झामुमो के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में मकान और मुख्य द्वार का फोटो जारी किया। उन्होंने कहा कि बाबूलाल पूछ रहे थे कि अभी यह कंपनी या है या नहीं। अभी मरांडी के छोटे भाई रमिया मरांडी और सुनील तिवारी की पत्नी नीलिमा तिवारी इसके वर्तमान में निदेशक हैं या



नहीं तो झामुमो भी मरांडी से सवाल करता है कि वे बताएं कि ये लोग संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जो 2005 में बनी थी, समय निदेशक थे या नहीं। बाबूलाल ने पूछा है कि इस कंपनी के माध्यम से एक भी इनवेस्टमेंट या जमीन खरीद-बिक्री की बात हुई हो तो बताएं। तो बाबूलाल इस घर के बारे में बताएं कि वह किनका था। क्या वे इस मकान के मालिक थे, अतिथि थे या किरायेदार। यह जमीन सरकारी थी या निजी। घर कहां है, इसके बारे में नाम, पता और ठिकाना भी बताने का काम करें। अगर वे नहीं बताएंगे तो इन सब बातों को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे, क्योंकि बताना तो पड़ेगा ही, क्योंकि अपने संकल्प सिद्धी-रिद्धि यात्रा के जरिए अनाप-शनाप और भ्रमण के दौरान वे-झूठ फैलाने का काम कर रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि देर शाम तक उनका इस पर तेजी से और जल्दी ट्विट आ जायेगा।

## बुझौवल ना बुझाये झामुमो, कार्रवाई करे सरकार : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झामुमो द्वारा एक बंगले की तस्वीर जारी कर जवाब मांगने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बाबूलाल ने ट्वीट कर कहा है कि वे पहले भी कह चुके हैं और आज फिर से यह बात दोहरा रहे हैं कि अगर सरकार को राज्य में उनकी कोई संदिग्ध जमीन, मकान या प्रॉपर्टी का पता चलता है तो सबसे पहले एफआईआर करें। उस प्रॉपर्टी को जब्त करें। दोषियों पर कार्रवाई करें। फिर डंके की चोट पर मीडिया के माध्यम देश-दुनिया के सामने सच उजागर कर दें। राज्य सरकार को ऐसी कार्रवाई करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मीडिया को आधी-अधूरी और गलत जानकारी सनसनीखेज बनाकर परोसने वाली झामुमो आखिर कहना क्या चाहता है। सीएम हेमंत सोरेन को अगर लगता है कि वे एक के बाद एक हास्यास्पद और भ्रामक जानकारी परोसकर सोरेन परिवार की पोल खोलने से रोक लेंगे तो यह उनकी भूल है।

## जेजेएम और एसबीएम के क्रियान्वयन को लेकर समन्वयकों की तलाश शुरू

**पूर्व की वैकेंसी रद्द कर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने निकाली नयी वैकेंसी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में जल जीवन मिशन (जेजेएम) और स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण (एसबीएम) में प्रचार-प्रसार के नाम पर लूट मची है। केंद्र प्रायोजित इस योजना को लेकर राज्य के किसी भी जिले में संजीदगी देखने को नहीं मिलती है। इसे लेकर यह कहना गलत नहीं होगा कि दोनों योजनाओं का संचालन ही संविदा पर बैठे लोग कर रहे हैं और इंजीनियर बैठे तमाशा देख रहे हैं। हालांकि इसका लाभ उन्हें भी मिल रहा है परंतु कुछ भी पूछने पर वह मामले से पल्ला झाड़ लेते हैं। इस मामले में रामगढ़ ने कुछ अलग करने का प्रयास किया है तभी तो पूर्व की वैकेंसी को रद्द कर नयी वैकेंसी जारी की है। इस विज्ञापन के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों की तलाश शुरू कर दी है।

**रामगढ़ को को-ऑडिनेटर की तलाश** : रामगढ़ जिले में जल जीवन मिशन-जेजेएम और स्वच्छ भारत मिशन- ग्रामीण (एसबीएम) के क्रियान्वयन के लिए समन्वयकों की तलाश हो रही है। इसके लिए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ की ओर से विज्ञापन भी जारी किया गया है। इसके मुताबिक जिला स्तर पर जल जीवन मिशन के लिए दो समन्वयक (एम आई एस को ऑर्डिनेटर-1, आइइसी को ऑर्डिनेटर-1) रखे जाने हैं। इसके लिए संविदा पर कर्मियों को रखा जाएगा। हर माह इन पदों के लिए 35 हजार रुपये दिए जाएंगे। इन पदों के लिए एमबीए, इकोनॉमिक्स में मास्टर डिग्री, एमएससी, मास कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा, संबंधित फील्ड में 3 सालों का कार्यानुभव और कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। इसी तरह एसबीएम के लिए एक एसएलडब्ल्यूएम समन्वयक की जरूरत है। चयनित योग्य अभ्यर्थी को हर माह 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। इन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों से एक साल तक सेवा ली जाएगी। इसके बाद कार्य संतोषजनक रहने पर अनुबंध का नवीनीकरण होगा। इच्छुक लोग शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव और आवासीय प्रमाण पत्र के साथ आवेदन 2 सितम्बर तक दें।

स्पीड न्यूज

## श्रीगणेश पूजन पंडाल का भूमि पूजन संपन्न

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा में रविवार को आंध्र संगम समिति के गणेश पूजा पंडाल का भूमि पूजन संपन्न हुआ। पुरोहितों की मौजूदगी में वैदिक अनुष्ठान और मंत्रोच्चार के मध्य भूमि पूजन हुआ। इस दौरान विशेष रूप से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार मौजूद रहें। बतौर यजमान समिति के डॉ. एपी राव एवं उनकी धर्मपत्नी ने पूजन विधि संपन्न किया। कमिटी के अध्यक्ष वाई आनंद राव ने बताया की इस वर्ष भी भव्य गणेश महोत्सव आयोजित होगी। स्थानीय कुशल कारीगरों द्वारा पूजा पंडाल का निर्माण की जा रही है। मौके पर विशेष रूप से आंध्र संगम समिति के सी.एच.शंकर राव, ईश्वर राव, वाई आनंद राव, बी. आरसी राव, एनआरके राव, के. राजू राव, अप्पल राजू, रमण राव, महेश, जी नागेश्वर, एन प्रभाकर राव और अप्पा राव उपस्थित थे।

## हिल व्यू सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष बनाये गए श्याम सिंह, राहुल सचिव

**जमशेदपुर।** रविवार को हिल व्यू सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी की वार्षिक आम बैठक हिल व्यू कॉलोनी सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। यह वार्षिक आम बैठक कमेटी के अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्रा के अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में कमेटी के पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर पारित किया गया, तथा अध्यक्ष श्री दिनेश चंद्र ने निजी स्वास्थ्य के कारण से अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की पेशकश की जिसके बाद कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से श्री श्याम सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष चुना गया तथा युवा वर्ग से श्री राहुल सिंह को सचिव चुना गया वही कोषाध्यक्ष के पद के लिए श्री अरुण कुमार को चुना गया। संस्था के नए अध्यक्ष श्याम सिंह और नए पदाधिकारियों का का कमेटी ने हृदय से स्वागत किया और बधाई देते हुए आभार जताया। वहीं कमेटी के नए अध्यक्ष श्याम सिंह ने कहा कि इस बार हिल व्यू सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। समिति द्वारा पंचमी के दिन से ही कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे की सोसाइटी के बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुति, भजन संध्या, झांकी समेत कई प्रकार का आयोजन समिति की ओर से किया जाएगा। इस बैठक में श्री ठाकुर जी उत्तम सिंह जी लक्ष्मण प्रसाद जी सत्येंद्र सिंह जी राजू सिंह जी पुरुषोत्तम मिश्रा उर्फ छोटन मिश्रा डॉक्टर संतोष गुप्ता समेत कमेटी के लोग शामिल हुए।

## एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में सावन मिलन कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** बिरसानगर मुराकाटी स्थित एक्सेल इंडिया मॉडल स्कूल में सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सावन की थीम पर अपनी-अपनी मातृभाषा में सभी शिक्षिकाओं ने अपना परिचय रोचक अंदाज़ में दिया, साथ ही गीत-संगीत तथा नृत्य भी प्रस्तुत किया। सावनी रंग के अनुरूप हरे रंग की साड़ी और सज्जा परिधान में सज-धज कर शिक्षिकाओं ने अलग-अलग भाषाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम से माहौल को पूरी तरह से सावन के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर आकर्षक कैटवॉक और रैपिड फायर के प्रश्नओं के त्वरित उत्तर से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती ममता कुमारी ने कहा कि हम सभी के अंदर एक कलाकार छिपा है।

# कारपोरेट गवर्नेंस में समय से बहुत आगे से सर दोराबजी टाटा : चाणक्य चौधरी

## टाटा स्टील ने सर दोराबजी टाटा की 164वीं जयंती मनाई, नयी पीढ़ी को प्रेरित करने को उनके जीवन काल पर कॉमिक लांच




सर दोराब जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते वीपी चाणक्य चौधरी। सर दोराब जी पर प्रकाशित कॉमिक का विमोचन करते अतिथिगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज सर दोराबजी टाटा की 164वीं जयंती मनाई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया और अगली पीढ़ी के लीडर्स को प्रेरित करने के लिए उनके जीवन और जीवनकाल पर एक पुस्तक लॉन्च की। सर दोराबजी टाटा, टाटा स्टील के पहले चेयरमैन थे, जिन्होंने कंपनी को कॉर्पोरेट गवर्नेंस में ऐसे मानक प्रदान किए जो अपने समय से कहीं आगे थे। उन्होंने कानूनी दायित्व बनने से बहुत पहले ही 8 घंटे दिन का कार्यदिवस, मातृत्व अवकाश, भविष्य निधि, दुर्घटना मुआवजा, निःशुल्क चिकित्सा सहायता और कई अन्य कल्याणकारी उपायों जैसी पहल की शुरुआत की थी। जमशेदपुर में, इस अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत सर दोराबजी टाटा पार्क में श्रद्धांजलि समारोह के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सविर्सेज के वाईस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के पूर्व उप प्रबंध निदेशक (स्टील) डॉ टी मुखजी और सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उपस्थित थे। इस मौके पर टाटा स्टील और समूह की अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन के सदस्य और जमशेदपुर के प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित थे। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए सर दोराबजी टाटा के जीवन और जीवनकाल पर आधारित एक कॉमिक बुक का विमोचन किया गया, जो प्रभा नायर और तृप्ति नैवाल द्वारा लिखित, अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित है। पुस्तक का विमोचन चाणक्य चौधरी, टी मुखजी, संजीव चौधरी, डेज़ी ईरानी और शुभ्रा मुखजी ने किया। यह पुस्तक विभिन्न स्कूलों के छात्रों को वितरित की जाएगी ताकि युवाओं को इससे प्रेरणा मिल सके। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा संचालित मस्ती की पाठशाला और ब्रिज स्कूलों के छात्रों के साथ-साथ रोलर स्केटिंग ट्रेनिंग सेंटर, फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर और हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर के खेल प्रशिक्षुओं ने भी आज के कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन के दौरान, चाणक्य चौधरी ने कहा, सामाजिक कल्याण, औद्योगिक विकास और राष्ट्र निर्माण के प्रति सर दोराबजी की प्रतिबद्धता उनके उल्लेखनीय चरित्र का प्रमाण है। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण ने भावी पीढ़ियों को व्यवस्थित और वैज्ञानिक उन्नति में सक्षम बनाया और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख प्लेयर के रूप में स्थापित किया। उनकी विरासत उद्योग के दायरे से परे तक फैली हुई है। श्रमिकों, उनके परिवारों और समुदायों के कल्याण के लिए उनकी गहरी चिंता ने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्र में हमारी स्थायी प्रतिबद्धता की नींव रखी। सभा को संबोधित करते हुए, टाटा स्टील के पूर्व उप प्रबंध निदेशक (स्टील) टी मुखजी ने भारतीय विज्ञान संस्थान के महत्व पर बात की, जिसकी स्थापना सर दोराब जी टाटा ने की थी और इसने देश में विज्ञान और उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी ने यह भी उल्लेख किया कि कैसे सर दोराब जी टाटा ने मजदूरों की दुदर्शा को समझा और यूनियन को आगे बढ़ाने में मदद की। सर दोराबजी टाटा का खेल के प्रति जुनून स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने खेल और पार्कों के लिए क्षेत्र आरक्षित करने के अपने पिता के विज़न का अनुसरण करते हुए खेल को कंपनी के लोकाचार के साथ जोड़ दिया था। भारत को ओलंपिक में भाग लेते देखने की उनकी इच्छा के कारण 1920 में एंटवर्प ओलंपिक खेलों के लिए एथलीटों को प्रायोजन मिला। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप 1924 में पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए जगह सुरक्षित हुई और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति में उनकी नियुक्ति हुई। वह भारतीय ओलंपिक संघ के पहले अध्यक्ष थे। टाटा स्टील ने खेल को राष्ट्र निर्माण के लिए उत्प्रेरक मानकर उनकी विरासत को जारी रखा है। फुटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हॉकी और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग जैसे विभिन्न खेलों के लिए स्थापित अकादमियों के साथ, हम पूरे भारत में खेल प्रतिभाओं का पोषण करते हैं। सर दोराबजी टाटा की विरासत भविष्य में भी व्यवसायियों और उद्यमियों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

# अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस में जल्द खुलेगा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज

## संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह की जयंती पर प्रबंधन ने की घोषणा

### स्व. अवध बिहारी सिंह की आदमकद प्रतिमा का हुआ अनावरण





स्व. एबी सिंह की प्रतिमा का अनावरण करती मंगलावती देवी और उपस्थित उनके परिजन। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। विद्युत सज्जा का दृश्य।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अवध डेंटल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में 27 अगस्त को संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह की जयंती संस्थापक दिवस के रुप में धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर एनएच-33 स्थित संस्थान परिसर में संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह की आदमकद भव्य प्रतिमा का अनावरण उनकी धर्मपत्नी एवं संस्थान की मेंटर मंगलावती देवी ने अपने परिजनों, कॉलेज प्रबंधन एवं टीचिंग एवंड नन टीचिंग स्टाफ व छात्र-छात्राओं के बीच करतल ध्वनि के बीच किया। मौके पर अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के वाइस चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने घोषणा की कि जल्द ही संस्थान परिसर में झारखंड का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा। इसके लिए आधारभूत संरचना एवं अन्य तैयारियों पूर्ण कर ली गई हैं। संस्थान की मेंटर एवं स्व. अवध बिहारी सिंह की पत्नी मंगलावती देवी ने इस अवसर पर संस्थान से जुड़े सभी लोगों को आर्शीवाद दिया और कहा कि आप लोग पूर्व की तरह समर्पित होकर संस्थान को आगे बढ़ाइए, हमारा परिवार आप लोगों को हर तरह से मदद करेगा। सिंह परिवार की युवा पीढ़ी के सदस्य एवं गजेंद्र सिंह के पुत्र यशवर्द्धन सिंह ने कहा कि अवध ग्रुप की संस्थाओं को नई ऊंचाई देना हम सब की जिम्मेदारी है, हमें पूरी लगन एवं श्रद्धा से अपने संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह के सपनों को पूरा करना है। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण उनकी धर्मपत्नी मंगलावती सिंह के कर कमलों से हुआ।

साथ ही कॉलेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कॉलेज उत्सव सीयूएसपी-2023 का आयोजन प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन मंगलावती देवी के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम डा शर्मिष्ठा सोनी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तत्पश्चात डॉक्टर वी. संगतिका एवं रिया कुमारी के द्वारा स्वगीय अवध बिहारी सिंह के व्यक्तित्व से लोगों को अवगत कराया गया। इसके बाद स्वगीय अवध बिहारी सिंह के ऊपर बनाया गया डॉक्यूमेंट्री को प्रदर्शित किया गया।

इसके पश्चात स्वगीय अवध बिहारी सिंह के अवसर पर आयोजित पेंटिंग एवं डिजाइनिंग प्रतियोगिता के विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम के तहत छात्र-छात्राओं ने भारत के सभी प्रदेशों के प्रमुख पारंपरिक नृत्यों को बड़े ही शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन से चेयरमैन मंगलावती सिंह के अलावा वाइस चेयरमेन गजेंद्र सिंह, निदेशक केएनपी सिंह, डॉक्टर शशिकांत,श्रीमती नीलम सिंह ,श्रीमती पूनम सिंह, यशवद्र्धन सिंह, डॉक्टर आयुष गौतम, डा रचना एवं शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अलावा नन-टीचिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## वीमेंस यूनिवसिटी की दो कैडेट्स थल सैनिक कैंप के लिए चयनित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवसिटी की एनसीसी कैडेट्स का दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप के लिए चयन हुआ है। माननीय कुलपति प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने बताया कि ?राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल एवं प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। केयरटेकर ऑफिसर प्रीति के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार हमारे विश्वविद्यालय की दो एनसीसी कैडेट अंडर ऑफिसर दीप्ति कुमारी और कैडेट सुनीता कुंतीया का चयन दिल्ली में होने वाले थल सैनिक कैंप में किया गया है। थल सैनिक कैंप का उद्देश्य सेना प्रशिक्षण की मुख्य विशेषताओं से अवगत कराना, प्रतिस्पधी भावना पैदा करना और केडैटों के बीच अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना है। थल सैनिक कैंप आमी विंग की कैडेटस् के लिए राष्टीय स्तर का कैंप है। इसके लिए चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

# कल्पना पटवारी पहुंची, हर हर महादेव सेवा संघ का भजन संध्या आज

### श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए सज धज कर तैयार साकची गुरुद्वारा मैदान



कल्पना पटवारी का स्वागत करते हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले व साथी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हर हर महादेव सेवा संघ द्वारा पिछले 21 वर्षों से आयोजित किए जाने वाले भजन कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर आज भजन गायिका कल्पना पटवारी जमशेदपुर पहुँच गई है । उनकी 15 सदस्यीय टीम भी आ गई है । आज शहर आगमन पर संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया । वहीं संस्था की और से तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए संघ के स्वयंसेवकों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों से कहा कि - भोले की भक्ति से ओत प्रोत इस कार्यक्रम में आने वाले लोग स्वयं महादेव का रूप में आते हैं, उनके आने से ही कार्यक्रम की सफलता होती है,अतएव श्रोताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसे हम सबको सुनिश्चित करना है। साकची गुरुद्वारा मैदान में कालीमाटी रोड पर दोनों गेट से श्रद्धालुओं का प्रवेश होगा। इसके लिए पास जारी किया जाता है। गेट पर अनुशासित ढंग से प्रवेश और यथायोग्य सीट पर श्रद्धालुओं को बिठाने पर विशेष ख्याल रखना है। मैदान में पक्का पंडाल में कुसी लगा दी गयी है।

बड़ा स्टेज बन गया है। कालीमाटी रोड पर दोनों ओर विद्युत सज्जा हो चुकी है जिससे उत्सव सा माहौल बन गया है। बैठक में संघ के संरक्षक बृजभूषण सिंह, अध्यक्ष सुखविंदर सिंह निक्कू, नरेंद्र सिंह नींदी , पूर्व अध्यक्ष राजू मारवाह, जितेंद्र सिंह चावला , लाली सिंह, राघवेन्द्र शर्मा, पी एन पांडे, कृष्ण शर्मा काली, पप्पू राव, जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, सरबजीत सिंह टोबी, बिभाष मजुमदार, नवीन तिवारी, प्रिंस सिंह, धीरज चौधरी, सुमन कुमार कई संस्थापक सदस्सहित संघ के स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही।

# वीणापाणि पाठशाला ने धूमधाम से मनायी अपनी पहली वर्षगांठ



वीणापाणि पाठशाला के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के बाद ग्रुफ फोटो करवाते विधायक सरयू राय।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री सरयू राय द्वारा सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं के छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गयी कोचिंग वीणापाणि पाठशाला का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर बारीडीह स्थित रिक्रिएशन क्लब में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे जमशेदपुर पूवी के विधायक श्री सरयू राय बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पाठशाला के छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें प्रोत्साहित किया गया। विधायक सरयू राय ने अपने संबोधन में कहा कि जब वे सरकारी विद्यालयों का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हेंने महसूस किया कि सरकारी विद्यालयों में जो शिक्षक पढ़ाते हैं वे योग्य हैं व शैक्षणिक कार्यों में काफी मेहनत करते हैं, परंतु सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं है।

## खबर एक नजर में

### भारत स्काउट एंड गाइड का पांच दिवसीय पुरस्कार वितरण शिविर का समापन आज

**जमशेदपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड झारखंड राज्य के मुख्य प्रशासक अनिल सिंह ( सेवानिवृत्त -भारतीय प्रशासनिक सेवा ) के निर्देशानुसार एवं भारत स्काउट एंड गाइड झारखंड राज्य के सभापति ( पूर्व मंत्री , एवं माननीय विधायक चंदन क्यारी ) अमर कुमार बावरी के कुशल मार्गदर्शन में पांच दिवसीय राज्य पुरस्कार शिविर का आयोजन जमशेदपुर के साक्ची आम बागान स्थित भारत स्काउट एंड गाइड के जिला मुख्यालय प्रांगण में विगत 24 अगस्त से 29 अगस्त 2023 का शुभारंभ हुआ । शिविर में मुख्य रूप से शहर के पांच विद्यालय जिसमें आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल सीताराम डेरा , ए डी एल सनशाइन स्कूल जमशेदपुर , कार्मेल स्कूल जमशेदपुर , सीक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल जमशेदपुर , डी बी एम एस स्कूल जमशेदपुर और बी पी हेड क्वार्टर ग्रुप के 105 स्काउट और गाइड भाग ले रहे हैं । शिविर के दौरान राज्य पुरस्कार हेतु निर्धारित विषय वस्तु पर आधारित जिनमें पायनियरिंग , टेंट पिचिंग , कुकिंग , फर्स्ट एड , कंपास मैपिंग , कैंप क्राफ्ट , पायनियरिंग प्रोजेक्ट, मंकी ब्रिज , सस्पेंशन ब्रिज , फायर फाइटिंग आदि विषयों पर परीक्षाएं ली गई। बतौर शिविर के मुख्य प्रशिक्षक एवं ट्रेनर लीडर ऑफ़द कोर्स , जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड - ब्रह्मजीत कौर, संगीता मिश्रा , हरिंद्र कौर , एस ममतेश्वरी , स्काउट ट्रेनर के रूप में जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार, नीरज शुक्ला , धीरज कुमार , उदित नारायण एवं जिला सचिन चंद्रमणि मोदी ने शिविर में परीक्षक के रूप में विभिन्न परीक्षाओं का अवलोकन एवं निर्धारण किया। आज शिविर का चौथा व महत्वपूर्ण दिन है जबकि स्काउट एंड गाइड के प्रतिभागी बच्चों के द्वारा बृहत कैम्प फायर का आयोजन किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी निमर्ला बवेरिया एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में समाजसेवी अर्जुन शर्मा , यूनाइटेड फ्रंट ऑफ़ एक्स सर्विसमैन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील सिंह, कौशलेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार संध्या 6:00 बजे शिविर स्थल पर पहुंचकर अग्नि प्रज्वलित कर विधिवत कैम्प फायर का उद्घाटन किया। कैम्प फायर के दौरान बच्चों के द्वारा कई रंगारंग और मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कल दिनांक 28 अगस्त 2023 इस शिविर का समापन का दिन होगा।

### मनपीटा गांव में डायन कुप्रथा व नशाखोरी के खिलाफ चला जागरुकता अभियान

**जमशेदपुर।** रविवार को ग्राम मनपीटा मे ग्राम प्रधान रामचरण कमर्कार के नेतृत्व मे डायन प्रथा और नशा मुक्ति अभियान के तहत जनजागरण एवं पदयात्रा पूरे गांव चलाई गई। ग्राम प्रधान रामचरण कमर्कार ने कहा--- डायन प्रथा समाज मे कुप्रथा है जिसे सरकार एवं समाज के संयुक्त प्रयास से समाजिक बुराईयो को खत्म करने की आवश्यकता है। झारखंड राज्य डायन प्रथा प्रतिषेध कानून 2001 अंतर्गत अगर कोई व्यक्ति किसी महिला को डायन करार देकर शारीरिक और मानसिक तौर पे प्रताड़ित करता हो तो उसे 6 माह का कारावास या ?2000 का जुर्माना या दोनों हो सकता है। मनपीटा ग्राम के पढे लिखे युवा प्रभाकर हांसदा एवं लक्ष्मण लोहार ने नशा युक्ति के बारे मे ग्रामीणों को जन जागरूकता अभियान के तहत कहा-- नशा मुक्त भारत अभियान का उद्देश्य न केवल जन-साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। हुरलुगं पंचायत के मुखिया श्रीमति लीना मुंडा ने कहा कि नशा मुक्ति हमारी समाज की प्रगति और उन्नति का मार्ग है। यह हमें स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, और खुशहाली की ओर ले जा सकता है।

# टाटा स्टील ने शोध एवं विकास के लिए सी एसआईएफआर के साथ हाथ मिलाया

### माइनिंग में रिसर्च एंड डेवलपमेंट में तेजी लाने पर बनी सहमति



एमओयू के पश्चात दस्तावेज प्रदर्शित करते टाटा स्टील के वीपी सुंदर रामम व सीआइएमएफआर के वरिष्ठ पदाधिकारी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/रांची।** टाटा स्टील ने माइनिंग में अनुसंधान और विकास में तेजी लाने के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। 22 अगस्त, 2023 को रांची में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के वन वीक वन लैब कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। महत्वपूर्ण नवीन प्रौद्योगिकियों पर काम करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों के शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाने वाला पांच दिवसीय कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। एमओयू पर डी बी सुंदरा रामम, वाईस प्रेसिडेंट, रॉ मटेरियल्स, टाटा स्टील और डॉ जे के पांडे, चीफ साइंटिस्ट, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने अतुल भटनागर, जनरल मैनेजर, ओर, माइंस एंड क्वेरीज़, टाटा स्टील; संजय राजोरिया, जनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन, टाटा स्टील; अनुराग दीक्षित, जनरल मैनेजर, वेस्ट बोकारो डिवीजन, टाटा स्टील, प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा, निदेशक, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर और डॉ. एन कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर और सचिव, डीएसआईआर और महानिदेशक, सीएसआईआर, सहित अन्य की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से, टाटा स्टील और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर अन्वेषण, खनन और प्रसंस्करण सहित खनन में अनुसंधान और विकास के संभावित क्षेत्रों की पहचान करेंगे। वे खनन उद्योग के लिए सस्टेनेबल अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकास और वितरण पर भी सहयोग करेंगे। यह साझेदारी टाटा स्टील के लिए इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे कंपनी को नई तकनीक विकसित करने में मदद मिलेगी जो उसके खनन कार्यों की दक्षता और स्थिरता में सुधार कर सकती है। डी बी सुंदरा रामम ने कहा, हम खनन में अनुसंधान और विकास में तेजी लाने के लिए सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। यह साझेदारी हमें नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करने में मदद करेगी जो हमें अधिक कुशलतापूर्वक और सस्टेनेबल तरीके से खनन करने में मदद कर सकती है। यह साझेदारी टाटा स्टील और सीएसआईआर-सीआईएमएफआर दोनों के लिए फायदे का सौदा है। यह टाटा स्टील को नई तकनीक विकसित करने में मदद करेगा जो उसके खनन कार्यों में सुधार करने में मददगार साबित होगा, जबकि यह सीएसआईआर-सीआईएमएफआर को खनन उद्योग में टाटा स्टील की विशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद करेगा।

## स्पीड न्यूज

### अगस्त माह के चावल नही बटने पर मुखिया संघ ने जताया नाराजगी



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड परिसर में मुखिया संघ ने बैठक कर हुसैनाबाद प्रखण्ड में एफसीआई गोदाम पीडीएस विभाग के लचर व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर किया हैं। गांव के प्रतिनिधियों ने प्रखण्ड के सभी पंचायतों में जन वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाली अनाज अगस्त में अब तक नहीं बंटने पर चर्चा किया। मुखिया संघ ने एक सुर में अगर इस व्यवस्था में तत्काल सुधार नही लाया गया तो चेतावनी देते हुए कहा कि हमलोग चरण बद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। संघ के सचिव मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने कहा कि पीडीएस से मिलने वाला चावल बिल्कुल गरीब व माध्यम व्यक्तियों के साथ सीधा पेट से जुड़ा हुआ मामला हैं। ऐसे में हमलोग गांव के प्रतिनिधि हैं रोज जनता घर चौखट तक पंहुचती हैं। बैठक में मुखिया संघ अध्यक्ष हुसैनाबाद श्रवण राम, नरेश पासवान, ममता देवी, विजय राम,ओमप्रकाश राजवंशी, कुंदन पासवान, विमलेश पासवान आदि मुखिया मौजूद थे।

### कांग्रेस नेता ने सैलून दुकान का किया उदघाटन



**हुसैनाबाद।** शहर के छतरपुर रोड में क्लासिक सैलून का उदघाटन कांग्रेस के प्रदेश सचिव युवा नेता धनंजय कुमार तिवारी ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि क्लासिक सैलून लगभग 25 वर्षों से लोगों की सेवा करते आ रहा है कई सालों से दुकान जीर्ण शीर्ण होने पर संतोष ठाकुर ने अपने प्रतिष्ठान का जीर्णोद्धार किया एवं आधुनिकीकरण ग्राहकों की सुविधा का खासा ख्याल रखते भी रखते है। मौके पर संतोष ठाकुर आजाद,चंदन, रंजन, दिनेश ठाकुर, अंबिका सिंह, ऊपेंद्र ठाकुर, राजेश तिवारी, मोहम्मद औरंगजेब, मीर अली, नंदलाल ,अनुज मालाकार, श्रवण गुप्ता ,राजू और विकास सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मनरेगा ऑपरेटर पर कारवाई को लेकर पंचायत समिति सदस्य ने बीडीओ को दिया आवेदन



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के करकट्टा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सतेश्वर मेहता ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम को आवेदन देकर प्रखंड में कार्यरत मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन में पंचायत समिति सदस्य श्री मेहता ने जिक्र किया है कि वे शुक्रवार को जब प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचे तब वे रोजगार सेवक के कक्ष में गए। जहां मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार ने मेरे साथ अभद्रता किया साथ ही कुर्सी से उठा दिया। पंचायत समिति सदस्य के साथ हुए अभद्रता पर मनरेगा आपरेटर राहुल कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने कि मांग किया है।

### लाभूकों के बीच धोती व साड़ी वितरण



**पाटन पलामू।** किशनपुर पंचायत के ग्राम बरडीहा में जन वितरण प्रणाली पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह में धोती साड़ी वितरण का कार्यकम किया गया। मौके पर किशनपुर पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार उपाध्याय , समाजसेवी राजेश्वरसिंह एवं ग्रामीण शामिल थें।

### प्रखंड में बेलगाम हो गए हैं पदाधिकारी, बिना पैसे का नहीं करते काम : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष की बैठक की गई । बैठक में आगामी 15 सितंबर से पलामू जिला के सभी प्रखंडों में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ हल्ला बोल यात्रा निकाला जाएगा। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष एक स्वर में कहा कि प्रखंड में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। प्रखंड में पदाधिकारी एवं कर्मचारी बिना पैसा लिए हुए एक भी काम नहीं कर रहे हैं और फोन भी रिसीव करना उचित नहीं समझते हैं। रात के अंधेरे में थाना एवं खनन के पदाधिकारी के मिली भगत से प्रत्येक दिन बालू की अवैध उठे हो रही है जिला अध्यक्ष से आग्रह किया गया है कि इस पर कठोर कदम उठाया जाए एवं कुछ पदाधिकारी षड्यंत्र रच रहे हैं। इस सरकार को बदनाम करने के लिए पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने सभी बातों को गंभीरता से सुनकर कहा कि सभी समस्याओं को उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा। 15 सितंबर से हल्ला बोल यात्रा सभी प्रखंडों में किया जाएगा । यह यात्रा लक्ष्य 2024 को लेकर एक मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड में प्रभारी एवं सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई।

### विधायक पुष्पा ने किया नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम हिसरा बरवाडीह में विगत कई महीनो से ट्रांसफर खराब होने के कारण गांव के लोग अंधेरे में रहने को विवेश थे। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत विधायक पुष्पा देवी को दी थी। विधायक ने पहल करते हुए ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर बिजली विभाग से उपलब्ध कराया। विधायक ने रविवार को नये ट्रांसफार्मर का उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, बाल गोविंद मेहता, आनंद सिंह, निरंजन पासवान ,अभिषेक कुमार सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, अर्जुन तिवारी, अजय मेहता, राजीव कुमार पांडेय, उमाशंकर सिंह, वीर बहादुर मेहता, वीरेंद्र शुक्ला, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### हिसरा बरवाडीह बूथ पर भाजपाईयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**पाटन पलामू।** पाटन मंडल के हिसरा बरवाडीह शक्ति केंद्र के बुथ संख्या 181, 182 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मन की बात प्रसारण को छतरपुर पाटन विधानसभा के विधायक पुष्पा देवी , भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह , जिला कार्यकारिणी सदस्य निरंजन पासवान, मंडल महामंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, मंडल मंत्री आंनद सिंह अर्जुन तिवारी , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ओबीसी मोर्चा के मंडल महामंत्री वीर बहादुर मेहता अजय मेहता बाल गोबिंद मेहता, सिरमा पंचायत संयोजक धीरेन्द्र सिंह सतोवा पंचायत प्रभारी राजीव पाण्डे, मंडल कार्यसमिति उमाशंकर सिंह, महिला नेत्री सुजाता सिंह नीलम कुमारी, मंडल कार्यसमीति बिरेंद्र शुक्ला ने मन की बात को सुना।

## पर्यावरणविद कौशल, झारखंड गौरव अवार्ड से सम्मानित

पर्यावरणविद कौशल को वर्ष 2023 में सिंगापुर समेत राज्यपाल दोबार, दो केंद्रीय मंत्री, विस अध्यक्ष, सुबे के प्रथम मुख्यमंत्री, रांची सांसद, प्रमंडलीय आयुक्त, पलामू डीसी व एसपी सहित कई स्कूलों के प्रिंसिपल से मिल चुके हैं कई अवार्ड



पर्यावरण विद कौशल को अवार्ड देते राज्य के राज्यपाल व विधानसभा अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रांची के रेडिएशन ब्लू होटल में आयोजित झारखंड के गौरव सम्मान समारोह में सूबे के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को शॉल ओढ़ा कर और दो अलग-अलग मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। पर्यावरणविद व कौशल किशोर को इस एक वर्ष में आठ और जीवन में अबतक देश, विदेश में 57 वां अवार्ड मिल चुका है। मौके पर कौशल ने कहा है कि उन्हें केवल इस वर्ष माह अक्टूबर से अगस्त 2023 तक उन्हें आठ अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि इसवर्ष उन्हें सूबे के राज्यपाल,विधानसभा अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों , जिले के आयुक्त, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित कई स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उन्हें अवार्ड मिला है। उन्होंने यह भी बताया उन्हें इस वर्ष मलेशिया में भी आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर रांची सांसद संजय सेठ, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह, राज्यसभा सांसद विजय प्रकाश, महुआ मांझी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर समेत राज्य के प्रमुख व्यक्तियों का उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## एएसपी ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में असमाजिक तत्व द्वारा आये दिन छोटी मोटी झगड़ा झंझट की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। वहीं स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को सड़क मार्ग अवरूद्ध होने से परेशानी होती है। जिसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई। इस सूचना के आलोक में एएसपी ऋषभ गर्ग ने बीती रात्रि को स्टेशन के प्लेटफार्मँ एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच किया। उन्होंने सड़क पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़ा करनेवालों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगे भविष्य में सड़क अवरूद्ध न करें। वहीं स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में बेअनावश्यक रूप से विचरण करनेवाले को रोककर कारण पूछते हुए उनसबों को हिदायत दिया कि बिना काम के या बिना प्लेटफार्म टिकट के स्टेशन पर प्रवेश करना वर्जित है। यदि ऐसा कार्य पुनः किया जायेगा तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने प्लेटफार्म का भी औचक निरीक्षण किया। संदिग्ध लोगों से पूछताछ करते हुए प्लेटफार्म से बाहर करते हुए सख्त निर्देश दिया कि बिना काम के प्लेटफार्म पर न आयें। गर्ग ने कहा कि हर नागरिक को सुरक्षा मुहैया कराना पुलिस प्रशासन का कर्तव्य है। लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों के द्वारा लोगों को परेशानी में डालने का काम किया जाता है जिसकी सूचना पुलिस अधिकारी को प्राप्त होता है। यदि लोगों को कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो वे रेलवे अधिकारी या रेलवे पुलिस से मदद लें।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया डालटनगंज विस क्षेत्र का दौरा

ग्रामीणों को केंद्र सरकार के जनविरोधी नीति से कराया अवगत



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने डालटनगंज विधानसभा के जोड़ रजवाड़ी पोखरा एवं पाटन के राजहरा किशनपुर पलामू जिला के विभिन्न पंचायत का दौरा किया। जिलाध्यक्ष श्री पाठक ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों को बताया। साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं और युवाओं ने एक स्वर में कहा कि केंद्र की सरकार ने हम सभी को ठगने का काम किया है। केंद्र की सरकार ने ना महंगाई कम की ना युवाओं को रोजगार दिया और न ही किसान की आय दोगुना किया। देश के आजादी के बाद पहली बार एक ऐसा सरकार आई जिसमें महंगाई चरम पर है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। मौके पर अशोक पासवान, अजय साहू, मुकेश सिंह, साकेत सिंह, चिंतामणि तिवारी, खुर्शीद आलम, अनिल सिंह, अभय पांडेय, सुनीता देवी, शकुंतला देवी, नारद यादव, राकेश दुबे, कमलेश दुबे, धर्मेंद्र पासवान, सज्जाद अली, दिनेश राम, नथुनी मियां, शैलेश पासवान समेत काफी संख्या में लोग शामिल थें।

## नहीं रहे वरीय भाजपा नेता ललन चौबे, 65 की उम्र में ली अंतिम सांस

खबर मन्त्र संवाददाता



ललन चौबे का फाइल फोटो व श्रद्धांजली अर्पित करते लोग।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे (65) का निधन रविवार को अहले सुबह हो गया। स्व चौबे कैंसर रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास विश्रामपुर प्रखंड के केतात गांव में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका दाह-संस्कार गांव के ही श्मशान घाट पर किया गया। उनके अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, टिकैत चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, धनंजय तिवारी, सतीश्वर प्रसाद सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला गुड्डू, बबन राम, संजय चौबे, नंदेव यादव, मनीष गुप्ता, मेराज खान, शोएब शाह, मुन्ना पांडेय,अशोक चौबे, संतोष दुबे सहित सैकड़ों लोग शामिल हुय। इधर ललन चौबे के आकस्मिक निधन पर कई लोगो ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, बसपा नेता अभिमन्यु सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, उंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह, विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे सहित कई लोगो का नाम शामिल है।

### स्थापना काल से भाजपा से जुड़े थे

स्व ललन चौबे स्थापना काल से ही भाजपा से जुड़े थे। अपने लगभग 35 साल के राजनीतिक जीवन मे पार्टी के कई पदों पर रहे। इसके अलावे केतात कला पंचायत के बीडीसी भी चुने गये थे। भाजपा की पूर्व राज्य सरकार ने उन्हें बीस सूत्री का प्रखंड अध्यक्ष भी बनाया था। उन्होंने अपने जीवन मे नीति सिद्धान्तों से कभी कोई समझौता नही किया। अपनी व्यक्तपटुता,अपने हाजिर जबाबी व अद्भुत भाषण शैली से उन्होंने एक अलग पहचान बनायी थी।

## रामगढ़ प्रखंड में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन



**रामगढ़ पलामू।** रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी पार्थ नंदन की उपस्थिति में प्रखंड कृषि सलाहकार समिति का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय होने पर वोटिंग के माध्यम से चुनाव कराया गया। महेंद्र प्रसाद सोनी सबसे अधिक मत लाकर प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष बने। महेंद्र प्रसाद सोनी ने बताया कि प्रखंड में खाद बीज समय समय पर उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता होगी। हर पंचायत में समय पर बीज एवं खाद उपलब्ध कराएंगे। चुनाव में सभी कृषि मित्र ने अपना-अपना पर्ची पेपर के माध्यम से वोटिंग किया। जिसमें सबसे अधिक मत महेंद्र प्रसाद सोनी को मिला। चुनाव प्रखंड प्रमुख प्रेमी देवी के उपस्थिति में किया गया। मौके पर उपस्थित निलेश, आनंद, नवीन, सुनील कुमार, कलीम, छोटन, शंभू, मोतीलाल,उमाशंकर,नागेंद्र राम, अवध बिहारी, पिंकी सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं कृषि मित्र उपस्थित थे ।

## बिश्रामपुर वन क्षेत्र से खैर पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई

### विभाग के लोगों पर मिली भगत का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर वन क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से खैर की लकड़ी के तस्कर सक्रिय हैं। शनिवार को मोहम्मदगंज - बिश्रामपुर वन प्रक्षेत्र के छिपादोहर कला गांव से सटे जंगल में पिछले कई दिनों से खैर के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चल रही थी। ग्रामीणों ने बताया की इसकी सूचना वन विभाग के बिश्रामपुर स्थित विट चौकी को दी थी। बावजूद चौकी के वनकर्मियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। शनिवार को ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बीजेएमसी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा को दी। मिश्रा ग्रामीणों के साथ जंगल में गए। जहां दर्जनों खैर का पेड़ काटकर एक जगह जमा किया हुआ मिला। जिसके बाद ग्रामीण तस्करों और वन विभाग के स्थानीय कर्मियों के खिलाफ हंगामा करने लगे। मिश्रा ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया और इसकी सूचना मोबाइल द्वारा वरीय वन अधिकारियों को दी। तब जाकर वन विभाग के बिश्रामपुर बिट के कर्मी हरकत में आए और जंगल में पहुंचे लेकिन तबतक तस्कर लकड़ी छोड़ फरार हो गए थें। बिट चौकी कर्मियों ने खैर की लकड़ी को जब्त किया। जब्त खैर की लकड़ी का बाजार मूल्य चार से पांच लाख रूपए बताया जा रहा है। इस बाबत पूछने पर बिट चौकी इंचार्ज कुमार गौरव कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जंगल में पेड़ों के कटाई की कोई जानकारी नहीं थी। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि बिट चौकी कर्मियों को कई बार इसकी जानकारी दी गई थी।

## खबर एक नजर में

### भर्ती कैंप में बेरोजगार युवक और युवतियां हुई शामिल



**सतबरवा पलामू।** मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत पोंची पंचायत सचिवालय में बेरोजगार युवक और युवक्तियों के लिए भर्ती योजना चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक -युवती शामिल हुए। मुखिया संघ अध्यक्ष सह पोंची पंचायत के मुखिया गिरवर प्रसाद राम के अध्यक्षता में चलाए गए भर्ती अभियान योजना में झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन के जिला मोबिलाइजेशन मैनेजर जितेंद्र पांडेय तथा एलएनजे इंस्टिट्यूट ऑफ स्किल एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड आरएसडब्ल्यूएमडी के प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार कौशिक तथा काउंसलर रुकैया समेत बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद थे। इस मौके पर सत्येंद्र सोनी, उमेश प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे। वही प्रिंसिपल धर्मेंद्र कुमार कौशिक ने बताया कि तीन तरह के प्रशिक्षण के लिए युवक और युवतियों को लिया जा रहा है ,जिसमें फीटर मैकेनिकल असेंबली के तहत 4 माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभ्यर्थियों के कुशल होने के बाद उन्हें तुरंत नौकरी दी जाएगी। लड़कियों के लिए सिलाई मशीन ऑपरेटर के तीन माह का कोर्स होगा तथा नर्सिंग (जीडीए) जनरल ड्यूटी सहायक के 6 माह का कोर्स शामिल है। इन सभी कोर्स में कंप्यूटर एवं सॉफ्ट स्किल का आवासीय प्रशिक्षण रांची स्थित बूटी मोड पर आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड में दिया जाएगा।

### विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**सतबरवा पलामू।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड क्षेत्र के पोलपोल पंचायत के चक बरेवा टोला में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सदर मेदिनीनगर प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अनूप विलियम लकड़ा ने मुख्यमंत्री के द्वारा चलाए जा रहे पशुधन विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग पांच प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। जिसमें बकरा विकास योजना, शुकर विकास योजना तथा 500 बॉयलर चूजा विकास योजना , 400 बैकयार्ड लेयर चूजा पालन और 15 बत्तख चूजा वितरण योजना शामिल है। एसटी,एससी जनजाति के लाभूको को इन योजनाओं में 90% दिया जाता है। पिछडी तथा सामान्य जाति के लाभूको को 75% अनुदान सरकार देती है। साथ ही विकलांग, विधवा ,अविवाहित, परित्यकता और निसंतान दंपति भी इस योजना में 90% अनुदान ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि वही गव्य विकास योजना में तीन प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें दुधारू गाय तथा भैंस इसमें सिर्फ महिलाएं ही आवेदन कर सकती है। विधवा, विकलांग अविवाहित के साथ निसंतान दंपति को 75% का अनुदान मिलेगा।

## शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकाली गई कलश यात्रा

पतरा खुर्द पंचायत समेत आस पास के दर्जनों गांवों से हजारों श्रद्धालु जुटे



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पतरा खुर्द में शिव मंदिर निर्माण के उपरांत प्राणप्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। रविवार को निकाली गई कलश यात्रा में पतरा खुर्द पंचायत एवं आस पास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों समेत गणमान्य व हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा में श्रद्धालु ढोल नगाड़े बाजे गाजे के साथ हरहि नदी पहुंचे जहां पर मंत्र उच्चारण व विधि विधान से सभी श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना किया। इसके बाद सभी लोग पुनः कलश लेकर पतरा खुर्द शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान, रवि, संजय, आँचल ,सुमन, रामेश्वर राम की धर्मपत्नी बबिता देवी, उषा देवी, लल्लू, पंकज समेत हजारों लोग उपस्थित थें।

## सदर थाना पुलिस ने रोहतास से किया वाहन चोर को गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में मुकेश टेंट हाउस के पास से चोरों ने शुक्रवार को स्कार्पियो चुरा कर भाग गये। भुक्तभोगी ने वाहन चोरी होने की सूचना सदर थाना पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस ने थाना प्रभारी गौतम कुमार व एएसआई अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में बिहार के रोहतास जिला से एक चोर को गिरफ्तार कर लाई है। गिरफ्तार चोर की पहचान हुसैनाबाद के सुबेदार बीघा निवासी दिलनवाज खान पिता जावेद खान के रूप में की गई। वह सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि चोरों द्वारा चोरी करने में उपयोग किया गया वाहन और स्कार्पियो से खोला गया डीजी साउंड को भी बरामद कर लिया गया है। जिसका नंबर बीआर 24 एजे 8958 है। उन्होंने कहा कि पुलिस चोरी गया स्कार्पियो का भी पता लगा रही है।

## रेहला थाना क्षेत्र के जींजरा में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

### चोरों ने घर से कुछ ही दूरी पर गहने व नगद निकाल बक्से को फेंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** रेहला थाना क्षेत्र के जींजरा गांव निवासी नरेन्द्र मिश्रा के घर शनिवार की रात चोरो ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें गहने व नगद लगभग 82 हजार रुपए ले गए। गहने व पैसे मिश्रा के भाई वह उनके अन्य परिवार के सदस्यों के बताए जा रहे हैं। चोरी की घटना घर के पिछले दरवाजे को क्षतिग्रस्त कर घर में प्रवेश करते हुए की गई है। इस समय परिवार की सभी सदस्य घर में सोए हुए थें। इधर घटना की सूचना मिलते ही रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेते हुए स्थल का निरीक्षण किया। वही चोरी की घटना से पूरे परिवार में दहशत का माहौल कायम है। जानकारी के अनुसार नरेन्द्र कुमार मिश्रा सहित उनके अन्य चार भाई का संयुक्त घर है। शनिवार की रात घर में नरेन्द्र कुमार मिश्र सहित उनकी एक अन्य भाई हरेन्द्र कुमार मिश्रा सोए हुए थे। चोरों ने घर के पिछले दरवाजे जो लकड़ी के बने हुए थे उसे क्षतिग्रस्त कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद घर के अंदर कमरे में सोए हुए पुरुष सदस्यों को बाहर से बंद कर दिया गया। इसके बाद चोरों ने घर में रखें अलमीरा खोलकर उसमें रखें गहने व पैसे निकाल लिए। वहीं घर में रखे बाक्स, ब्रीफकेस, वीआईपी आदि को उठाकर ले गए। इसमें लाखो रुपए मूल्य के गहने थे। चोर बॉक्स आदि सामान घर की कुछ दूर पर निवास करने वाले रिफ्यूजी टोली के पास फेंके मिले हैं। जहां गहने छोड़ बाकी सभी कपड़े आदि को वहीं फेंक दिए गए हैं। स्टेशन मास्टर नरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि लगभग 2 बजे नींद खुला तो बाहर निकलना चाहा। जहां कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया। घर के एक अन्य कमरे में सोई महिला वह बच्चे को फोन कर दरवाजा खोलवाया गया। जब सभी कमरों से बाहर निकल घर की स्थिति को देखकर सभी की होश उड़ गए। इसकी सूचना पास के लोगों को दी गई। साथ हीं लोगों ने घर की आस-पास काफी खोजबीन भी किया। जहां घर से कुछ दूरी पर रिफ्यूजी टोली के निकट बक्से कपड़े आदि बिखरे हुए पाए गए हैं। इधर घटना की सूचना मिलते हीं रेहला थाना प्रभारी नमेधारी रजक घटनास्थल पर पहुंचकर पिड़ीत परिवार से समुचित जानकारी ली। साथ अपने स्तर से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मुखिया ने किया साड़ी धोती का वितरण



**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन के तहत रविवार को पोलपोल पंचायत के पोलपोल बस्ती में संचालित जन वितरण प्रणाली के डीलर अविता देवी के दुकान पर मुखिया पुष्पा देवी ने दर्जनों लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और लूंगी का वितरण किया। गरीबों को तन ढकने के लिए सरकार की ओर से यह योजना की शुरूआत की गई है। कहा कि सभी को सही तरीके से योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की तमाम लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पंचायत के विकास और पंचायत वासियों के बीच सामाजिक समरसता कायम करना उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अगस्त माह का राशन नहीं मिलने से लाभुको में आक्रोश है। परंतु इसकी शिकायत ऊंच अधिकारियों से की गई है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य निर्मला देवी, शिक्षक उमाशंकर सिंह, वार्ड सदस्य मनोरमा देवी,सविता देवी, बिपिन बिहारी सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### ब्लास्ट फर्नेस में लगी आग, केबुल जला कामगार सुरक्षित

**बोकारो।** बोकारो संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 01 के टुयर संख्या 17 में आज सुबह लगभग 10 .30 बजे अचानक आग लग गई। संचार प्रमुख मणिकांत धन ने बताया कि घटना की जानकारी सीआईएसएफ फायर ब्रिगेड को तुरंत दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुँच कर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। लगभग डेढ़ से दो घंटे के अंदर ही आग पूरी तरह बुझा दिया गया। इस घटना में कोई भी कामगार हताहत नहीं हुआ है। घटना में टुयर के केबुल जले हैं। अभी स्थिति बिलकुल सामान्य है। नाईट शिफ्ट के आरम्भ होने के समय तक आज ही रात ब्लास्ट फर्नेस 01 से प्रोडक्शन आरम्भ होने की सम्भावना है।

### पीएम के मन की बात कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**बोकारो।** आज मन की बात के 104वां संस्करण के लाइव प्रसारण में धनबाद सांसद पीएन सिंह बोकारो विधायक बिरंचि नारायण सांसद प्रतिनिधि भैया आरएन ओझा भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित लाल सिंह एवं भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम के लाइव प्रसारण बोकारो लोकेशन के समन्वयक कुमार अमित ने लाइव प्रसारण से बड़ी संख्या में बोकारो के महिला कारीगरों के लाइव जुड़ाव को गर्व का विषय बताया है। ये महिला कारीगर सेल के सीएसआर के द्वारा बोकारो के सेक्टर-2 और सेक्टर-9 के केन्द्रों में प्रशिक्षित की गईं है। ये दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाती हैं, जिनकी भारी मांग देश के अलावा विदेशों में भी है। यूरोप के अनेक देशों में इन वस्तुओं को निर्यात किया जाता है।

### बोकारो महिला समिति का सावन मिलन कार्यक्रम

**बोकारो।** बोकारो महिला समिति द्वारा बोकारो क्लब में सावन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष गण के द्वारा परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सावन मिलन के दौरान महिला समिति के सदस्यों द्वारा सावन गीत पर नृत्य प्रस्तुत किये गए तथा मेहंदी एवं सावन क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। मौके पर महिला समिति के द्वारा उत्पादित स्नैक्स तथा दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का स्टॉल भी लगाया गया। शुक्ला विस्वास सावन क्वीन चुनी गईं। दूसरे स्थान पर पूनम मिश्रा एवं तीसरे स्थान पर यामिनी रहीं। किरण मिश्रा, पूनम झा एवं सोनी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

### सामाजिक कार्यकर्ता जिरा देवी ने जदयू की सदस्यता ली

**कतरास।** रविवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। मिलन समारोह में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत राजगंज घावाचीता निवासी सामाजिक कार्यकर्ता जिरा देवी ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू बाघमारा प्रखंड के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर दास, सुभाष सिंह आदि उपस्थित हुए।

### सीआरएम-3 में इनपुट क्वायल हैंडलिंग और भंडारण की सुविधा

**बोकारो।** ईडी वर्क्स बीके तिवारी द्वारा बोकारो स्टील प्लांट के सीआरएम- 3 से क्वायल ले जाने वाले एक ट्रेलर को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर सीजीएम दीपक रॉय, जीएम केके सिंह व सीजीएम केके पांडेय तथा वरीय अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित थे। नए वैकल्पिक मार्ग का निर्माण संयंत्र के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर बिना किसी अतिरिक्त व्यय के बनाया गया है।

ड्रग इंस्पेक्टर और धनबाद केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में विचार-विमर्श

# दवा के एमआरपी पर डिस्काउंट देना गलत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** रविवार को जिले के तीन जोन के औषधि निरीक्षक रंजीत कुमार घनश्याम, राजीव एक्का के साथ धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने अध्यक्ष ललित अग्रवाल की अगुवाई में कोर्ट रोड स्थित औषधि निरीक्षक कार्यालय में एक बैठक की। सर्वप्रथम तीनों औषधि निरीक्षकों को संगठन के द्वारा शॉल और पौधा देकर सम्मानित किया गया। संगठन ने ऑनलाइन डिस्काउंट के मुद्दे पर औषधि निरीक्षक को अपनी समस्याएं उनके सामने रखी जिसपर औषधि निरीक्षकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत एमआरपी के ऊपर किसी भी प्रकार का डिस्काउंट देने का कानून नहीं है जो लोग दे रहे हैं वो गलत कर रहे है औषधि निरीक्षकों ने हमारे संगठन से एक सहयोग की अपील की कि अगर धनबाद जिले में कोई भी व्यक्ति दवा के नाम पर गलत काम करता है आपके संगठन को इसकी जानकारी मिलती है तो अभिलंब हमें सूचित करें ताकि संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। बैठक में चर्चा के दौरान सहमति बनी की धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन धनबाद जिले के तमाम दवा दुकानदारों को मेंबरशिप सर्टिफिकेट और एक आई कार्ड उपलब्ध कराए जिससे संगठन एवं अधिकारियों में एक समन्वय बना रहे। संगठन के पदाधिकारी ने औषधि निरीक्षकों से आग्रह किया गया कि धनबाद जिले के तमाम दवा दुकानदार भाइयों को आपके कार्यालय में अधिक समय नहीं लेते हुए उनके कार्य को आपके कर्मचारियों के सहयोग से जल्द से जल्द निष्पादन करने की मांग की।बैठक में और भी काफी गंभीर मुद्दों पर बाते हुई।बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, सचिव धीरज दास, उपाध्यक्ष राजीव गोयल,सुनील पोद्दार, अनुभव गोयल, अमित कुमार, विकास सरकार,संघठन सचिव नीलू सिंह, संजय श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी तरुण अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### मांग पर अब तक कोई पहल नहीं हुई



**पुटकी।** पुटकी पारवत पुल के पास जनता श्रमिक संघ के बैनर तले क्षेत्रीय अध्यक्ष रवि रंजन उर्फ बिटुटू उपाध्याय के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता के जरिय संघ के संरक्षक रूपेश पासवान ने बताया कि बीसीसीएल के गोपालीचक कोलीयरी पुटकी बलिहारी के द्वारा संचालित एसएनआरएसआईभीएस ए (जेभी) आउटसोर्सिंग कांपनी के द्वारा कोयला उत्खनन का काम बासदेवपुर में किया जा रहा है। कांपनी में आठ सूत्री मांगों को लेकर दिनांक 15 जुलाई 23 को आवेदन दिया गया था। मगर मांगो पर अभी तक कोई पहल नही किया गया। इससे बाध्य होकर संघ के द्वारा रविवार को आठ सूत्री मांगो को लेकर एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर यह घोषणा किया गया की आगामी 29 अगस्त को कंपनी कैम्प कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जाएगा। इससे भी आउटसोर्सिंग एवं बीसीसीएल प्रबंधक की नींद नहीं खुली और हमारे मांगो पर सकारात्मक विचार नहीं किया गया तों आगामी 6 सितंबर 2023 को रढफ्र आउटसोर्सिंग कंपनी का अनिश्चित कालीन का चक्का जाम कर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जबाव देही बीसीसीएल एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधक की होगी। प्रेस वार्ता मे रूपेश पासवान, रामु पासवान, बिक्की डोम, नीतीश रवानी, आदित्य पासवान, सुंदर भुईया, अजय रवानी,चिंटू रवानी, रंजीत यादव,विकाश यादव,रोहित यादव,कृष्ण मोहन,बिक्की जयसवाल, जीवनकृष्ण चौबे,राजू पासवान,चिंटू रवानी, कृशणा पाल,राजन अहमद,अजित पासवान, ब्रिकम कुमार आदि संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिरिडीह : अवैध लॉटरी टिकट का मास्टरमाइंड डब्बू गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहरी क्षेत्र में अवैध लॉटरी टिकट के धंधेबाजों के खिलाफ एसपी के निर्देश पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। 26 अगस्त की देर शाम चलाए गए इस अभियान में लॉटरी टिकट का कारोबार के मास्टरमाइंड डब्बू अग्रवाल को नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही डब्बू अग्रवाल की निशानदेही पर पुलिस ने मुफस्सिल थाना इलाके के झगरी में मास्टरमाइंड के ऑफिस में छापामारी कर भारी मात्रा में लॉटरी टिकट, कंप्यूटर, टिकट बेचने और खरीदने वाले लोगों के नाम लिखी कागजात, इंनर्वटर सेट, कॉपी, पेड सहित कई अन्य सामान बरामद किया है। हालांकि इस दौरान मौके पर मौजूद लोग भाग निकले।

पुलिस की यह पूरी कार्रवाई मजिस्ट्रेड के नेतृत्व में की गयी.पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड शहर के बड़ा चौक निवासी डब्बू अग्रवाल बताया जाता है। डब्बू अग्रवाल के शह पर ही पूरे इलाके में हर दिन बड़े पैमाने पर लॉटरी टिकट का कारोबार होता है. शहरी क्षेत्र में कोलकाता व नागालैंड से मंगाई गयी लॉटरी टिकटों की बिक्री होती है. यहां हर दिन लाखों रुपए का लॉटरी टिकट बेचा जाता है. इसके लिए कई काउंटर बनाये गये है, जिसमें बकायता कंप्यूटर सेट लगाकर पूरा लेखा-जोखा रखा जाता है. लॉटरी के इस अवैध कारोबार में सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही 50 से अधिक युवा काम करते हैं, जो सुबह और शाम काउंटर के अलावा चौक-चौराहों पर घूमकर लॉटरी टिकट बेचते हैं।

## बाल विवाह उन्मूलन पर मधुडीह कदमटांड़ में कार्यशाला आयोजित

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा बाल विवाह उन्मूलन को लेकर तेतुलिया-2 पंचायात अंतर्गत मधुडीह कदमटांड़ में किशोरी मंडल के सदस्यों एवं महिलाओं के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में उपस्थित ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि बाल विवाह को लेकर समझ और सजग बनाना है। आगे बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं खतरों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। आगे कार्यशाला में उपस्थित परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि बाल विवाह के कारण अंधेरी दुनिया में गुम हो जाती है बच्चों का बचपन, शिक्षा से कोसों दूर और खुशियों से महरूम हो जाता है उनका जीवन। बाल विवाह सरासर बच्चों के खिलाफ अत्याचार है। बाल विवाह करने व कराने वाले समान रूप से दोषी होते हैं। इसलिए कहीं पर भी यदि बाल विवाह होता है तो टोल फ्री नंबर पर कॉल करें या ग्राम बाल संरक्षण समिति के सदस्यों को सूचित अवश्य करें।

**मौके पर थे मौजूद**

कार्यशाला में पुजा कुमारी माला देवी,गुलनाज बानों, आशा देवी, सीमा कुमारी, स्नेहा कुमारी सोनिया कुमारी जूही कुमारी सुनीता कुमारी कुसुम कुमारी भवानी देवी सुनीता देवी शांति देवी गीता देवी सुनीता देवी ठंडत्रामणि देवी सुप्रिया देवी बसंती देवी रेवती देवी सावित्री देवी गुलाबी देवी तृप्ति देवी सुलेखा कुमारी रीता देवी मौजूद रही।

## राजीव गांधी की तस्वीर से छेड़छाड़ पर केस

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करायी एफआइआर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



थाना में केस दर्ज करवाते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

**बोकारो।** बोकारो हवाई अड्डे के सामने स्थित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर क्षतिग्रस्त करने एवं छेड़छाड़ के विरोध में युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव देव शर्मा की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सिटी थाना पहुंचकर अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने हेतु आवेदन सुपुर्द किया। इस दौरान देव शर्मा ने कहा कि बोकारो हवाई अड्डा के सामने वर्षों पहले से भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तस्वीर स्थापित की गई है। बार-बार असामाजिक तत्वों द्वारा उनकी तस्वीर गायब करने का कुकृत्य किया जा रहा है। इस घटना से हम सभी कांग्रेसी आहत हैं, जिससे जिले में तनाव की स्थिति पैदा हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि बोकारो प्रबंधन भी मूकदर्शक बना है।

### डीपीएस चास के अथर्व को जूडो में कांस्य

**बोकारो/चास।** डीपीएस चास के छात्र अथर्व कुमार को बोकारो जिला जूडो संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के 30 किलोग्राम से कम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल करने पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 25 स्कूलों के 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस दौरान विद्यालय के खेल शिक्षक सह कोच राहुल प्रताप, संगीत शिक्षक सुबोजीत मिश्रा मौजूद रहे।

## केबी कॉलेज की टीम ने जीता वॉलीबॉल टूर्नामेंट



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** रविवार को केबी कॉलेज मे आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट के दूसरा फाइनल खेल के बाद यह टुर्नामेंट का समापन हो गया। इसमें जिसमें के०बी० कॉलेज बेरमो ने पी०के०रॉय कॉलेजए धनबाद को हराकर चैंपियन बना। बताता चलू की सातवां खेल चास कॉलेज चास बनाम गुरू नानक कॉलेज धनबाद पुरुष वर्ग के बीच हुआ जिसमें गुरू नानक कॉलेज धनबाद वॉक ओवर रही।जबकि आंठवा खेल पी के रॉय कॉलेज धनबाद बनाम आर वी एस कॉलेज चास कॉलेज पुरुष वर्ग के बीच हुआ जिसमे पी के रॉय मेमोरियल धनबाद 26 24 से विजय हुई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ० बी० एन० रजवार के हाथों पुरस्कार वितरण करवाया गया। उन्होंने पुरस्कार वितरण करते हुए कहा कि .ष खेल को खेल के रूप में लेना चाहिए य जीत हार तो खेल का भाग है एक हारेगा तो एक जीतेगा यह निश्चित है। इसलिए हारने वाले को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए निरंतर प्रयास से उन्हें सफलता मिलेगीष विजेता टीम के खिलाड़ियों एवम नेतृत्व रुद्र प्रताप यादव कप्तान ए आकाश कुमार टीम कोचए आफताबए आर्यन वर्माए हिमांशु रंजन पांडेए करण कुमार साहूए आदित्य राजए सिंटू कुमारए एस एम राशिदए गोपाल सिंहए निखिल अग्रवालए टीम मैनेजर प्रो मनोहर मांझी शामिल थे। वरिष्ठ प्राध्यापक सह दो दिवसीय वॉलीबाल टूनार्मेंट आयोजन के अध्यक्ष प्रभारी प्रो० एल०एन० राय ने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है इस प्रकार के खेल के आयोजन से प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता हैष्खेल प्रभारी प्रो० नितिन चेतन तिग्गा ने कहा कि ष्खिलाड़ियों को हमेशा अपने खेल भावना को बनाए रखना चाहिए और अनुशासन उनकी सबसे बड़ी पहचान है।

## पीएम के सिंदरी आने का कार्यक्रम अभी तय नहीं

**हर्ल एमडी ने बताया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** हर्ल प्रबंध निदेशक (एमडी) शिब प्रसाद मोहंती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंदरी दौरा को लेकर फैले भ्रामक खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर अभी समय निर्धारित नहीं हुआ है। उन्होंने दूरभाष पर रविवार को बताया कि ऐसी कोई जानकारी केन्द्रीय रसायन एवं उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा ने भी मुझसे साझा नहीं की है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय रसायन उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया किसी अन्य कार्यक्रम में कोलकाता से अहमदाबाद जाने के कारण शुक्रवार को सिंदरी नहीं आ सके। उनका धनबाद और हर्ल सिंदरी का दौरा जल्द होगा और इसकी जानकारी जल्द साझा की जाएगी। उन्होंने हर्ल सिंदरी में बन रहे हैलीपेड पर बताते हुए कहा कि एसपीजी की टीम आने पर प्रधानमंत्री का विमान उतरने के लिए जगह निर्धारित होगी। टीम ही तय करेगी कि हर्ल में निर्मित हो रहे हैलीपेड या अन्य स्थान पर विमान को उतारा जा सकता है। उन्होंने हर्ल सिंदरी खाद कारखाना को व्यवस्थित बताया। उन्होंने कहा कि पूरी टीम एकजुट होकर काम कर रही है और यह उसका सुखद परिणाम है। हर्ल सिंदरी से सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड का उत्पादन जल्द करने के लिए तैयारी की जा रही है। बताते चलें कि हर्ल एमडी शिब प्रसाद मोहंती ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चैयरमैन सह सीएमडी भी हैं।

## धनबाद : झरिया समृद्धि शाखा ने निकाली साइक्लोथॉन रैली 3.0

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** खेल दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट को गति प्रदान करने के लिए पूरे देश में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की लगभग 800 से भी अधिक शाखाओं ने 27 अगस्त को एक साइक्लोथोन रैली 3.0 का आयोजन किया गया।इसी मुहिम के तहत रविवार को सुबह 7:00 बजे धनबाद कोयलांचल शाखा और झरिया समृद्धि शाखा के संयुक्त तत्वाधान के तहत मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम साइक्लोथोन 'फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज' को धनसार चौक से शुरू कर के जेपी चौक होते हुए वापस प्रारंभिक बिंदु धनसार चौक तक किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत के प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी को दोनो शाखा के अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। रविवार को लगभग 40 बच्चों के साथ इस कार्यक्रम को किया गया जिसमें तीन सर्वश्रेष्ठ बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

### एक नजर में

### कसमार : बालविवाह पर नाटक का मंचन

**बोकारो/कसमार।** कस्तूरबा बालिका विद्यालय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कसमार में हर्ष जोहार पाठ्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम तथा पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग के दौरान छात्राओं द्वारा बाल विवाह पर आधारित लघु नाटक का मंचन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 23 अगस्त से 29 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम में रक्षाबंधन को सुरक्षा के बंधन के रूप में मनाया जा रहा है तथा बच्चियों को आत्मरक्षा हेतु कराटे का प्रशिक्षण विद्यालय में दिया जा रहा है। मौके पर बोकारो जिला के तिलोत्तमा सिंह 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह अभिभावक दिलीप हेंब्रम कस्तूरबा बालिका विद्यालय के वार्डन सावित्री हेम्ब्रम शिक्षक वासुदेव नायक शिक्षिका आराधना बारला रूपी रॉय के आलावा अभिभावक अनिल टुडू, महावीर महतो, कंचन देवी, संतोष महतो, शांति देवी, अनिता देवी, सरस्वती देवी, धीरेन महतो, राजेश गोसाई, सुभाष महतो, बेबी देवी, निर्मल मुंडा, सुमित्रा देवी, सरिता देवी, लक्ष्मी अखिलेश्वर महतो, सुनीता देवी उपस्थित थे।

### उद्योगों के लिए हरित प्रौद्योगिकी पर संगोष्ठी

**बोकारो।** इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया बोकारो लोकल सेंटर द्वारा सेल बोकारो स्टील प्लांट के सहयोग से औद्योगिक इकाइयों में पर्यावरण सम्मत प्रणालियों के एकीकरण के विषय में मंथन करने हेतु पेशेवरों विशेषज्ञों और शिक्षाविदों के लिए एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से दो दिवसीय अखिल भारतीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ईडी बीके तिवारी बोकारो स्टील प्लांट व बतौर विशिष्ट अतिथि सीईओ बीपीएससीएल अनिंदा दास द्वारा किया गया। जीएम ईसीएस एनपी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी और सभी को इस सेमिनार से अधिकतम लाभ प्राप्त करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय की मांग हैं। उन्होंने बताया कि इससे सेमिनार में प्रतिभागियों और कॉर्पोरेट को उद्योगों के लिए सस्टेनेबल और हरित प्रौद्योगिकी के बारे में नवीनतम जानकारी मिल सकेगी। विशिष्ट अतिथि अनिंदा दास ने सस्टेनेबल प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर दिया। आयोजन समिति के सचिव और सीजीएम वीपी उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा पर्यावरण मित्र चौक स्थित पर्यावरण मित्र वाटिका में तीन दिवसीय मनोकामना सिद्धि देववृक्ष कल्पतरु महोत्सव का आयोजन दिनांक 27 से 29 अगस्त तक किया गया है। संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 27 अगस्त को प्रातः 7.00 बजे से कल्पतरु के मूल में भगवान विष्णु का 28 को तना भाग में भगवान ब्रह्मा का एवं 29 अगस्त को कल्पतरु के शाखाओं में भगवान शिव के पूजनोपरांत महा जलाभिषेक होगा। इसके बाद मनोकामना सिद्धि प्रार्थना कर मनोकामना सूत्र बांधा जाएगा। पूजन कार्यक्रम में भाग लेने वाले पुरुष को धोती-कुर्ता और महिलाओं को साड़ी पहने हुए होना अनिवार्य है। बैठक में संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा, मुकुल कार्यकारी अध्यक्ष रघुबर प्रसाद, उपाध्यक्ष अखिलेश ओझा, संयुक्त सचिव अभय कुमार गोलू, जल संरक्षण अभियान संयोजक अजीत भगत और नशा मुक्ति अभियान संयोजक लक्ष्मण शर्मा सहित अतिथि के रूप में डॉ अनुपम ओझा उपस्थित रहे।

## बरवा पूर्व से सहराज तक जल्द सड़क निर्माण करने की मांग

**गोविंदपुर।** जीटी रोड बरवा पूर्व से झिलुवा होते हुए सहराज तक सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। इस कारण लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और इस बारिश में इन गडढो में जल जमाव हो जा रहा है। इससे दो पहिया वाहन वालों को फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। इस सड़क से होकर प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही होती है। ग्रामीण क्षेत्र की यह लाइफ लाइन सड़क है । बावजूद सड़क की स्थिति चौपट है। तत्कालीन विधायक फूलचंद मंडल के समय आरईओ से इस सड़क का निर्माण हुआ था। निर्माण के करीब 15 वर्ष हो गए, परंतु सड़क की आज तक मरम्मत नहीं हो पाई है। इस कारण सड़क का नामोनिशान खत्म होता जा रहा है। कालाडाबर पंचायत की मुखिया सावित्री देवी ने रविवार को सड़क की जर्जर स्थिति दिखाते हुए कहा कि इसपर चलना ग्रामीणों का दुभर हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी ग्रामीणों ने इस सड़क की मरम्मत के लिए आवेदन दिया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरईओ के कार्यपालक अभियंता से इस सड़क निर्माण करने की मांग की है ।

## जयंती पर याद किये गये सर दोराबजी टाटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




जामाडोबा के सर दोराबजी टाटा पार्क में जयंती मनाते लोग।

**झरिया।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने रविवार को जामाडोबा के सर दोराबजी टाटा पार्क में अपने पहले चेयरमैन सर दोराबजी टाटा को उनकी 164वीं जयंती के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। टाटा स्टील के झरिया डिवीजन के जेनरल मैनेजर संजय राजोरिया ने डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों के साथ पार्क में सर दोराबजी टाटा को पुष्पांजलि अर्पित की, जिसका नाम उनके सम्मान में रखा गया है। कर्मचारियों को अपने संबोधन में, राजोरिया ने सर दोराबजी टाटा के जीवन के मील के पत्थर और उपलब्धियों को याद किया और उपस्थित सभी लोगों से उनके दृष्टिकोण और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग की, जो आज भी बेहद प्रासंगिक बने हुए हैं।

### कार्यक्रम में ये लोग हुए शामिल

इस अवसर पर नरेंद्र कुमार गुप्ता, चीफ जामाडोबा ग्रुप, झरिया डिवीजन, मयंक शेखर, चीफ, सिजुआ ग्रुप, झरिया डिवीजन, बरुण बनर्जी, हेड,सेफ्टी, झरिया डिवीजन, संतोष महतो, रीजनल सेक्रेटरी, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन और कई अधिकारी, झरिया डिवीजन के यूनियन प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठा कलश यात्रा में शामिल हुईं रागिनी सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धनबाद के न्यू मुरली नगर में निकली कलश यात्रा में शामिल लोग।

**धनबाद।** रविवार को धनबाद न्यू मुरली नगर,कोयला नगर में आयोजित श्री श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आज सैकड़ों की संख्या में स्थानीय महिला एवं पुरुष श्रद्धालुगण ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। जहां लोगों ने सर पर कलश लेकर न्यू मुरली नगर से सिंह मैंसन स्थित सूर्यदेव सरोवर पहुंचे।भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने उपस्थित सभी श्रदालुओ का स्वागत अभिनंदन किया।वहीं पंडितो के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण कर पूरे विधि विधान के साथ कलश पूजन पूर्ण कर जल भरी कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं रागिनी सिंह ने उपस्थित महिला श्रद्धालुओं के साथ तालाब से कलश में जल भरकर वापिस मंदिर प्रांगण के लिए कलश यात्रा में सामिलित हुई। रागिनी सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य रूप से सुजित कुमार वर्मा, प्रभु राम, राधेश्याम पंडित, रामशरण पाल, संजय बरनवाल, प्रदीप बरनवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक ने किया प्रसाधन केंद्र का उद्घाटन

**झरिया।** झरिया विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह ने बराकर (पश्चिम बंगाल ) मे अनवी ग्लामौर ब्युटी पार्लर का फीता काट कर उद्घाटन किया। मौके पर जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सुभाष सिंह, वार्ड न 66 के पार्षद अशोक पासवान, पूर्व स्थानीय पार्षद मो मुस्लिम, पूर्व पार्षद दिवंगत खालिद खान की पत्नी रजिया खालिद, अशोक सुहासरिया जनता मजदूर संघ के चॉच विक्टोरिया क्षेत्र के अध्यक्ष चन्द्रदेव प्रसाद, जनता मजदूर संघ के दहीबाड़ी कोलियरी के सचिव ब्रह्मदेव गोप, दामागोरिया कोलियरी के सचिव विधान मंडल, लायकडीह 2 एमभी स्टेशन शाखा सचिव शम्भु पासवान, मुगमा क्षेत्र के अध्यक्ष अरुण सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, रेखा देवी, चिरकुण्डा के गोपाल सिंह, सुरेश सिंह के अलावा बराकर के गणमान्य उपस्थित थे।



स्पीड न्यूज

## बूथ 44 पर सुनी मन की बात



रामगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को जिला महामंत्री रंजन फौजी के नेतृत्व में बूथ संख्या 44 पर बूथ अध्यक्ष रवि सिंह, रामगढ़ कैंट मंत्री अजीत गुप्ता, जवाहर राय, तपन चक्रवर्ती, फनिंदर सिंह, सुमित दास, राजू गुप्ता, आकाश गुप्ता, नीरज सिंह, शैलेंद्र राय, पंकज दांगी, उपेंद्र साव, प्रमोद कुमार इत्यादि कार्यकर्ताओं के साथ सभी ने सुना। जिला महामंत्री रंजन फौजी ने कहा कि जिस तरह से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान का चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करा इतिहास रच विकसित भारत का शंखनाद किया है, उसी तरह भारत के नागरिक अपने सनातन ज्ञान का उपयोग कर मां भारती को परम वैभव पर पहुंचने के लिए कृत संकल्पित हो।

## बासल में कांवरियों संघ का स्वागत



बासल (रामगढ़)। महाकाल युवा कांवड़िया संघ के बड़कागांव से पैदल यात्रा करते हुए भुरकुंडा पहुंचने पर शनिवार को भुरकुंडा के समाजसेवियों ने पप्पू सिंह के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समाजसेवी संघ द्वारा कांवड़ियों को रात्रि में भोजन कराया गया। साथ ही करीब 300 से 400 लोगो को रात्रि में विश्राम करने की व्यवस्था भी कराई गई। वहीं सुबह में कावंड़ियों को खिचड़ी, चाय और बिस्कुट देकर विदा किया गया। भुरकुंडा के समाजसेवियों की इस बेहतर व्यवस्था के लिए कांवड़िया संघ ने प्रशंसा करते हुए उनके प्रति आभार जताया। साथ ही अगले वर्ष सावन माह में फिर यहां आने की बात कही। मौके पर समाजसेवी पप्पू सिंह ने बताया कि व्यवस्थापको ने संघ की बेहतर व्यवस्था के लिए पूरी रात जागकर उनकी सेवा की है। रात्रि 1 बजे तक कांवड़ियों को भंडारा का प्रसाद खिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भुरकुंडा रेलवे लाइन निवासी समाजसेवी पप्पू सिंह, सुनील कुमार सिंह, यशवंत विश्वकर्मा, बसंत विश्वकर्मा, रामाधार विश्वकर्मा, भोलू, राजेश अग्रवाल, योगेश दांगी, गौरव सिंह, अजय कुमार, संतोष कुशवाहा, सिकंदर कुमार, सुमित अग्रवाल, कमलेश ठाकुर, संतोष अग्रवाल, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

## जय शिव सूर्यवंशम दुग्ध केंद्र खुला



दारू। प्रखंड अंतर्गत झुमरा के तिलैया में जय शिव सूर्यवंशम दुग्ध अवशीतन केंद्र का उद्घाटन हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे, पूर्व आईजी दीपक वर्मा के हाथों फीता कटवाकर किया गया। मौके पर बनास डेयरी (अमूल) के पदाधिकारीगण दीपक वर्मा (आईपीएस) पूर्व आईजी, डॉक्टर प्रफुल्ल भानवडिया महाप्रबंधक, डॉक्टर सुरेंद्र बहादुर सिंह ओ एस डी यूपी, जे एन पटेल वि. पदा. झारखंड एवं उड़ीसा, शीला सिंह, डॉ विजय शंकर नारायण सिंह, निधि सिंह दीपक सिंह, डॉ पूजा प्रिया, प्रकाश सिंह, विकास सिंह एवं फैक्ट्री के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्लांट किसानों के लिए एक पथदर्शक का कार्य करेगा क्षेत्र के किसान इतना अधिक दुग्ध उत्पादन करें कि इस प्रखंड का नाम दारू से बदलकर दूध से संबंधित कोई नाम रखा जा सके। जय शिव सूर्यवंशम के मालिक डॉक्टर विजय शंकर नारायण सिंह ने कहा कि प्रखंड के किसानों को दूध बेचने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है हमारी कंपनी उसके घर से ही दूध खरीदेगी और दूध के कीमत अन्य कंपनियों से अधिक मूल्य भी देगी।

## राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम का स्वागत



भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज का विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की तीन सदस्यीय टीम का 25 से चले रहे दो दिवसीय मूल्यांकन कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। मूल्यांकन में तीन सदस्यीय टीम में रमेश चन्द्र मिश्रा कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर, भास्कर सेजवाल प्रो मनोविज्ञान विभाग एसपी विश्वविद्यालय पूणे और गणेश चेंगाले निदेशक सेवानिवृत स्कूल अफ बिजनेस मैनेजमेंट तिरुअनंतपुरम शामिल थे। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की टीम ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया। टीम ने महाविद्यालय के आधारभुत संरचनाओं, विभिन्न विभागों के निरीक्षण, पुस्तकालय और प्रशासनिक विभाग सहित अन्य सम्पतियों का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही महाविद्यालय परिवार को कई दिशा निर्देश, सुझाव और कमियों को दूर करने की बात कही। निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुषांगिक इकाई राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद को सौंपेगी। इसके पूर्व परिषद के सदस्यों को महाविद्यालय परिवार द्वारा पारंपारिक नृत्य के साथ स्वागत किया। मौके पर प्राचार्य एनके तिवारी, एसकेएस झा, राजेश कुमार, एसएस पांडेय, बी रविदास, एके मिश्रा, मनोज कुमार, विभा देवी सहित दर्जनो छात्र मौजूद थे।

## भाजपाईयों ने सुनी मोदी के मन की बात



भदानीनगर (रामगढ़)। भारतीय जनता पार्टी ने शक्ति केंद्र लपंगा पंचायत के बूथ संख्या 415, 416, 417 एवं 418 में रविवार को बूथ अध्यक्षों के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। डीएमएफटी फंड के सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, पंचायत के प्रभारी सह भाजपा भदानीनगर मंडल महामंत्री सागर कुमार दांगी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लोगों से भाजपा के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। सुमन सिंह ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के साथ क्षेत्र का चहंमुखी विकास व विभिन्न विकास योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

# बदलते मौसम में बच्चों का रखें विशेष ख्याल

### शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बीरेंद्र ने कहा-खानपान का रखें विशेष ध्यान

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। जिसका सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। मौसम के इस तरह बदलाव से बच्चों को सर्दी, जुकाम, बुखार के साथ सिर दर्द जैसी समस्याएं हो सकती है। बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही पैरेंट्स उन्हें डॉक्टर के पास लेकर भागते हैं। शहर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बीरेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश का समय बच्चों के लिए ज्यादा उतार-चढ़ाव वाला रहता है। चूंकि इस समय



सर्दी और गर्मी दोनों मौसम रहता है, इसलिए बच्चों की सेहत ज्यादा प्रभावित होती है। डॉ बीरेंद्र ने कहा कि मौसम में बदलाव के दौरान बच्चों के खानपान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस मौसम में बच्चों को तली-

**भुनी चीजे नहीं दें और ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल खाने में दें**

भुनी चीजों से जितना दूर रख सकते हैं, उतना दूर रखें। उन्हें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल ही खाने में दें। ज्यादा भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जाने से परहेज रखना जरूरी है। वायरल इंफेक्शन से बचने का यह सबसे कारगर उपाय है। संक्रमण की स्थिति में बच्चों को स्कूल न भेजने की सलाह दी।

**साफ-सफाई करें :** किसी भी तरह की बीमारी से बचने के लिए साफ-सफाई का विशेष महत्व है। डॉक्टर ने कहा कि बच्चे की इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर होने के कारण सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है।उन्हें ठंडी चीजों से दूर रखने की कोशिश करें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। उन्हें खाने में तैलीय व मसालेदार भोजन न दें। इससे बच्चों का पाचन शक्ति कमजोर हो सकता है। खाने में ऐसा भोजन दें, जो आसानी से पच जाएं।

# विधायक ने कुंडवा में स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा में विधायक उमाशंकर अकेला ने उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण योजना का शिलान्यास किया। इस योजना का निर्माण भवन निर्माण योजना अंतर्गत 56 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से कराया जाना है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि उनकी इच्छा है कि बरही विधानसभा क्षेत्र में बेहतर योजनाओं के माध्यम से विकास की गति तेज हो। विधायक श्री अकेला ने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण होने से आस पास के लोगों को प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने लोगों को संबोधित

**बरही विधान सभा क्षेत्र में विकास की गति होगी तेज : उमाशंकर अकेला**



करते हुए बताया कि बरही विधान सभा क्षेत्र में विकास की गति को तेज करना है, ताकि योजना का लाभ लोगों को जल्द से जल्द मिल सके। खोड़ाहर पंचायत अंतर्गत दौरवा जगदीश उरांव व कुंडवा में प्रदीप यादव के जनवितरण दुकान में कार्डधारकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य के वृद्ध, असहाय व गरीबों के लिए सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी और जन कल्याणकारी योजना लाया गया है। जिसका लाभ गरीब असहाय को मिले, कोई भी व्यक्ति सरकार की योजना से वंचित न रहे।मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, भाजपा कार्यसनीति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधायक जिला प्रतिनिधि वासुदेव यादव, संवेदक उपेंद्र मेहता, पदमा विधायक प्रतिनिधि अनिल मेहता, वीरेंद्र यादव, अशोक सिंह, मोहम्मद वारिस, राजेश उरांव, प्यार यादव, विकास यादव, जानकी यादव, संजय साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ओवरब्रिज बनाने को ले सांसद को सौंपा पत्र

रजरप्पा। भाजपा किसान मोर्चा के रामगढ़ जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल द्वारा हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात की. जिसके बाद बरकाकाना-मुरी रेलवे खंड के बीच लारी में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा. इस दौरान सांसद द्वारा आश्वासन मिला कि मैं ग्रामीणों की भलाई के लिए रेल मंत्री से बात करूंगा और यथावत प्रयास करूंगा कि लारी में जल्द से जल्द रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का काम शुरू हो. ताकि लारी एवं सुकरीगढ़ा की ग्रामीणों का परेशानी दूर हो. बताते चले कि रेलवे की सुरक्षा, ग्रामीणों की असुविधा को देखते हुए ओवरब्रिज बनाने की मांग की।

# सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो.रामानुज सिंह, जेपी पांडेय, पिन्कू वर्णवाल एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू द्वारा 150 गरीबों के बीच पुरी, सब्जी, जलेबी व हलुआ का वितरण किया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि आज का कार्यक्रम पटेलनगर भुरकुंडा निवासी पिंकू वर्णवाल के सहयोग से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है जो निरंतर जारी रहेगा। नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीत यादव, डॉ जयश्री मेहता, आरपी राणा, राकेश शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, लालू उरांव, विरेन्द्र पांडेय, रेणुको देवी, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## रामगढ़ कैंट मंडल में पीएम के मन की बात सुनी



**रामगढ़। रामगढ़ कैंट मंडल के बूथ संख्या 10 एवं 11 के समीप रविवार को रामगढ़ कैंट महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में लोहार टोला के प्रसाद मॉर्केट परिसर में देश के नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 104 वां संस्करण सुना गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल,अमित श्रीवास्तव,योगेंद्र साव, विजय सोनी, संजय श्रीवास्तव,संजीत विश्वकर्मा मौजूद थे।**

## चरही में वाहन चोर गिरोह के सात सदस्य गिरफ्तार, छह बाइक बरामद

चरही। शनिवार को चरही पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की एक बाइक के साथ दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों बाइक चोर के निशानदेही पर पुलिस ने छापेमारी कर पांच बाइक भी बरामद की। जानकारी देते हुए चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने बताया कि शनिवार को रात 10: 30 बजे चरही पुलिस द्वारा थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चला रखी थी।इसी दौरान दो व्यक्ति वाहन चेकिंग को देखकर बाइक सहित भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस की गश्ती गाड़ी से इनका पीछा कर धरदबोचा।इनके पास मोटर साइकिल होंडा साइन के नंबर प्लेट घिसा हुआ पाया गया। पुलिस द्वारा कागजात की मांग करने पर नही दिखाया गया।सख्ती से पूछताछ करने पर दोनो ने स्वंय कबूल किया कि ये चोरी का मोटर साइकिल है।जिसे बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। कड़ी पूछताछ करने के उपरांत अन्य चोरी के बाइक के बारे में दोनों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दिया।गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान आंगो थाना क्षेत्र के गोंदवार गांव के पिंटू कुमार महतो एवं रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी गांव के सरताज अंसारी के रूप में हुई। पुलिस ने गिरफ्तार बाइक चोर के निशानदेही पर चरही थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी अशलोक कुमार, कुंदन कुमार एवं अनिल कुमार जबकि आंगों थाना क्षेत्र के गोंदवार निवासी छोटेलाल मरांडी एवं सोनू हंसदा के घर पर छापेमारी कर पुलिस ने उक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर, चोरी की अन्य पांच बाइक भी बरामद किया है।

## युवा समाजसेवियों चंद्रयान-3 टीम के सदस्य रोहित के माता-पिता को दी बधाई



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा क्षेत्र के युवा समाजसेवियों की टीम ने रविवार को चंद्रयान-3 के टीम के सदस्य पटेलनगर भुरकुंडा निवासी रोहित गुप्ता की अनुपस्थिति में उनके पिता राजेश गुप्ता व माता ललीता देवी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर समाजसेवियों ने कहा कि ये गौरव की बात है की भुरकुंडा के युवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रह हैं। आज पुरा देश चंद्रयान की सफलता पर खुशी मना रहा। चंद्रयान-3 में भुरकुंडा की मिट्टी की खुशबू यहां के युवाओं ने बिखेरी है। रोहित गुप्ता ने भुरकुंडा वासियों के लिए गर्व का अनुभव कराया है। जिससे पूर देश गौरवान्वित है। चंद्रयान-3 के लिए पूरी टीम को देश की जनता की ओर से हार्दिक बढ़ाई है। चंद्रयान-3 की सफलता के कारण पूरा विश्व आज भारत की प्रतिभा का लोहा मान रहा है। कहा गया कि चंद्रयान-3 की टीम में महिला वैज्ञानिको का भी मुख्य योगदान रहा है। मौके पर युवा समाजसेवी सह आजसू नेता संतोष अग्रवाल, आजसू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अवितेश सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष बिट्ठू सिंह, भाजपा नेता सलिल मोहन सिन्हा, कपड़ा बैंक संस्थापक सदस्य पंकज कुमार, उपमुखिया राजकुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि रोशन नायक सहित कई लोगों हर्ष व्यक्त करते रोहित गुप्ता के माता-पिता को बधाई दी।

# चंद्रयान-3 से जुड़े आदित्य के माता-पिता सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा रामगढ़ जिला की टीम ने रविवार को चंद्रयान-3 के टीम के सदस्य जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी आदित्य राज सिन्हा को उनके अनुपस्थिति में उनकी माता उषा सिन्हा व पिता सुबोध कुमार सिन्हा को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर युवा मोर्चा के संयोजक संजीव कृष्ण जमुवार ने कहा कि ये गौरव की बात है की भुरकुंडा के युवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। पूरा देश चंद्रयान की सफलता पर खुशी मना रहा है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि



चंद्रयान-3 में भुरकुंडा की मिट्टी की खुशबू यहां के युवाओं ने बिखेरी है। आदित्य राज सिन्हा ने भुरकुंडा वासियों के लिए गर्व का अनुभव कराया है। उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा ने कहा कि पूरा देश गौरवान्वित है। चंद्रयान-3 की सफलता के लिए पुरी टीम को देश की जनता की ओर से हार्दिक बढ़ाई है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनामिका श्रीवास्तव ने कहा की चंद्रयान-3 की सफलता के कारण पूरा विश्व आज भारत की प्रतिभा का लोहा मान रहा है।

**चंद्रयान-3 में भुरकुंडा के लाल ने किया कमाल : विश्वरंजन सिन्हा**

चंद्रयान-3 की टीम में महिला वैज्ञानिको का भी मुख्य योगदान रहा है। मौके पर युवा मोर्चा के संयोजक संजीव ष्ण जमुवार, जिलाध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनामिका श्रीवास्तव, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुमित रंजन, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मनोज सिन्हा, उपाध्यक्ष सलिल मोहन सिन्हा, समाजसेवी भुवनेश्वर मेहता, समाजसेवी पंकज कुमार, महामंत्री संतोष कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी मनोज सिन्हा, जिला मंत्री सुमित बख्शी, उपाध्यक्ष अजित सिन्हा, आदित्यराज की बहन अंजलि सिन्हा सहित कई लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## अखंड हरिकीर्तन में शामिल हुए पूर्व विधायक



बरही। प्रखंड के दुलमाहा मंदिर, करियातपुर भगवती मंदिर व पडरिमा शिव मंदिर में एक दिवसीय अखंड हरिकीर्तन में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन के आयोजन से सर्वशक्तिमान भगवान के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती है। इतना ही नहीं लोगों के मन को शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि अखंड हरि कीर्तन होने से अध्यात्मिक चेतना में विकास होता है।परिवार जा प्रत्येक सदस्य संस्कारयुक्त होता है।साथ ही सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होता है।उन्होंने विभिन्न गांव के सभी लोगों से अखंड हरि कीर्तन में भाग लेने की अपील की।उनके द्वारा अपील किये जाने के कारण आस पास के गांवों के भी भक्तों ने भाग लिया। पूर्व विधायक ने विभिन्न भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को खूब झुमाया और लोग आनंदित हो उठे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कैलाश ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## राजसिंह चौहान के नेतृत्व में रोड की मरम्मति शुरू



बरही। प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के शंकर साहू के घर से पांडेय आहार तक सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान के नेतृत्व में पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम एवं पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर के सहयोग से अपने निजी खर्च से रोड में मिट्टी मोरम गिराकर रोड मरम्मती कार्य कराया, जिससे ग्रामीणों ने सामाजिक कार्यकर्ता व पंचायत प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्य में मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, टिंकू पासवान, संतोष केसरी, विवेक कुमार, दयानंद यादव, उदय ठाकुर सहित अन्य ने सहयोग किया।बतातें चले कि सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान ज द्वारा नित्य सामाजिक कार्यों में पूरी भागीदारी रही है।उनके द्वारा जनहित से जुड़े मामलों में भी आमजनों को अर्थिकरूप से व शरीरिकरूप से लोगों को सहयोग मिलता रहा है।देश के सामने विकट परस्थिति कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने लोगों को खुलकर मदद किया था।जिसके कारण आज भी लोगो को उनके प्रति सम्मान का भाव बना रहता है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने जीता द्वितीय पुरस्कार



हजारीबाग। राधा कृष्ण सेवा संस्थान, मधुबन रविन्द्र पथ हजारीबाग में रविवार श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित लघु नाटक में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग के बहनों ने (कृष्णा सुदामा मिलन) लघु नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के बहनों के द्वारा लघु नाटिका प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अधिकारियों एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## केंद्रीय टीम ने की हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की समीक्षा



ईचाक। नेशनल इनक्वाइस के तहत केंद्रीय टीम के सदस्यों के द्वारा ईचाक प्रखंड अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर , दरिया का समीक्षात्मक जांच किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन एसपी सिंह, टीम के सदस्य डॉ अमिताभ शाह एवं डॉ शुभ्रा ज्योति राव का स्वागत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने किया। टीम के सदस्यों ने वेलनेश सेंटर दरिया में संचालित सभी तरह के स्वास्थ्य गतिविधियों और दस्तावेजों का जांच किया। पूरे गतिविधियों का वीडियो ग्राफी किया एवं सरकार की ओर से चलाए गए स्वास्थ्य संबंधी हर कार्यक्रमों की जानकारी दिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, मुखिया बीना मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता जय नंदन मेहता , युवा समाजसेवी छात्रधारी मेहता, सौरभ कुमार, मेहता मुखिया प्रतिनिधि कुशलचंद मेहता शिक्षक नरेश रजक, बीपीएम अनीता तिर्की, बएएम रत्नेश कुमार सिंह, मलेरिया टेक्नीशियन संत कुमार, रमेश कुमार गुप्ता, एएनएम ज्योति कुमारी समेत सभी एएनएम, सहिया एवम स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## प्रीति गारमेंट्स एंड श्रृंगार दुकान का उद्घाटन



दारू। दारू पुराना दुर्गा मंडप के माँ कॉम्प्लेक्स में रविवार को प्रीति गारमेंट्स एंड श्रृंगार दुकान का भव्य उद्घाटन किया गया । सुबह में भगवान श्री गणेश और माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना की गई । मुख्य अतिथि दारू थाना प्रभारी अमित कुमार के द्वारा फीता काट कर दुकान का उद्घाटन किया गया । दुकान के मालिक रौशन सिन्हा ने बताया कि हमारे नए प्रतिष्ठान में उत्तम और उचित मूल्यों पर महिलाओं और लड़कियों के लिए वस्त्र और कॉस्मेटिक के समान उपलब्ध है । इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण , दारू थाना ए एस आई उपेंद्र कुमार सिन्हा, भैया कृपानंद प्रसाद , प्रकाश सिन्हा, जितेंद्र भूषण सिन्हा, रंजीत कुमार, महेश कुमार, दिनेश कुमार, पप्पू ठाकुर, राकेश सिन्हा , मनोज शर्मा प्रमोद कुमार , उपेंद्र पासवान, सार्थक सिन्हा, आकाश सिन्हा, विराट सिन्हा,सम्राट सिन्हा, प्रीति सिन्हा, रश्मि सिन्हा, गायत्री सिन्हा, बबिता सहाय, सिंपल सिन्हा, संध्या रश्मि सिन्हा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## शिवाशक्ति धाम बसोबर में ग्रामीणों की बैठक



दारू । शिव शक्ति धाम सिवाने नदी बासोबार में स्थित बाबा भोलेनाथ की मंदिर परिसर में पूरे सावन महीने में भक्ति बड़ी संख्या में आकर पूजा करते हैं ।यहां पर हर वर्ष सावन पूर्णिमा यानी रक्षा बंधन के दिन मेले का आयोजन होता है ।इस मेले की भव्यता बढ़ाने और इसके सफल आयोजन के लिए शिव भक्त ग्रामीणों की बैठक रविवार की सुबह मंदिर परिसर में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महेंद्र प्रसाद ने किया ,बैठक में मौजूद लोगों ने रक्षाबंधन के दिन लगने वाले मेले को और भव्य और बेहतर आयोजन करने को लेकर विचार किया । इस बैठक में मौजूद लोगों ने सोमवार की सुबह एक बड़ी बैठक करने का निर्णय लिया जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा ।इस बैठक में मौजूद लोगों ने एक स्वर मे शिव शक्ति धाम परिसर में मेला को बेहतर ढंग से आयोजन करने पर सहमति जताई । इस बैठक में राजेश प्रसाद ,अरुण कुमार, कमलेश कुमार, नवीन कुमार, रितेश कुमार, अभिनव कुमार, संजय प्रसाद ,विकास कुमार, सुधीर प्रसाद, राजीव रंजन शर्मा , सीताराम पांडे , कैलाश पांडे, गोपाल कुमार ,प्रकाश कुमार दास, रविंद्र ठाकुर ,महेंद्र सिंह , विनोद पांडे ,मोनू कुमार, उमेश कुमार ,राजन सिन्हा, दशरथ कुमार दास, सुरेंद्र प्रसाद, प्रेमचंद प्रसाद ,सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रांसफार्मर का विधायक ने किया उद्घाटन



**सिसई।** प्रखंड के लोहंजारा में नये ट्रांसफार्मर का रविवार को सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने उद्घाटन किया। कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण काफी परेशान थे। मुझे सूचना मिलते ही मेरे प्रयास से गांव मे तत्काल नये ट्रांसफार्मर लगवा दिये ताकि ग्रामीणों को बिजली के लिए जुझना ना पड़े। मौके पर परदेसिया उरांव, राजेंद्र उरांव, हेमनरायण साहू, मोबारक अंसारी, मुरतुजा अंसारी, तबरेज अंसारी, इसराइल अंसारी, अपसर अंसारी आदि मौजूद थे।

### झारखंड का उद्देश्य अब भी अधूरा : दिलीप



**गुमला।** सिसई प्रखंड के रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा में आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष दिलीपनाथ साहु ने कहा कि झारखंड जिस उद्देश्य से बनाया गया है वह अब भी अधूरा है। राज्य में लूट चल रही है। बैठक में संगठन की मजबूत एवं विस्तार पर भी चर्च की गई। मौके पर केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, सचिव छोटू साहू, महासचिव आनंद गुप्ता, उपसचिव वीरेंद्र महली, मंदीप महली, मेघनाथ साहू, श्रीकांत गिरी प्रखंड अध्यक्ष, राजेश चौधरी, जगेश्वर गोप, कृष्ण महली, लखेश्वर सिंह, जीत बाहन साहू, विकास सिंह थे।

### ग्रामीण युवाओं में कई प्रतिभा : विधायक



**सिसई।** प्रखंड के लोहंजारा मुहर्रम कमेटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच रविवार को टोप्पो ब्रदर्स और कंडरा डुमर टोली के बीच खेला गया। जिसमें टोप्पो ब्रदर्स ने कण्डरा डुमर टोली को एक गोल से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ विधायक जिग्गा सुसारन होरो, जिला परिषद सदस्य उतरी विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड प्रमुख मीना देवी व पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। विधायक ने कहा कि खेल के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं में काफी प्रतिभा है। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अफसर अंसारी, सचिव नफेज अंसारी, कोषाध्यक्ष मुनसफ अंसारी, उपकोषाध्यक्ष इरसाद अंसारी, सदस्य ज्याउल अंसारी, वाहिद अंसारी, महफूज अंसारी, मंजूर अंसारी थे।

### यादगार पर्व है रक्षा बंधन : बहन शांति



**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय शाखा गुमला में रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया गया। मौके पर जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे ने ब्रह्मा कुमारीज की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्थान में सभी धर्म को समान रूप से सम्मान दिया जाता है। इस संस्थान से जुड़े सभी ब्रह्मा कुमारी भाई बहनें परमात्मा का संदेश निस्वार्थ भाव से जन जन तक पहुंचाकर विश्व कल्याण का कार्य कर रहे हैं। यहां दिया जाने वाला राजयोग का ज्ञान प्रत्येक मनुष्य के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन के बीज बोता है। ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि प्रेम, अहिंसा, विश्व-बन्धुत्व, करूणा के सुवासित पुष्पों से पल्लवित तथा सद्भावना के आंचल में मानवता को संरक्षित करने वाले भारत देश में मनाये जाने वाले पर्वों में भी मनुष्य की रक्षा का कवच समाया होता है। सीआरपीएफ 218 बटालियन के सब इंस्पेक्टर प्रवीण यादव और सुशील नेगी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार ने शांत और पवित्र वातावरण का अनुभव किया और अपने आप को सौभाग्यशाली बताया। कार्यक्रम में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे, सीआरपीएफ 218 बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुशील नेगी एवं प्रवीण यादव, जोधपुर राजस्थान के एसबीआई ब्रांच के मैनेजर विनीत कुमार, व्यवसायी पवन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, मनोज अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है : डॉ गोपाल सिंह



**लोहरदगा।** रविवार को स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में पतंजलि भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मचारीगण एवं शहर के गण मान्य जनों की उपस्थिति में हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन आचार्य गणेश शास्त्री के नेतृत्व में संपन्न हुआ। हवन के उपरांत वृहद वृक्षारोपण के तहत फलदार पौधे आम के पौधे का पौधरोपण सामूहिक रूप से किया गया। जिसमें रांची के प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉक्टर गोपाल जी सिंह, पतंजलि राज्य कार्यकारिणी के सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, आचार्य शरचचंद्र आर्य, दीपक मुखर्जी एवं कई गणमान्य जनों की उपस्थिति में पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत डॉक्टर गोपाल जी सिंह ने कहा कि पर्यावरणीय संरक्षण का कार्यक्रम वैदिक मंत्र कर के साथ हवन के उपरांत किया जाना बेहद उत्तम एवं सकारात्मक संदेश है। हमें आने वाले पीढ़ी के लिए पौधरोपण के साथ उसका संरक्षण भी करने की सीख देना है।

# पार्टी के नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायें भाजपा के कार्यकर्ता: प्रवीण सिंह

- प्रदेश अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल मरांडी के घाघरा आगमन की तैयारी को भाजपाइयों की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक को संबोधित करते प्रवीण सिंह।

**घाघरा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगामी 19 सितंबर को घाघरा आगमन की तैयारी को लेकर भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक रविवार को सिया धर्मशाला घाघरा में हुई। बैठक की शुरूआत पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, भाजपा नेता अशोक उरांव, भिखारी भगत, तेम्बू उरांव, विपिन बिहारी सिंह सहित अन्य लोगों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। बैठक में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा आगामी 19 सितंबर को घाघरा चांदनी चौक में भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन हो रहा है। जिसमें आप सभी गांव गांव में प्रचार प्रसार करें और अधिक लोगों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दें। ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। पार्टी के नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचायें।

**खास बातें :** देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लाभकारी योजनाएं चलाई जा रहे हैं। जिसे आप सभी लोगों को बताएं। भाजपा नेता अशोक उरांव ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग को लाने के लिए पहल करने की जरूरत है ताकि उनकी बातों को लोग समझे और गांव कसबो में जाकर लोगों को बतायें।

# कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी ही देश को सुरक्षित कर सकते हैं : अभीजित राज

- भाजपा ने पूरे देश भर में नफरत फैला रखा है : ओझा
- जिला युवा कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी की बैठक रविवार को रौनियार धर्मशाला गुमला में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी की अध्यक्षता में हुआ है। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभीजित राज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा आम जनता की सेवा की है। कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक रूप से भारत के गांव और गांव के जनता को सशक्त बनाने का काम किया है।



बैठक में शामिल युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**खास बातें :** भाजपा सरकार 2014 में आने के बाद लगातार एक एक कर आम जनता के सारे अधिकारों को छीनने का काम किया है। इसलिए अब देश को दोबारा कांग्रेस पार्टी की आवश्यकता है और कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ही देश को सुरक्षित कर सकते हैं। प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे देश भर में नफरत फैला रखा है। देश के प्रधानमंत्री आजाद भारत में अब तक के सबसे नाकाबिल प्रधानमंत्री हैं। भाजपा ने आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग को हमेशा प्रताड़ित करने का काम किया है। मणिपुर में लगातार पिछले कई महीनों से हिंसा हो रही है। लेकिन प्रधानमंत्री का ध्यान सिर्फ अपने चंद पूंजीपति मित्रों के ऊपर है। भाजपा शासित राज्यों में आदिवासी और दलित भाई बहनों के ऊपर लागातार अत्याचार हो रहे हैं। इसलिए अब आदिवासी, दलित विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया। जिला प्रभारी आफताब आलम ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है। मौके पर जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, संदीप कुमार, राजनील तिग्गा, पल्लव कुजूर, अंजलिनता बाड़ा, रूपेश कुमार, नीलेश उरांव, सादाब आलम थे।

**मन की बात : सैकड़ों किसान सहित सांसद, बीडीओ, जिप उपाध्यक्ष पहुंचे थे गांव**

# नहीं हुई कोटेंगसेरा गांव की चर्चा, वीडियो क्लीप ही चला

- जैविक खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने वाली ज्योति खंडित व दो किसानों को सांसद ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ज्योति खंडित को सम्मानित करते लोहरदगा के भाजपा सांसद सुदर्शन भगत, जिप उपाध्यक्ष व अन्य।

**गुमला।** जैविक खेती को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में चयनित गांव कोटेंगसेरा का जिक्र नहीं किया गया। हालांकि कार्यक्रम में कोटेंगसेरा गांव का एक वीडियो क्लीप चलाया गया। समय अभाव के कारण प्रधानमंत्री के द्वारा जैविक खेती पर चर्चा नहीं की गई और न ही कोटेंगसेरा गांव का जिक्र किया गया। हालांकि मन की बात कार्यक्रम को लेकर कोटेंगसेरा गांव में व्यापक तैयारी की गई थी। जिसमें शामिल होने सांसद सुदर्शन भगत, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, बीडीओ गुमला, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी सहित कई लोग गांव पहुंचे थे।

**खास बातें :** मन की बात कार्यक्रम के बाद सांसद सुदर्शन भगत व जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी के द्वारा क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देनी वाली महिला ज्योति खंडित को सम्मानित किया गया। वहीं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कोटेंगसेरा निवासी फीकर चंद भगत व भदवा उरांव को भी सांसद व जिप उपाध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सांसद सुदर्शन भगत ने कोटेंगसेरा गांव को एग्री स्मार्ट भिलेज के रूप में चयन किया है। कोटेंगसेरा गांव के सौ से धिक किसान जैविक खेती कर आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चंद्रयान की सफलता पर चर्चा की।

# सनकी आशिक ने प्रेमिका के मासूम बच्चे को मार डाला, गिरफ्तार, गांव में बवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड के बगडु थाना क्षेत्र के हिसरी गांव में एक सनकी प्रेमी द्वारा एक मासूम बच्चे की हत्या का मामला सामने आया है। मामला लव जिहाद से जुड़ा होना बताया जा रहा है। 9 वर्ष के आशीष महली को मीर शाहरुख पिता मीर मामुल ने गला दबाकर हत्या कर कुंआ में फेंक कर मार डाला। शाहरुख मीर आशीष की मां को पाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया। जानकारी अनुसार आशीष महली के पिता किशोर महली पिछले तीन साल से लापता है। आशीष की मां का ससुराल कुडु प्रखंड के ओपा चांपी है। पति के लापता होने के कारण तीन साल से अपने मायके हिसरी में रह रही थी।



मृतक के परिजन और मृतक आशीष (इनसेट में)।

**खास बातें :** इसी बीच मृतक की मां और हत्यारा मीर शाहरुख के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा। शाहरुख लगातार महिला पर शादी का दवाब बना रहा था लेकिन महिला समाज और बच्चे की दुहाई देकर शादी से इंकार करती आई थी।एक साल पहले इसे लेकर विवाद भी हुआ था। जिससे खिन्न मीर शाहरुख ने शनिवार को मौका पा कर फुटबॉल मैच देखने गए आशीष और उसके दो दोस्तों को लौटने के समय चॉकलेट खिलाने के नाम से बुला कर दोनो दोस्त को चॉकलेट के साथ वापस भेज दिया और आशीष को लालच देकर कुछ देर ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर कुंआ में फेंक दिया गया। शाम में घर नहीं पहुंचने पर आशीष के परिजनों ने बगडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी। जिसके बाद आरोपी मीर शाहरुख ने पुलिस को बताया कि उसने आशीष की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को कुएं में डाल दिया तब घटना का खुलासा हुआ। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया है।हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले को शांत करने में जुटी हुई है। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। शव को कुआं से निकाल कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### सर्पदंश से सेमरा भंडार टोली की महिला जख्मी

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के सेमरा भंडार टोली की हीरा मुनी देवी (22) को खेत से घास निकालने के क्रम में सांप ने डंस लिया। परिजन सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराये। जहां डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि घर के सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। इस वक्त हीरा मनी खेत से घास निकल रही थी। तभी घास में छिपे एक सांप ने उसे डंस लिया।

## झारखंड के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें : नीरू शांति भगत

- अखिल झारखंड छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष बने आयुष कुमार महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला आजसू कार्यालय में अखिल झारखंड छात्र संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन रांची विश्वविद्यालय छात्र संगठन के प्रमुख अभिषेक शुक्ला ने की। मौके पर विशेष रूप से झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि, जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाठक अखिल झारखंड छात्र संगठन के केंद्रीय मीडिया प्रभारी परवाज खान, लोहरदगा जिला प्रभारी मनीष कुमार शाह, हेमंती देवी शशि साहू, विजय कुमार आदि के साथ भारी संख्या में लोहरदगा जिला के छात्र उपस्थित हुए।

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने एसडीपीओ, थाना प्रभारी सहित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को बांधा रक्षा सूत्र

- रक्षा सूत्र बंधवाकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने समस्त हिंदू जाति के माता और बहनों के सुरक्षा का लिया संकल्प

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** शहर के गोपाल मंदिर प्रांगण में बजरंग दल गुमला नगर के तत्वाधान पर मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों ने बजरंग दल के कार्यकताओं को रक्षा सूत्र बांधा। वहीं समस्त हिंदू समाज के माता और बहनों की सुरक्षा हेतु बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रक्षा सूत्र बंधवाकर समाज को सुरक्षित रखने हेतु संकल्प लिया। दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहनों ने गुमला थाना में सीडीपीओ मनीष चंद्रलाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार और समस्त पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृशक्ति प्रमुख शैल सिंह और दुर्गा वाहिनी सयोजिका गंगा कुमारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष सामूहिक रूप से रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो की गुमला जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड में भी ही किया जाता है।

### मजदूरों के बच्चों को मिली पढ़ाई की सामग्री



**कैरो, (लोहरदगा)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय मे रविवार को मनरेगा मजदूर विकास संगठन के तत्वावधान में चौमुखी शिक्षा मिशन के अंतर्गत मनरेगा मजदूरों, दिहाड़ी मजदूर के 25 बच्चो को पंचायत शिक्षिका अमृता कुमारी ने पठन-पाठन सामग्री बांटी। वहीं शिक्षिका ने बताया कि मनरेगा मजदूर, दिहाड़ी मजदूरो के बच्चों को चहुंमुखी शिक्षा के तहत दो घंटे का नि:शुल्क ट्यूशन दिया जाता है, औद्योगिक महिला विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, व बुनाई सिखाया जाता है, स्वास्थ्य कैंप लगाकर मजदूरों एवं उनके बच्चों को स्वास्थ्य जांच नि:शुल्क कराया जाता है।

### डुमरी में ही छात्राओं को पढ़ाने की मांग



**डुमरी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय डुमरी में रविवार को अभिभावकों व क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में विद्यालय के जर्जर भवनों की मरम्मत को लेकर विद्यालय का संचालन बसिया कस्तूरबा गांधी विद्यालय में किये जाने को लेकर चर्चा की गई। जिसमें एक स्वर में ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय मरम्मत के दौरान छात्राओं को बसिया नहीं भेजा जायेगा। प्रखंड के ही किसी विद्यालय में छात्राओं को शिक्षा दी जायेगी।

### पीड़ित परिवार से मिले भाजयुमो के अजातशत्रु



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के हिसरी में भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु आशीष महली के परिवार से मिले। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवार के साथ हर समय खड़े हैं। विदित हो कि आशीष (10) कक्षा दो का विद्यार्थी था। वह कल शाम फुटबॉल मैच देख रहा था, उसी समय मीर शाहरुख (26) ने उसे चॉकलेट का लालच दिया और बहला फुसला कर कुंआ के पास बुलाया। इसके बाद मौका पाकर उसका गला घोंट कर उसे कुआं में धकेल दिया।

## सुखदेव भगत ने तिफाजत अंसारी को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सेन्हा।** प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरु ग्राम निवासी हाजी तिफाजत अंसारी का रात्रि में आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक, राज्य कोआर्डिनेशन कमेटी के सदस्य, राज्य पॉलीटिकल अफेयर कमेटी के सदस्य सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ स्वर्गीय हाजी तिफाजत अंसारी के घर अरू पहुंचकर पार्थिव शरीर का दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए। साथ ही शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय तिफाजत अंसारी जी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। उनके निधन से कांग्रेस को काफी क्षति हुआ है। इस दुख के घड़ी में पूरा कांग्रेस शौकाकुल परिवार के साथ है।

### विहिप-बजरंग दल के 8 कार्यकर्ताओं ने दिये रक्त

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में रविवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल गुमला के 8 कार्यकताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में लायन मनीष सिंह, सुनील कुमार, अमित कुमार शर्मा, गुरु चरण साहू, मनोज कुमार, सूरज भगत, सत्यम कुमार और आर्यन कुमार महतो के नाम शामिल है। सभी कार्यकर्ताओं ने ब्लड बैंक में ब्लड की कमी देखते हुए और मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया। अमित शर्मा ने कहा कि सूचना प्राप्त हुई कि मरीज को ब्लड की अति आवश्यक आवश्यकता है। यह सुनते ही मैंने रक्तदान किया।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक मौत, विरोध में सड़क जाम

- आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ किया सड़क जाम, मुआवजे की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**किस्को लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत किस्को रिचुघुटा मुख्य सड़क के नवाडीह गांव में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान नवाडीह गांव निवासी 35 वर्षीय इस्माइल अंसारी पिता बसरली अंसारी के रूप में हुई है। जिसके बाद सड़क दुर्घटना में मौत मामले में मुआवजा की मांग को लेकर नवाडीह के ग्रामीणों ने किस्को थाना के समीप धरना प्रदर्शन किया। जिससे ट्रकों का परिचालन बाधित रहा एवं लंबी लाइन में ट्रक घंटो खड़ी रही। इसके बाद प्रशासन के आश्वासन के बाद ढाई बजे प्रदर्शन हटाया गया एवं स्थिति सामान्य हुई।

# राष्ट्रीय पटल पर छा रहे हैं मसियातु गांव के तुरी समाज के लोगों के कार्य

**मन की बात कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बांस से सामग्री बनाते तुरी समाज के लोग।

**लोहरदगा।** मन की बात का 104 एपिसोड रविवार 11 बजे दिन से शुरू हुआ। जिसका लाइव प्रसारण लोहरदगा जिला अंतर्गत कुडु प्रखंड के सलगी पंचायत स्थित मसियातू ग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उराव के नेतृत्व में ग्राम वासियों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सुनी। प्रधानमंत्री ने इस गांव के लोगो द्वारा बांस से निर्मित सामानों के निर्माण से जुड़कर किए जा रहे कार्यों की चर्चा की गई।

अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के रूप में मसियातु ग्राम के ग्रामीणों द्वारा बॉस के द्वारा विभिन्न प्रकार के घरेलू उपयोग की जाने वाली वस्तुओं का निर्माण सोफा, कुर्सी, सूप, दौरा, बच्चों के पेन कलम रखने के समान आदि निर्माण को देखकर वहां के ग्रामीणों से बात कर पता किया कि इन्हें बाजार नहीं मिलने की वजह से उनकी बनाई हुई सामानों का उचित मूल्य इन्हें प्राप्त नहीं हो रहा है। इसे देखते हुए लाल विकास नाथ शाहदेव, संजय चौधरी ने प्रधानमंत्री कार्यालय को इस संदर्भ में पत्र एवं वीडियो भेजा। जिसे देखकर प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा आज की मन की बात कार्यक्रम के लिए इस क्षेत्र के तुरी समाज के लोगों से उनके इस हुनर का प्रसारण में शामिल करने की अनुमति दी।

**खास बातें :** भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिन-रात समाज सेवा में लगे रहते हैं अपने क्षेत्र में हो रही गतिविधि एवं क्षेत्र का विकास कैसे हो इस संदर्भ में समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण कैसे पहुंचे इसकी चिंता करते हैं जिसका परिणाम आज हम लोहरदगा जिला में देख रहे हैं चाहे वह विकास का मामला हो या यहां बन रहे वस्तुओं का बाजार कैसे प्राप्त हो जिससे इस क्षेत्र में खुशहाली पहुंचे। आज के दिन पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से इस क्षेत्र के लोगों की आवाज पूरे देश दुनिया के लोगों ने जाना।

# सेवा भाव से पार्टी का काम करने वाले युवाओं को लीडर के रूप में करें प्रोजेक्ट : गौतम

- लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रखंड कांग्रेस कमेटी गुमला की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक के बाद एकजुटता दिखाते कांग्रेसी।

**गुमला।** लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत प्रखंड कांग्रेस कमेटी गुमला की बैठक रविवार को प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन भवन गुमला में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, गुमला विधानसभा कोऑर्डिनेटर श्री पवन कुमार गौतम, बिशुनपुर विधानसभा कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद शामिल हुए। लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा कर सभी कार्यकर्ता को बतलाया गया। जिसमें आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, छात्रसंघ कांग्रेस, एसी प्रकोष्ठ, सेवादल एवं सभी सेल प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बनाना है। बैठक में विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन कुमार गौतम ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर में कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय है और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है और लीडर के रुप में उसे प्रोजेक्ट करना है। विधानसभा कोऑर्डिनेटर नेसार अहमद ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद सभी को अपनी कमेटी बनाना है। आप सभी बूथ स्तर से प्रखंड स्तर के लोगों की समस्याओं को जिला तक लाना है और पदाधिकारी से मिलकर समस्या का निदान करना है। तभी हमारा संगठन मजबूत होगा।

## स्पीड न्यूज

### श्रवण कुमार साहू बने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, हर्ष



सिमरिया (चतरा)। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के युवा जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू को झारखंड तैलिक साहू महासभा का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया गया है। यह मनोनयन रांची करम टोली स्थित प्रेस क्लब में बैठक आयोजित कर झारखंड तैलिक साहू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने पत्र जारी कर किया है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर श्रवण कुमार साहू ने प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश महतो को आभार प्रकट किए हैं। साथ हीं श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है वह मैं निस्वार्थ भाव से पूरा करने का हर संभवत कोशिश करूंगा। मालूम हो की श्रवण कुमार साहू लंबे समय तक चतरा जिला युवा अध्यक्ष के पद पर रहकर समाज के और संगठन को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई है। इसका लाभ अब प्रदेश के लोगों को मिलेगा पूरे साहू समाज की पिछड़े लोगों की आवाज बनने का काम करेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर सैंकड़ों लोगों ने दी है। बधाई देने वालों में प्रदेश महासचिव मदन साहू, चतरा जिला अध्यक्ष जीवलाल प्रसाद साहू, बढन साहू, अशोक कुमार,अमित साहू, कामेश्वर साहू ,आदित्य प्रसाद साहू,इंद्रदेव प्रसाद साहू, आनंद शाह, नितेश शाह, रोहित साहू,अशोक साहू, सेवा साव,तुलसी प्रसाद साहू,वकील प्रसाद साहू, मितेश रंजन, राकेश रंजन, मनी साहू, नागेंद्र साहू सहित सैकड़ो लोगों ने बधाई दी है।

### जागरूकता कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



टंडवा (चतरा)। सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अंतर्गत मगध- संघमित्रा क्षेत्र के मगध कोल परियोजना के चमातु पैच समीप कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक सुरक्षा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें खदान में सुरक्षा के महत्व को प्रदर्शित करने के लिए झारखंड फिल्म और थिएटर अकादमी, रांची के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में परियोजना के बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारि, ठेकेदार मजदूर एवं आसपास के ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम मे मौजूद सभी लोगों ने जागरूक होकर नुक्कड़ नाटक के द्वारा सुरक्षा से संबंधित बताई गई बातों को ध्यान से समझा और खदान में काम करते वक्त सुरक्षा का पुरा ख्याल रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर खदान में काम करने वाले विभागीय कर्मचारियों एवं ठेकेदार मजदूर में से सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी के बीच पुरस्कार भी वितरण किया गया।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न



टंडवा (चतरा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चट्टी गाडीलौंग में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर टंडवा के शहीद चौक समीप देवी मंडप प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पिछले वर्ष की लेखा- जोखा देख इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूम- धाम से मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात पूजा समिति की पुनर्गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष अशोक ठाकुर एवं सचिव गोविंद पंडा, कोषाध्यक्ष मंजीत कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष राजू यादव, धीरेंद्र भगत एवं पप्पू गुप्ता, उपसचिव राहुल गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी बसंत कुमार शर्मा को चयनित किया गया।

### अखंड हरि कीर्तन से बढ़ती है आस्था : बिरजू तिवारी



कान्हाचट्टी। प्रखंड के लड़ीया ग्राम में शनिवार को 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अखंड हरि कीर्तन में ज़िप उपाध्यक्ष श्री बिरजू तिवारी जी भी शामिल हुए। ज़िप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड हरि कीर्तन के आयोजन से लोगों में आस्था बढ़ती है। इतना ही नहीं लोगों के मन को शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा कि अखंर हरि कीर्तन होने से अध्यात्मिक चेतना भी जगती है। उन्होंने सभी भक्तों से अखंड हरि कीर्तन में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कीर्तन होने से लोगों में एकजुटता बढ़ती है। मौके पर प्रखंड प्रमुख इंदू देवी, नवल सिन्हा प्रदीप पासवान प्रवेश राम, सुखदेव प्रजापति,उमेश साव समेत सैकड़ों गणमान्य ग्राम वासी उपस्थित है।

### नियमों के उल्लंघन के आरोप में वाहनों से वसूले गये 1,04,500 का जुर्माना

# कोडरमा व डोमचांच में चला वाहन चेकिंग अभियान, 7 ट्रक और 2 ट्रैक्टर जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में रविवार को एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने कोडरमा और डोमचांच थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन के आरोप में दर्जनों वाहनों से आर्थिक जुर्माना वसूला गया, साथ ही 7 ट्रक और 2 ट्रैक्टर को जप्त किया गया। लगातार दो दिनों से हो रहे प्रशासनिक कार्रवाई से वाहन चालकों और मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक वाहन जांच के क्रम में वाहनों के कागजात के अलावे, लाइसेंस, ओवरलोड, चालान, प्रेशर हॉर्न, बिना निबन्धन के चलने वाले वाहनों की सघन जांच की गई, साथ ही बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड आदि बाइक सवारों की भी जांच की गई और मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन के आरोप में दर्जनों वाहनों से एक लाख 4 हजार 500 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया, इसके अलावे कोडरमा थाना के समीप 6 ट्रक और डोमचांच थाना के समीप दो ट्रैक्टर व एक ट्रक को फर्जी चालान के आरोप में जप्त किया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान 5 वाहन चालकों ने अपने वाहनों को छोड़ कर फरार हो गए, जिसके बाद एसडीओ के निर्देश पर इन वाहनों को पोर्टल पर ब्लॉक कर दिया गया। वहीं जांच के दौरान जिन वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म या नेमप्लेट लगा हुआ था, उसे हटाया गया। इस दौरान एसडीओ ने वाहन मालिकों से ब्लैक फिल्म और नेमप्लेट नही लगाने की सख्त हिदायत दी। वाहन जांच के क्रम में वाहन चालकों का अल्कोहल जांच भी किया गया, जांच के दौरान शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए वाहन चालकों से आर्थिक जुर्माना वसूलने के साथ भविष्य में शराब पीकर वाहन नही चलाने अन्यथा सख्त कार्रवाई करने का हिदायत दिया गया। वाहन जांच के क्रम में एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा ने कहा कि यातायात के नियमों का सही तरीके से अनुपालन नही करने के कारण आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, जिसमे लोगों की जाने चली जाती है अथवा गम्भीर रूप से घायल हो जाते हैं, ऐसे में सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए सबों को नियमों का पालन करने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वाहनों के चालक मोटर व्हीकल एक्ट का सख्ती से पालन करते हुए वाहनों का परिचालन करें।



# वन विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त छापामारी

### अवैध उत्खनन में लगे दो शक्तिमान व एक जेसीबी जब्त

**कोडरमा।** वन्य प्राणी आश्रयणी क्षेत्र अंतर्गत लोकाई के मोहगांय में बंद पड़े अबरख खदान में बीते देर रात्रि को वन विभाग व कोडरमा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया, अभियान के दौरान मोहगांय माइंस में अवैध उत्खनन में लगे दो शक्तिमान और एक जेसीबी को जप्त किया गया, हालांकि अवैध उत्खनन में लगे लोग अंधेरे का लाभ उठा कर फरार होने में सफल रहे। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू को गुप्त सूचना मिली कि उक्त बन्द पड़े खदान में अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है, जिसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर वन विभाग और पुलिस की टीम ने मोहगांय खदान में छापामारी अभियान चलाया गया।



### आमरण अनशन में शामिल होने का लिया निर्णय

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर परिसर में मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड के जेटेट पास सहायक शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला संयोजक सह मझिआंव प्रखंड के सहायक शिक्षक विनोदानंद त्रिपाठी उर्फ रिंकू पंडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला महासचिव रजनीकांत पांडे एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष अभिमन्यु कुमार उर्फ विपुल दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान वर्तमान सरकार के वादा खिलाफी से आहत होकर रांची के राजभवन के समक्ष होने वाले आमरण अनशन कि की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। उसके पश्चात आमरण अनशन होने की निर्धारित तिथि 29 अगस्त को सामूहिक रूप से शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस दौरान जेटेट पास समन्वय समिति के प्रमंडलीय अध्यक्ष विपुल दुबे ने कहा कि आज की वर्तमान हेमंत की सरकार ताजपोसी होने से पूर्व वादा किया था।

# हर घर नल योजना में अनियमितता, आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** प्रखंड के अमगांवा में हर घर नल योजना में घोर अनियमितता बरती गई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने योजना का स्थल निरीक्षण कर कार्रवाई की मांग की अन्यथा सड़क पर उतरकर आंदोलन के चेतावनी दी है। पंचायत के मुखिया उमेश राम, उपमुखिया भुवनेश्वर महतो, वार्ड सदस्य विकास दास आदि ने बताया कि केंद्र सरकार की इस बेहद उपयोगी योजना में लूट खसोट मची हुई है। योजना का कार्य अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा जैसे तैसे कराया जा रहा है। योजना के सभी उपकरण और मटेरियल अत्यंत निम्न गुणवत्ता के लगाए जा रहे हैं। गांव में पीसीसी सड़क को खोदकर महज दो इंच नीचे पाइप बिछाया गया है जिससे सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई है। बोरिंग में भी घोर लापरवाही बरती गई है। सोलर पैनल से लेकर टावर तक में राशि की लूट की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना ग्रामीण को लाभ देने के लिए नहीं बल्कि संवेदक को लाभान्वित करने के लिए संचालित की गई है। योजना में बरती गई इस अनियमितता के कारण प्रधानमंत्री के ग्रामीणों के घर में शुद्ध पेयजल पहुंचने का सपना चूर-चूर होकर रह गया है। ग्रामीणों का आगे कहना था कि उपयुक्त स्वयं संज्ञान लेकर योजना का निरीक्षण करवाएं और दोषियों को दंडित करें अन्यथा ग्रामीण सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।



### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर कमिटी गठित

**केतार।** प्रखंड के पचाडुमार चौपाल में रविवार को दुर्गा पूजा ूमाम से मानने को लेकर बैठे की गई। बैठक में एक कमिटी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से रवींद्र पासवान को अध्यक्ष, मुरली प्रसाद को उपाध्यक्ष, विकाश प्रसाद को सचिव, गुड्डू रजक को उप सचिव, हीरालाल ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि मुखिया श्यामसुंदर बैठा, सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, विमलेश पासवान, नंदू प्रसाद को संरक्षक बनाया गया। वहीं विकाश कमलापुरी, सुबोधकांत रजक, नवलेश यादव, दुलार साह, छोटेलाल बैठा आदि को सदस्य बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष श्री पासवान ने बताया कि इस वर्ष की दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा।

### झारखंडी स्थानीय मुद्दों को लेकर बदलाव संकल्प महासभा चतरा में उमड़ा जनसैलाब

# झारखंड में एक बड़े बदलाव को लेकर हम सभी संकल्पित हैं : जयराम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिले के बाबा घाट मैदान में झारखंडी मुद्दों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। यह जनसैलाब झारखंड में स्पष्ट स्थानीय और नियोजन नीति की माँग कर रही है। साथ ही यह जनसैलाब झारखंड के 81 विधानसभा और 14 लोकसभा सीटों पर स्थानीय झारखंडी को सांसद, विधायक बनाने के लिए लालायित है। झारखंडी मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर बदलाव संकल्प महासभा का आयोजन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। यह समिति पुरे झारखण्ड में जनमुद्दों को लेकर सभाएं कर रही है और लगातार जन जागरूकता अभियान चला रही है। महासभा में झारखंड के चतरा, कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह लोकसभा के कार्यकर्ता और आम लोग पहुँचे। साथ ही सभी विश्वविद्यालयों से हजारों छात्र, नौजवानों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड एक और इंकलाब मांग रहा है। महासभा की शुरूआत से पहले झारखंड के वीर क्रांतिकारियों को याद कर नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने अपनी-अपनी बातों को रखा। इस दौरान जयराम महतो ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने की लड़ाई सबको मिलकर लड़नी होगी। झारखंड आज एक ऐसे रास्ते पर खड़ा है जहां से एक नए शुरूआत की जरूरत है। हमारी माटी के साथ छल इतना अधिक कर दिया गया है कि अब पूरा झारखंड जाग चुका है। यह आंदोलन अब नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक बड़े बदलाव को लेकर हम सभी संकल्पित हैं। झारखंड के युवा जाग चुके हैं। अब यहाँ परिवर्तन होकर रहेगा। संजय मेहता ने कहा कि 22 सालों के बाद भी झारखण्ड शोषण मुक्त नहीं, बड़े बदलाव की है जरुरत है । इस दौरान लंबे समय से झारखंडी मुद्दों पर मुखरता से अपनी आवाज बुलंद कर रहे बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह सोशल एक्टिविस्ट संजय मेहता ने महासभा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड को एक नए बदलाव की जरूरत है। झारखंड अपने निर्माण के 22 सालों के बाद भी आज शोषण से मुक्त नहीं हुआ है। राज्य की नौकरशाही ने इस राज्य को सिर्फ लूटा है। साथ ही यहाँ के नेताओं ने भी सिर्फ अपनी तिजोरी को भरा है। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड की स्थानीय नीति, नियोजन नीति, पुनर्वास नीति में कोई स्पष्टता नहीं है। झारखंडी की पहचान आज तक परिभाषित नहीं हो पायी है। स्थानीय नीति को झारखंडी भावनाओं के अनुरूप परिभाषित करने की जरूरत है।



**स्थानीय नीति पर क्या कहा:** संजय मेहता ने स्थानीय नीति पर कहा कि 1932 के पहले और 1964 के बाद जिला का अंतिम सर्वे का खतियान ही झारखंड की स्थानीयता का आधार होना चाहिए। जब तक खतियान को स्थानीयता का आधार नहीं बनाया जाएगा बाहरी अतिक्रमण से झारखंड को बचाना मुश्किल है। हमारी नौकरी और जमीन को लगातार संस्थागत तौर पर लूटा जा रहा है

सभा में देवेंद्र महतो, भुवनेश्वर यादव, सुनील महतो इत्यादि लोग सम्मिलित हुए और संबोधित किया। संजय मेहता ने कहा कि झारखंड में भी बिहार की तरह नियोजन नीति लागू हो। बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा 85 के तहत झारखंड सरकार के पास भी यह हक है कि संयुक्त बिहार के समय का कोई भी अधिनियम, संकल्प या गजट को अंगीकृत कर सकते हैं। इसी के तहत 1982 की नियोजन नीति को अंगीकृत कर बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। साथ ही नियुक्ति फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को अपने स्थानीय प्रमाण पत्र की क्रमांक संख्या लिखनी जरूरी की जाए। इसके तहत सारी सच्चाई निकलकर सामने आ जाएगी कि अभ्यर्थी कहां का खतियानी है। साथ ही, मांग यह भी है कि जनसंख्या के अनुपात में सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। विस्थापन के बाद पुनर्वास की स्पष्ट नीति नहीं और कंपनियों के द्वारा जमीनों की लूट को लेकर संजय मेहता ने कहा कि इस मुद्दे पर भी सरकार को गंभीर होना होगा। यह झारखंड का एक गंभीर विषय है।

**ओबीसी को मिले 27 प्रतिशत का आरक्षण :** ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण विधेयक को राज्यपाल द्वारा वापस किए जाने पर संजय मेहता ने कहा कि राज्यपाल महोदय को भी झारखंडी जनभावनाओं पर चिंतन करना चाहिए और यहाँ की बुनियादी माँगों पर कानून बनाने में सहयोग करना चाहिए। सभा को सफल बनाने में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के तमाम पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकताओं समेत सैकड़ों लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## एक नजर में

### रणजीत सिंह व मनोज केशरी संरक्षक अमित सिंह बने अध्यक्ष




नवनियुक्त पदाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित वन विभाग के सामुदायिक भवन में गढ़वा जिला तलवारबाजी संघ की वार्षिक बैठक की गई। बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के फाउंडर महासचिव जय कुमार सिन्हा मौजूद थे। बैठक में विगत वर्ष का बजट, वार्षिक कैलेंडर, नये सत्र के बजट, गढ़वा जिले में तलवारबाजी खेल के विकास पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में तलवारबाजी उपकरण खरीदने, खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने के लिए, प्रशिक्षण कैंप लगाने का भी निर्णय लिया गया। संघ का विस्तार करते हुए मनोज केशरी एवं रंजीत सिंह को संरक्षक, अमित कुमार सिंह को अयक्ष, नवनीत शुक्ला को उपाध्यक्ष और मनोज कुमार सिंह, सुधाकर पांडेय, सुरेन्द्र कुमार शर्मा को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर झारखण्ड राज्य तलवारबाजी संघ के संस्थापक सचिव जयकुमार सिन्हा ने कहा कि यह ओलंपिक गेम है। इस खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं।

### टेट पास सहायक अध्यापको के साथ अन्याय कर रही है सरकार : अमित रंजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** जे टेट सफल सहायक अध्यापक संघ गढ़वा के जिला उपाध्यक्ष अमित रंजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड सरकार टेट पास सहायक अध्यापकों के साथ अन्याय कर रही है। सहायक अध्यापक विगत 20 वर्षों से लगातार राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाते हुए सरकारी शिक्षक बनने की (शिक्षक प्रशिक्षण, सेवाकालीन प्रशिक्षण, शिक्षक पात्रता परीक्षा) सभी अहर्ताओं को पूरा करते हैं। फिर भी झारखंड सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है। श्री रंजन ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2010 लागू होने के उपरांत अब तक झारखंड सरकार झारखंड शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 के अनुसार सिर्फ दो बार शिक्षक पात्रता परीक्षा 2013 एवं 2016 में आयोजित कर सकी है। अब नई शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2021 के अनुसार 2023 में पे स्केल घटाकर (चतुर्थ श्रेणी के वेतनमान पर) सहायक आचार्य के पद नाम से शिक्षकों की नियुक्ति करना चाह रही है।

### मानव को अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति के लिए कार्य नहीं करना चाहिए : जीयर स्वामी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा है कि समाज हित के लिए किए गए कार्य से जीवन धन्य हो जाता है। अच्छे लोगों के इतिहास एवं दर्शन से समाज व राष्ट्र गौरवान्वित होता है। आनेवाली पीढ़ियां भी उनके सत्य को बतौर धरोहर संजोकर सदैव सीख लेती रहती हैं। व्यक्ति को गृहस्थ आश्रम के दायित्व निर्वहन के साथ ही समाज एवं राष्ट्र के प्रति भी अपनी जवाबदेही स्वयं तय करनी चाहिए। मानव को केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ की पूर्ति तथा परिवार-कुटुम्ब के लिए कार्य नहीं करना चाहिए। व्यापक हित के लिए संकीर्ण स्वार्थ का त्याग मानव धर्म है। श्री स्वामी श्री बंशीधर नगर पाल्हे जतपुरा में आयोजित चातुर्मास्यव्रत सह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में चल रहे प्रवचन में बोल रहे थे।

### नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का किया गया भव्य शुभारंभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सदर प्रखंड अंतर्गत हाई स्कूल मरमदीरी फुटबॉल मैदान में नॉक आउट फुटबॉल टूनार्मेंट कमात द्वारा आयोजित टूनार्मेंट का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट व फुटबॉल को कीक मार कर किया। उद्घाटन मैच एफसी जांगी बनाम इलेवन फाइटर कुबा के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि फुटबॉल से शारिरिक और मानसिक दोनों का विकास होता है। ऐसे आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर जिला परिषद् सदस्य चंद्रदेव गोप, लेम मुखिया चुन्नू उर्फ राकेश सिंह, परवा देवी, रंजीत सिंह, रिषू सिंह, प्रमोद दांगी, अक्षयवट सिंह, सत्येन्द्र सिंह, सिंदूरिया सर समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने की बैठक

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक डोमचांच में रामचंद्र मेहता के आवास पर किया गया। वहीं जय घोष एवं वंदे मातरम गायन के बाद कार्यक्रम को शुरू किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल एवं संचालन महामंत्री रविंद्र यादव ने किया। जिसमें जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं श्री गुतुल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी का संकल्प यात्रा जो झारखंड में चल रहा है उसी को लेकर 4 सितंबर को डोमचांच चंद्रावती हाई स्कूल के बगल स्थित मैदान में 11 बजे पूर्वाह्न उनका आगमन है। बैठक में सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे एवं कहा कि हम लोग अपने-अपने प्रखंड से ज्यादा से ज्यादा संख्या में उनके स्वागत में किसान भाई उपस्थित होंगे। मौके पर जितेंद्र भूषण सिन्हा, रविंद्र यादव, किशन सुंडी मंडल, अशोक यादव, संदीप गुप्ता, रामलाल यादव, नवीन लाल, सुजीत कुमार सिन्हा, मंटू यादव, संदीप कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## 19 टन अवैध स्क्रैप लोड 12 चक्का ट्रक के साथ दो को पुलिस ने किया गिरफ्तार, गए जेल

# दो कबाड़ी संचालकों समेत ट्रक के चालक-उप चालक व मालिक पर मामला दर्ज

➲ चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवती कृपा होटल लुकुईया के पास से हुई है गिरफ्तारी व बरामदगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना का आधार पर लातेहार एसडीपीओ संतोष मिश्रा व चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने शनिवार रात्रि एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया के समीप स्थित भगवती कृपा होटल के पास से चोरी का लोहा लोड एक 12 चक्का ट्रक पीबी 13बीड़ी/8016 के साथ दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एनएच-39 किनारे स्थित भगवती कृपा होटल के पास चोरी का लोहा लोड ट्रक खड़ी है, जिसमें अवैध तरीके से स्क्रैप लोड कर कहीं बाहर परिवहन किया जाने वाला है। सूचना के आलोक में पुलिस की टीम के द्वारा छापामारी किया गया तो होटल के ठीक सामने 12 ट्रक पीबी 13बीड़ी/8016 खड़ी मिली, जिसमे उपर से तिरपाल बंधा हुआ था, ट्रक के जांच के क्रम में पता चला कि उसमें लगभग 19 टन स्क्रैप (लोहा) लोड है। ट्रक के चालक सन्नी कुमार पिता कृष्ण सिंह व उप चालक आकाश कुमार पिता रामलाल कुमार (दोनो अंबेडकर नगर संगरूर पंजाब) से पूछताछ में बताया कि 13-14 टन लोहा तिलैयाटांड़ के एक कबाड़ी दुकान से वहीं शेष लुकुईया मोड़ के समीप स्थित कबाड़ी दुकान से लोड किये हैं तथा लुकुईया में स्क्रैप लोड करने में रात्रि हो जाने के कारण लोडिंग बंद कर दिए हैं। लोड स्क्रैप से संबंधित कागजात मांगे जाने पर पकड़े गए चालक-उपचालक के द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। जिसके बाद अग्रतर कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया साथ ही गिरफ्तार ट्रक के चालक सन्नी कुमार पिता कृष्ण सिंह व उप चालक आकाश कुमार पिता रामलाल कुमार को लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया। सूत्रों की माने तो बरामद लोहा (स्क्रैप) चकला के अभिजीत प्लांट से चोरी की गई थी। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 171/2023 में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत वाहन के चालक-उपचालक, मालिक व चंदवा के दो कबाड़ी संचालकों पर मामला दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार, पुअनि नारायण यादव, सैट-44 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। बता दें कि चंदवा के चकला स्थित अभिजीत प्लांट में स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होने के बाद से ही अवैध तरिके से स्क्रैप की चोरी कर चंदवा व बालूमाथ, लातेहार, खलारी, कुडू के कबाड़ी दुकानों में खपाया जा रहा है। चोरी के इस गोरख धंधे में कई गिरोह सक्रिय हैं। स्थानीय लोगो का आरोप है कि स्क्रैप कटिंग का काम लेने वाली कम्पनी सफेदपोशों के साथ मिलकर कॉरपोरेट लूट को अंजाम दे रही है वहीं दूसरी ओर छोटे चोर गिरोह बनाकर प्लांट को लूट रहे हैं। जिस पर लगाम लगाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है।


प्रेस वार्ता में जानकारी देते इंस्पेक्टर व गिरफ्तार अभियुक्त।

## अभिजीत पावर प्लांट से चोरी रोकने के लिए एसआईटी का गठन हो: प्रतुल

➲ चंदवा और बालूमाथ के कुछ कबाड़ी दुकानों पर विशेष निगरानी की आवश्यकता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस के द्वारा अभिजीत प्लांट से चोरी हुए 19 टन स्क्रैप की बरामदगी का स्वागत किया है। प्रतुल ने कहा कि अभिजीत स्क्रैप प्लांट से लगातार हो रही स्क्रैप की चोरी अपने आप की एक विस्मित करने वाली घटना है। लगातार पुलिस की दबिश के बावजूद चोरी थम नहीं रही। प्रतुल ने कहा की इन स्क्रैप चोरों का सीधा कनेक्शन बालूमाथ और चंदवा के कुछ कबाड़ी दुकान वाले माफिया तत्वों से भी है। लातेहार पुलिस को चाहिए कि वह इन कबाड़ी दुकानों के स्टॉक को खंगाले और दुकान मालिकों से गहन पूछताछ करे। प्रतुल ने कहा की जब तक स्क्रैप चोरी के पीछे के सफेदपोशों को एक्सपोज नहीं किया जाएगा, तब तक इस चोरी को रोकना मुश्किल है। प्रतुल ने लातेहार पुलिस कप्तान से आग्रह किया कि वह इस स्क्रैप चोरी को रोकने के लिए एसआईटी का गठन कर इस रैकेट के पीछे के सफेदपोशों को बेनकाब करने का अभियान चलाएं।



प्रतुल शाहदेव।

## बड़े खतरे को आमंत्रण दे रहा है परिषद मार्केट कांप्लेक्स: राजा दुबे

**चंदवा।** चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित जिला परिषद मार्केट कांप्लेक्स की स्थिति दिन प्रतिदिन जर्जर होती जा रही है। मार्केट कांप्लेक्स का छज्जा इतना कमजोर हो गया है कि आये दिन टूट कर गिर रहा है। जिस कारण दुकानदारों व आमलोगों को जान माल का खतरा बना रहता है। आजसु प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार दुबे उर्फ राजा ने बताया कि कॉमलेक्स का छत भी कभी भी गिर सकता है, जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। जिला परिषद को इतना राजस्व जाने के बाद भी परिसर का मरम्मत नहीं होना दुर्भाग्य पूर्ण है। विवेक कुमार दुबे ने आगे कहा कि प्रशासन जल्द से जल्द जिला परिषद परिसर की मरम्मत कराई अन्यथा वह जिला प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठेंगे।

# लातेहार जिले में 24 घंटे के अंदर तीन लोगों ने लगाई फांसी दो की मौत एक रिम्स रेफर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार/बालूमाथ।** लातेहार जिले के बालूमाथ व बरियातू प्रखंड क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगह पर एक युवती समेत तीन लोगों ने फांसी लगा लिया जिसमें से दो की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के रांची रिम्स रेफर किया गया। पहली घटना में विक्रम कुमार 22वर्ष पिता संजय साव ग्राम टमटमटोला थाना बालूमाथ निवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया ।घटना के संबंध में जानकारी देते हुए परिजनों में बताया शनिवार की रात युवक घर में खाना पीना खाकर कमरे में सोने चला गया था ।जहां थोड़ी देर बात घरवालों ने कमरे में देखा तो युवक फांसी के फंदे पर झूलता हुआ पाया गया। जिसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया ।जहां डॉक्टर जांचोपरांत डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना में सुरेंद्र उरांव उम्र 27 वर्ष पिता रामचंद्र उरांव ग्राम धाधू थाना बालूमाथ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र शनिवार को राजमिस्त्री का काम कर वापस घर लौटा जहां वह मानसिक तनाव में था। रात में खाना खाकर युवक अपने कमरे में सोने चला गया। जहां सुबह युवक को फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। इसके बाद परिजनों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया ।वही तीसरी घटना में रविवार को बारियातु थाना क्षेत्र के भाटचतरा ग्राम में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुषमा कुमारी 17वर्ष पिता शिवशंकर तुरी को उसके पिता ने किसी बात को लेकर डांटा था। जिसके बाद गुस्से में आकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के बाद युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## पलामू विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के लिए सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्रा हुए रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र छात्रों ने लातेहार के धर्मपुर में रविवार को पलामू विभाग स्तरीय आयोजित प्रश्न मंच प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए प्रधानाचार्य जितेंद्र राम के नेतृत्व मे सुरक्षित वाहन से रवाना हुए। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य राम ने बताया कि 27 अगस्त दिन रविवार को विद्या भारती योजना के तहत सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार में पलामू विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रश्न मंच प्रतियोगिता मे कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्र छात्रों को विषय विज्ञान एवं संस्कृति, बोध परियोजना कार्यक्रम किया जायेगा। सभी छात्रों को मंदिर के पुजारी पुरुषोत्तम शर्मा ने तिलक लगाकर सुरक्षित वाहन से विदा किया। साथ ही बताया कि यह विद्या भारती की योजना है कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो। इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों का बौद्धिक एवं गुणात्मक विकास होता है। सर्वांगीण विकास कैसे हो इसके लिए सभी आचार्य परिवार तत्पर हैं। इस प्रश्नमंच प्रतियोगिता में तीन जिला गढ़वा, लातेहार, व पलामू के विद्यार्थी भाग लेंगे। संरक्षक के रूप में आचार्य लक्ष्मण राम,नीतीश कुमार आचार्या विनीता कुमारी ने विद्यालय परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की है।


प्रतियोगिता के लिए रवाना होते छात्राएं।

## वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार का फेसबुक हैक

**लातेहार।** व्यवहार न्यायालय लातेहार में प्रैक्टिसरत वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार का फेसबुक अकाउंट को हैकरो ने हैक कर रखा है तथा नया फेसबुक अकाउंट क्लोनिंग कर बना लिया है। मालूम हो श्री कुमार का फेसबुक अकाउंट को किसी हैकर ने शुक्रवार को हैक कर लिया है और उसने नए अकाउंट से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर नया फ्रेंड बना रहा है। नए अकाउंट से रुपए की जरूरत बताकर लोगों से उनका फोन पे नंबर, गूगल पे नंबर आदि की मांग कर रहा है। श्री कुमार ने अपने तमाम फेसबुक फ्रेंड से अपील किया है कि वे नई फेसबुक अकाउंट से रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट नहीं करें और किसी भी धोखाधड़ी से बचें व फेसबुक को ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## बालूमाथ की बच्ची ने बीपीएससी निकालकर बढ़ाया बालूमाथ का मान





**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम निवासी रानी राज पिता शिव प्रसाद ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में उत्तीर्ण होकर बालूमाथ का नाम बढ़ाया है। रानी राज के पिता शिव प्रसाद साहू ने बताया कि मेरी पुत्री का चयन अंकेक्षण पदाधिकारी पंचायती राज विभाग में हुआ है। रानी राज ने अपनी आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई झाबर ग्राम स्तिथ सरकारी विद्यालय से और मैट्रिक तक की पढ़ाई बालूमाथ स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय से वही उच्च शिक्षा चतरा कॉलेज से प्राप्त की है ।रानी राज ने कहा कि मेरी सफलता का श्रेय मेरे पिता के अलावा माता रंभा देवी भाई अमित कुमार एवं गुरुजनों को जाता है। वर्तमान में रानी द्वारा धूमकुड़िया नामक डिजिटल संस्था का संचालन करती है। जिसका उद्देश्य भाषा एवं संस्कृति का संरक्षण और जनजातीय उत्थान करना था एवं इसी के नाम से मासिक पत्रिका भी निकलती थी ।इनके सफलता पर कई लोगों ने बधाई दी है बधाई देने वालों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर, हाजी मोतिउर रहमान प्रमोद साहू, संजय प्रसाद साहू, उमेश साहू, चीकू साहू, समिति के लोग शामिल है।

## दो बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर बारियातु ग्राम के समीप दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद दोनों घायलो को ग्रामीणों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेन्द्र प्रसाद की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक कुमार रजक 38 वर्ष पिता बैजनाथ रजक बारियातु से कुट्टी लेकर अपने घर जा रहे थे तभी बिपरीत दिशा बगरा की तरफ से आ रही बाइक सवार उदय यादव पिता स्व सरवन यादव बारिखाप बारियातु निवासी अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे से अशोक कुमार राजक की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

# मनिका प्रखंड में प्राइवेट सेवा सदन हॉस्पिटल का किया गया उद्घाटन


फीता काटते पूर्व विधायक व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

➲ हॉस्पिटल के खुलने से लोगो को आपातकालिन परिस्थिति में मिलेगी काफी राहत : हरेकृष्णा सिंह

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंजो पंचायत में दिन रविवार को मनिका सेवा सदन प्राइवेट हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष सह मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, जिप सदस्य बलवंत सिंह, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, ग्राम प्रधान मुनेश्वर यादव, भाजपा नेता रघुपाल सिंह, प्रांतीय यादव महासभा जिला अध्यक्ष वृंद बिहारी प्रसाद यादव, समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि हमारे क्षेत्र में ऐसे हॉस्पिटल का होना बहुत जरूरी है ताकि यहां के लोगों को आपातकालीन सेवा मिल सके और बड़े बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को दूर शहर का चक्कर ना लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में इस प्रकार के हॉस्पिटल होने से हमारे लोगों को कम पैसे में अच्छा इलाज मिल पाएगा। वहीं हॉस्पिटल प्रबंधक सागर यादव ने बताया कि यहां पर हमारे डॉक्टरों के द्वारा स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, ओ.टी., ई.सी.जी., टीकाकरन, नेमुलाइजर, जनरल वार्ड, जनरल सर्जरी, हड्डी जड़ एवं नस रोग, आइ.सी.यू., एन.आई.सी.यू. पैथोलॉजी, ऑक्सीजन, मेडिसिन एवं अन्य रोगों का भी उपचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों का प्रयास रहेगा की क्षेत्र के मरीजों का कम से कम पैसे में अच्छा इलाज हो सके। उन्होंने बताया कि हमारे हॉस्पिटल में मरीजों के लिए 24 घंटे सेवाएं उपलब्ध रहेगी और यहां पर प्रतिदिन डॉक्टर ओम रंजन (बी.एच.एम.एस.) के द्वारा मरीजों का जांच एवं इलाज किया जाएगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सिखेश्वर राम, प्रखंड सचिव संदीप उरांव, रामेश्वर भुइयां,सिंजो मुखिया पति सहायक सिंह, विकास कुमार गुप्ता, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एक नजर में

## विधायक रामचंद्र सिंह ने अमडिहा कचनपुर तक पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

➲ ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा : रामचंद्र सिंह


शिलान्यास करते रामचंद्र सिंह।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को मंगरा पंचायत के अमडिहा रेलवे धरधरी पुल से लेकर अमडिहा देवी मंडप भाया कल्याणपुर मेलाटांड़ होते हुए कंचनपुर तक लगभग दो किलोमीटर पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। विधायक ने इस अवसर पर पंडित की वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना करते हुए शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के सभी सड़कों को पक्कीकरण करते हुए मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। जिसमें कई सड़कों का निर्माणकार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि अमडिहा पीसीसी पथ निर्माण कार्य पूरी होने से इस क्षेत्र की ग्रामीणों की लंबित मांगे पूरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड के बरवाडीह, मंडल, बरवाडीह छिपादोहर और लंका रोड समेत अन्य सड़क निर्माण में सारी अड़चने दूर कर लिया गया और जल्द ही इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर लिया जाएगा। मौके पर नसीम अंसारी, सुरेश मिश्रा, अजय चंद्रवंशी, शिवानंद तिवारी, मुखिया विपिन बिहारी सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, कुलेश्वर सिंह, अजीत गुप्ता, ओमप्रकाश, अनवर अंसारी, रविंद्र राम, कमलेश प्रजापति, आलोक कु. सिंह और जिबोध सिंह समेत काफी संख्या में विधायक समर्थक व ग्रामीण शामिल थे।

## जेजेएमपी के नाम पर लेवी वसूलने वाले तीन गिरफ्तार


प्रेस वार्ता करते थाना प्रभारी व अन्य।

**मनिका।** मनिका पुलिस ने जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के पप्पू लोहार एवं मनोहर जी के नाम से लेवी मांगने वाले तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में मिथिलेश सिंह उर्फ लाल सिंह पिता राजू सिंह जोरकट (पलामू), विक्रम सिंह पिता रामवृक्ष सिंह चियांकी (पलामू) व जितेंद्र सिंह पिता इंद्रमल सिंह चियांकी (पलामू) शामिल है। वहीं दिन रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार मिथिलेश सिंह एवं विक्रम सिंह जेजेएमपी के पप्पू लोहार एवं मनोहर जी के नाम से कई लोगों से लेवी मांगने का काम करता था। जान्हों पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव से लेवी की मांग कर रहे थे। इस विषय में जान्हों मुखिया बहादुर उरांव ने मनिका थाना में लिखित शिकायत किए थे और उन्होंने बताया था कि लेवी की राशि लेने के लिए लोग हमारे गांव तक आने का बात बोले हैं। जिस पर मनिका थाना पुलिस ने छापामारी दल गठित कर बिरसा मुंडा हाई स्कूल के पास से एक स्कॉर्पियो वाहन जेएच 08 सी 9260 नंबर के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया सभी लोगों ने स्वीकार किया कि जान्हों मुखिया से लेवी वसूलने आए थे। गिरफ्तार अपराधियों के खिलाफ मनिका थाना कांड संख्या 65/23 दिनांक 26/8/2023 के तहत धारा 385/387/आईपीसी एवं 17 सीएलए एक्ट दर्ज किया गया है। वहीं छापामारी दल में थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, एसआई राज कुमार तिग्गा, बरवैया पिकेट के जेएसआई देवचंद हंसदा,समेत सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## फुटबॉल टुनार्मेंट का हुआ आयोजन


उद्घाटन करते अतिथि।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के बर टोला के खेल मैदान में एसआर फुटबॉल क्लब सरयू के द्वारा आयोजित फुटबॉल टुनार्मेंट का शुभारंभ रविवार को प्रमुख अमिता देवी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर प्रमुख ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेल से शारिरीक एवं मानसिक विकास होता है। हरेक व्यक्ति को कोई ना कोई खेल खेलनी चाहिए। बहुत ही खुशी की बात है कि इस मैदान में खेल का आयोजन किया गया है। वहीं क्लब के अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अभी भी कई ऐसे खिलाड़ी है जिन्हे निखारने की जरूरत है। क्लब के द्वारा आयोजित मैच में अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हे फुटबाँल का किट मुहैया कराया जायेगा साथ ही हर संभव मदद की जायेगी ताकि वे आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर सचिव दिपक नायक, सोनु खान, रिंकु प्रसाद, सद्दीक मिया, जोनी लोहार, सकेन्द्र उरांव, समेत दर्जनों दर्शक मौजूद थे।

## बरवाडीह व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष बने पत्रकार दीपक राज, कहा

# व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड के व्यावसायिक संघ के नई कमेटी का चुनाव वोटिंग के द्वारा संपन्न कराया गया। जहां शांतिपूर्ण तरीके से कराए गए चुनाव में अध्यक्ष पद के दो दावेदार खबर मंत्र के पत्रकार दीपक राज और सुरेंद्र कुमार (डब्लू) मुख्य रूप से मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए चुनावी प्रक्रिया सुबह 9:00 से सामुदायिक भवन में शुरू की गई। जहां कमेटी के द्वारा चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में पंकज अग्रवाल उर्फ डब्लू और रवि गुप्ता को नियुक्त किया गया था। जिसमे दोपहर 12:30 बजे तक चले चुनावी प्रक्रिया के दौरान कुल 522 व्यवसायियों ने अध्यक्ष उम्मीदवार के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद वोट की गिनती की प्रक्रिया चुनाव समन्वय समिति की देखरेख में शुरू की गई। जिसमें दीपक राज को 334 मत प्राप्त हुए जबकि सुरेंद्र कुमार को 185 मत मिले। वहीं तीन मत रिजेक्ट कर दिए गए। इसके बाद चुनाव समन्वय समिति के द्वारा दीपक राज को 149 वोटो से विजय घोषित किया गया। वही विजय की घोषणा के बाद पंचमुखी मंदिर परिसर के पास दीपक राज के समर्थक और पूर्व के अध्यक्ष रहे विनोद प्रसाद, भूपेंद्र कुमार सिंह और पंकज गुप्ता समेत समिति के अन्य लोगों के द्वारा दीपक राज को माला पहनकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इसके बाद दीपक राज ने अपने समर्थकों के साथ जुलूस की शक्ल में बाजार, बस स्टेंड इत्यादि क्षेत्र में भ्रमण कर सभी व्यवसायियों का आभार व्यक्त करने का काम किया। दीपक राज ने बताया कि व्यवसाईयों के हर मुद्दे में उनके सुख-दुख के साथ रहूंगा और उनकी समस्याओं को दूर करने का भरपूर प्रयास करूंगा। साथ ही मेरी प्राथमिकता होगी कि बाजार क्षेत्र को किस तरह से साफ सुंदर और स्वच्छ रखा जाए। इसके लिए बेहतर योजना बनाकर सभी दुकानदारों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से समस्याओं को दूर करने का काम करूंगा। वही आने वाले कुछ दिनों में नई कमेटी के अन्य पदों को लेकर भी विस्तार करने का काम किया जाएगा। इस दौरान मौके पर शिव नारायण प्रसाद उर्फ बबलू सेठ, विकास कुमार सिंह, दिप्लेश कुमार सिंह, डॉक्टर खान आर्यन राज नागेंद्र भगत सराज खान, फिरोज अहमद, जैकी चौरसिया, गुड्डू, रिजवान खान, सुनील कुमार सिंह, शुभम नाथ, हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, कृष्णा कसेरा, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, विजय ठाकुर, बिरेंद्र ठाकुर, अजीत गुप्ता, राहुल गुप्ता, मदन, उमेश प्रसाद, रिंकू खान, बमभोली और मुन्ना, समेत काफी संख्या में दुकानदार मौजूद थे।

वहीं दीपक राज की जीत पर विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, समाजसेवी मनान अंसारी, राजद नेता अजय चंद्रवंशी, जेएमएम नेता शशि भूषण तिवारी, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, दीपू तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय प्रसाद सोनी, विवेक सिंह, दिलीप यादव, रघूपाल सिंह, भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, समाजसेवी हेसामुल अंसारी सहित सैकड़ो लोगों और दुकानदारों ने मुलाकात कर सोशल मीडिया और दूरभाष के माध्यम से बधाई दी।


अध्यक्ष दीपक राज को बधाई देते दुकानदार।

## चतुर्मास व्रत सह 21 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ एंव धर्म सम्मलेन को लेकर कमिटी का विस्तार

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत भाट चतरा बजार टांड मे रविवार को चतुर्मास व्रत सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एंव धर्म सम्मलेन का भव्य आयोजन को लेकर कमिटी का विस्तार किया। जहां सर्व सम्मती से अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, उपाध्यक्ष अवध किशोर सिंह, सचिव उदय कुमार सिंह, उप सचिव तुलसी राणा, कोषाध्यक्ष विजय यादव,उप कोषाध्यक्ष बिशुनदेव गंझु बनाए गए। चतुर्मास व्रत अनुष्ठान मे त्रिड़ंडी सेवा आश्रम बक्सर बिहार से जगत गुरु राज गोपाल चार्य स्वामी जी के कृपा पात्र स्वामी मधु सुदन चार्य जी महाराज ने जानकारी देते हुए बताया की चतुर्मास व्रत कार्यक्रम के पश्चात 21 नवंबर से 27 नवंबर तक चतुर्मास व्रत सह 21 कुण्डीय लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ एंव धर्म सम्मलेन का आयोजन किया जायेगा।

## फ्रिज ने ली ननद-भाभी की जान

**मुजफ्फरपुर।** जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। इसमें नंद और भौजाई की एक हादसे में जान चली गई। दरअसल, जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के डुमरी परमानंदपुर गांव में देर रात फ्रिज ब्लास्ट से घर में आग लग गई। जिसमे घर में सो रहें नंद भाभी की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा हैं कि देर रात रामा दास के घर के एक कमरे शॉर्ट सर्किट की वजह से फ्रिज ब्लास्ट हुआ। जिसके बाद इतनी तेजी से आग फैली की नंद भाभी की जलकर मौत हो गई। दोनों को भागने का भी मौका नहीं मिला।

# विपिन रजक को उत्कृष्ट सेवा के लिए मुख्यमंत्री ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला के निवासी पुलिस अवर निरीक्षक विपिन रजक को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त हुआ है। उनको मिले इस सम्मान से पूरा कोडरमा गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस वर्ष के 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित



किया। बता दें कि महावीर मोहल्ला निवासी विपिन रजक की प्रारंभिक शिक्षा आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा में हुई। वहीं पदक प्राप्त होने के बाद अपने मूल निवास कोडरमा आने पर आदर्श मध्य विद्यालय कोडरमा पहुंचकर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे आज जो कुछ भी हासिल कर रहे हैं, वह इसी विद्यालय की देन है। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जिस क्षेत्र में रुचि है उसमें मन लगाकर समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री रजक को मिले सम्मान पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्विनी कुमार तिवारी, बैजन्ती कुमारी, रजनी कुमारी, अनुपमा पांडेय, गीता रजक, संजीत भारती, मंटू कुमार, ईरशाद आलम, प्रदीप कुमार आदि ने बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है।

## एक नजर में

### कांग्रेस नेता ने विद्युत नियमित करने की मांग को लेकर लिखा मुख्य सचिव को पत्र

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जिले में विद्युत समस्याओं से जूझते आमजनों के परेशानियों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया। पत्र में कहा कि झारखंड बिजली उत्पादक राज्य है। यहां की बिजली कई राज्यों और कंपनियों को बेची जाती है। अन्य राज्य बिजली की अपनी सारी जरूरतें दूसरे से खरीद कर पूरा करता है, जबकि खुद उत्पादक राज्य के जिला कोडरमा समेत अन्य जिला बिजली के लिए तरसता रहता है। विभाग की लचर व्यवस्था व मनमानी व तानाशाही रवैये के कारण विद्युत कटौती बढ़ने से उपभोक्ताओं में त्राहिमाम है। ऐसे में एक लोक कल्याणकारी सरकार की जिम्मेदारी और कर्तव्य बनता है कि आमजनों को नियमित विद्युत मिले। यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल होती है। उन्होनें कहा कि बांझेडीह पावर प्लांट से राज्य की ऊर्जा नीति के तहत 25 मेगावाट सिर्फ झुमरीतिलैया नगर को मिलनी है। इसके बाद भी नगर को नियमित बिजली नहीं मिलना साथ ही सम्पूर्ण जिलावासियों को विद्युत के लिए तरसाना व सरकार की नीतियों का लाभ आमजनों को नहीं मिल पाना, जिसका जिलेवासियों के जनजीवन पर व्यापक असर देखा जा रहा है, जो सरकार के प्रति आक्रोश में तब्दील होना लाजमी है। सईद नसीम ने कहा कि यह जनहित की समस्या है। वर्तमान सरकार को इस पर विचार करना चाहिए कि अपनी जरूरत पूरी करने के उपरांत ही विद्युत सप्लाई अन्य राज्यों को दें।

### भाजपा ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष की संकल्प यात्रा को लेकर की बैठक

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी झुमरीतिलैया नगर मंडल द्वारा भाजपा झारखंड प्रदेश की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर द-रॉयल सेलिब्रेशन में बैठक की गयी। वहीं बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष राजेश सिन्हा व संचालन नगर महामंत्री संजय शर्मा तथा नवीन चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी जी संकल्प यात्रा के तहत पूरे प्रदेश भ्रमण पर हैं।

# शिक्षक संघ की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी इकाई की रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुलबुल कुमार ने की। बैठक में प्रधानाध्यापक नियुक्ति, नवनियुक्त शिक्षकों के प्रमाण पत्र सत्यापन एवं यथाशीघ्र वेतन भुगतान, एमएसपी एवं एसीपी पर परिचर्चा, शिक्षक दिवस समारोह मनाने पर निर्णय एवं विभिन्न स्तर के सांगठनिक चुनाव आदि एजेंडा पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि शिक्षक संघ के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों का जल्द निराकरण करते हुए समस्याओं का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ भवन प्रशाल में शिक्षक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिभाशाली मैट्रिक एवं इंटर के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किए जाने का निर्णय लिया गया। गत वर्ष माध्यमिक विद्यालय से रिटायर होने वाले शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

# सुरक्षाबलों ने किया नक्सली कैंप ध्वस्त राशन सामग्री व अन्य सामान बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चल रही अभियान में रविवार को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने नक्सली कैंप ध्वस्त कर राशन सामग्री और अन्य सामान बरामद किया है। हालांकि पुलिस को देखकर नक्सली पहले ही कैंप छोड़कर फरार हो गए थे। इस संबंध में एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के चमन उर्फ लम्बु, अमित मुण्डा, सालुका कायम, प्रभात मुण्डा उर्फ मुखिया अपने दस्ता के साथ चाईबासा-सरायकेला एवं खूंटी जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमणशील है। शनिवार को संयुक्त



अभियान पश्चिम सिंहभूम के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र कराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम नवादा, उलीबेरा, सारूगोड़ा एवं गितिउली के सीमवर्ती जंगल क्षेत्रों में चलाया गया। अभियान के क्रम में रविवार को सुबह लगभग सवा 10 बजे कराईकेला थानान्तर्गत वनग्राम उलीबेरा और गितिउली जंगल के समीप पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के द्वारा उस क्षेत्र में नक्सली होने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस उस जगह पहुंचा तब तक नक्सली को पुलिस के आने की सूचना मिल चुकी थी वे लोग पका हुआ भोजन करने वाले थे। मगर वे खाना छोड़ कर पुलिस के आने के पहले ही भाग गए। पुलिस ने नक्सली द्वारा बनाये हुए नक्सली कैम्प ध्वस्त किया। इसके साथ ही पका हुआ भोजन समेत अन्य सामग्री कैम्प से बरामद किया। इस संदर्भ में एसपी ने कहा कि नक्सलियों का खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। मालूम रहे की नवादा क्षेत्र पूरे पश्चिम सिंहभूम जिला का घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यह क्षेत्र सरायकेला खरसावां, खूंटी एवं पश्चिम सिंहभूम का बॉर्डर क्षेत्र है। जिस कारण नक्सली किसी भी घटना को अंजाम देकर इस क्षेत्र से कोई भी जिला में आसानी से चले जाते हैं। यह क्षेत्र पूरे घने पहाड़ के बीचो-बीच है। जिस कारण नक्सलियों का यह क्षेत्र सेफ जोन माना जाता है। पुलिस ने नक्सली कैम्प से चावल, दाल लगभग 30 किलो एवं दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुऐं, प्लास्टिक का टेन्ट, जूते 02 जोडे (जंगल जूते एवं स्पोर्ट्स जूते , बैटरी 02,बिजली का तार, गैती 01 मशाल 02 ,थर्मस, बर्तन, मग, विभिन्न प्रकार के आवश्यक जीवनरक्षक दवाईयाँ बरामद की है। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, कोबरा 209 बटालियन, सीआरपीएफ 60 बटालियन, 112 , 157 , 193 बतलाया के जवान शामिल थे।

## पेज 1 का शेष

### मोदी के मन की बात...

ग्रामीणों ने कहा कि आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके गांव को दिखाया गया है। वह काफी मेहनत करते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी यही काम करते आ रहे हैं। कई प्रकार के उत्पाद वह तैयार करते हैं। यदि पूंजी की मदद और उन्हें बेहतर बाजार मिले तो वह इस परंपरागत व्यवसाय को काफी आगे लेकर जा सकते हैं। सबसे अधिक उत्साह महिलाओं और युवाओं में था। इस मौके पर बोकारो के केंद्र को चुने जाने पर बोकारो स्टील के अधिशासी निदेशक बीके तिवारी ने प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से प्रबंधन महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें लाभ पहुंचाने का काम कर रहा है, यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। भाजपा सांसद और विधायक ने बोकारो के लिए इसे एक ऐतिहासिक पल करार दिया। उन्होंने कहा कि इससे हमारी महिलाएं और स्वरोजगार के लिए आगे आयेंगी।

### तापमान में पल-पल...

रविवार को इसरो ने तापमान भिन्नता का ग्राफ भी जारी किया। चंद्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के बाद अब विक्रम लैंडर ने इसरो को जानकारी भेजना शुरू कर दिया है। चंद्र सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरिमेंट ने बताया कि चंद्रमा की सतह और गहराई के तापमान में काफी अंतर है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जनाकारी साझा की है। चंद्रमा की सतह के तापमान में दिखा बदलाव। **पेलोड में लगा तापमान मापक यंत्र :** इसरो ने बताया कि यहां विक्रम लैंडर पर चेस्ट पेलोड के पहले अवलोकन हैं। पेलोड में तापमान को मापने का एक यंत्र लगा है, जो सतह के नीचे 10 सेंटीमीटर की गहराई तक पहुंचने में सक्षम है। इसमें 10 तापमान सेंसर लगे हैं। जिसे अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल), वीएसएससी के नेतृत्व वाली एक टीम ने पीआरएल अहमदाबाद के सहयोग से बनाया है। तापमान जांचने के यंत्र की मदद से इसरो को बहुत सी जानकारी मिल रही है। इसरो ने कहा कि पेलोड को भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल), अहमदाबाद के सहयोग से इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) की अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला (एसपीएल) के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा विकसित किया गया था। तापमान सीमा -10 डिग्री सेल्सियस से 60 डिग्री सेल्सियस तक है।चंद्रयान 3 में सात पेलोड हैं, इसमें विक्रम लैंडर पर चार, प्रज्ञान रोवर पर दो, और एक प्रोपल्शन मॉड्यूल पेलोड है। ये पेलोड रणनीतिक रूप से विविध वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए डिजाइन किये गये हैं।

### चारा घोटाला : 124 के...

यह अवैध निकासी साल 1990-91 व 1994-95 की अवधि में फर्जी आवंटन पत्र के आधार पर की गयी थी। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से जुड़े चारा घोटाले के पांच मामले समेत कुल 53 मामलों की सुनवाई रांची स्थित सीबीआई कोर्ट में पूरी की गई है। 52 मामलों में कोर्ट ने फैसला पहले ही सुना चुकी है।

### जी-20 सम्मेलन से पहले...

**पीएम मोदी की अपील :** इस बीच पीएम मोदी ने दिल्लीवासियों से अपील की कि अगले महीने यहां जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के कारण कई देशों के नेताओं की मौजूदगी की वजह से हो सकने वाली असुविधा के बावजूद वे इस आयोजन को सफल बनाने में मदद करें। इसमें यूरोपीय संघ और आमंत्रित अतिथि देशों के 30 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष एवं शीर्ष अधिकारियों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के भाग लेने की संभावना है। **दिल्ली में तैनात रहेगी पर्यटक पुलिस :** शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों और अन्य आगंतुकों की मदद के लिए प्रमुख पर्यटन केंद्रों, हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी पर विशेष रूप से सुसंस्कृत व्यवहार में प्रशिक्षित लगभग 400 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जायेगा। 'पर्यटक पुलिस' लिखे बहुउद्देशीय वाहनों में चलने वाले इन कर्मियों को 21 स्थानों पर तैनात किया जायेगा। प्रत्येक टीम में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस का एक कमांडो, एक गनमैन और एक चालक के साथ प्रभारी के रूप में परिवीक्षाधीन उप-निरीक्षक होंगे।

### चंदवा : तेज रफ्तार ट्रक ने...

ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को उठाकर तत्काल लातेहार सदर अस्पताल के लिए भेज दिया गया। इधर घटना के बाद करीब आधे घंटे तक सड़क जाम रही। शव उठने के बाद सामान्य हुआ। इधर वाहन में अंकित रजिस्ट्रेशन नम्बर के अनुसार बाइक किसी रामसहाय उरांव (लातेहार) की बतायी जा रही है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देकर फरार होने वाले ट्रक को भी पकड़ने का प्रयास पुलिस के द्वारा तेज कर दिया गया है।

### एनडीए नालायक बेटा...

सीएम ने कहा कि दिवंगत टाईगर ने कभी आमलोगों को जात-धर्मों में नहीं बांटा। सेवा करते-करते मौत को गले लगाया। बेबी देवी के पक्ष में वोट मांगते हुए हेमंत ने कहा कि दिवंगत जगरनाथ महतो ने इस क्षेत्र में कई कार्य किये। हमने दिवंगत जगरनाथ महतो को मान-सम्मान दे दिया, अब डुमरी की जनता पांच सितंबर को मान-सम्मान दें। सभा को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक मथुरा महतो, विधायक जयमंगल सिंह, प्रत्यशी मंत्री बेबी देवी, पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, पूर्व विधायक ममता देवी, योगेंद्र महतो आदि ने भी संबोधित किया।

## अवैध लकड़ी लदे दो बाइक जब्त

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के वनपाल तारिणी मंडल के नेतृत्व में आज रविवार को वन विभाग की टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई है। टीम द्वारा एक लकडी वयवसायी को गिरफ्तार किया है। मोके से लकड़ी लदा दो मोटरसाइकिल भी जप्त किया है। वनपाल तरणी मंडल के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर शिकारी पाड़ा वन छेत्र के जामबाद गांव के निकट दो मोटरसाइकिल पर दो व्यक्तियों के द्वारा बहुमूल्य लकड़ी सहित परिवहन करते हुए पकड़ने का प्रयास किया गया जिसमें एक व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहा एवं दूसरा व्यक्ति पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति का नाम यासीन अंसारी ग्राम सोनाढाब थाना शिकारी पाड़ा का रहने वाला है। भागने वाले व्यक्ति का नाम पता हेतु पूछताछ की जा रही है, गिरफ्तार व्यक्ति को दुमका रेंज कार्यालय भेज दिया गया है । बताते चलें की पहली बार वन विभाग की टीम ने वाहन एवं माल सहित लकड़ी व्यवसाय को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

# पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा के बसंत राय थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से गिर कर दुर्घटना ग्रस्त होक गंभीर रूप से घायल हो गया । थाना में सूचना मिली दर्शक वीडीओ बनाने में मशगूल रहे । लेकिन थाना प्रभारी विनीत कुमार जब घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने अपने हाथों से मरहम पट्टी कर घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया अब वो व्यक्ति खतरे से बाहर बताया जाता है ।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** स्थानीय किसान भवन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के द्वारा मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रगति की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त ,गोड्डा जिशान कमर , जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम, अनुमंडल पदाधिकारी ,महगामा सौरभ कुमार भुवानिया, अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा जेसी विनीता केरकेट्टा सहित विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे। उक्त बैठक के दौरान मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के दौरान प्राप्त हो रहे सभी आवेदनों को स-समय निष्पादित करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक के दौरान मतदाता सूची में ब्लैक एंड वाइट फोटोग्राफ को रंगीन फोटोग्राफ से बदलने के कार्य को त्वरित गति से कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के द्वारा सभी पदाधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करने का निर्देश दिया गया। यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया कि नए प्राप्त आवेदनों के प्रविष्टि के दौरान पूर्ण सावधानी बरतते हुए त्रुटिरहित प्रविष्टि सुनिश्चित कराई जाए।इस दौरान उनके द्वारा 18 वर्ष पूर्ण हुए नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं का नाम हटाने एवं सुधार से संबंधित कार्य के संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य आगामी 15 दिसंबर तक चलाया जाएगा। उक्त बैठक के उपरांत मतदाता पुनरीक्षण जांच को लेकर विभिन्न वार्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदाता सूची पुनरीक्षण की जांच कर कार्य के लिए सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को अपने कार्य सही तरीके से करने का निर्देश दिया गया साथ ही साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए।

# अशोक सिंह मेमोरियल टूर्नामेंट की विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखायी प्रतिभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** स्व अशोक सिंह मेमोरियल टूनार्मेंट के दूसरे दिन विभिन्न खेल आयोजन समानांतर रूप से अलग अलग मुकाम तक पहुंच चुके। ताइक्वांडो में लड़कियों के 48-54 किलोग्राम वर्ग में नीलम टुडू विजेता घोषित हुई, लक्ष्मी प्रियदर्शिनी को दूसरा एवं अनामिका सिन्हा को तीसरा स्थान प्राप्त की। वहीं लडको के 55-61 भार वर्ग में आकाश कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रकाश कुमार दूसरे एवं नितिन वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। ताइक्वांडो के सफल संचालन में स्मिता आनंद , शिखा आनंद एवं अन्य सदस्यों का सहयोग एवं सक्रियता रही।

शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के दूसरे चक्र की समाप्ति तक घनश्याम प्रसाद साह, मिट्ठू पांडे, हरिलाल प्रसाद, प्रकाश कुमार, संजय मरांडी, प्रीतम देव दोनों मैच जीतकर शीर्ष पर बने हुए हैं। जबकि बालक एवं बालिका वर्ग के दूसरे चक्र की समाप्ति के बाद प्रियांशु कुमार, श्रवण रजक,रिजु कुमार, सचिन कुमार, उत्कर्ष राज,ओरको परोको, मणिकांत, विवेक भगत दोनों मैच जीतकर प्रतियोगिता में बने हुए हैं। पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता 60 किलोग्राम से नीचे वाले पुरुषों के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रवि कुमार को मिला। जबकि द्वितीय स्थान बाबूजी हांसदा एवं तृतीय स्थान बलिराम किस्कू रहे। वही 60 किलोग्राम से कम वजन वर्ग की महिलाओं के प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ललिता कुमारी, द्वितीय स्थान लीना मुर्मू एवं एंजेल हेंब्रम को तीसरे स्थान पर रहे। 60 किलोग्राम से ऊपर के वजन वर्ग के पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मो अहमद राजा को मिला। जबकि मैक्सिमम मरांडी को द्वितीय स्थान और केदारनाथ पाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में अध्यक्ष विमल भूषण गुहा, सचिव नीरज कुमार नाग, जयराम शर्मा, संजीव कुमार साह एवं हैदर हुसैन उपस्थित थे। बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर 13 बालक एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में रोशन राज मरांडी ने सार्थक जायसवाल को 24- 22, 21- 16 से हरा विजेता






घोषित हुए। इससे पूर्व सार्थक ने सेमीफाइनल में प्रियम दत्ता को और रोशन राज मरांडी ने समीर को पराजित कर फाइनल में स्थान बनाया था। जबकि अंडर 13 बालक युगल मुकाबले में रोशन राज मरांडी और रॉकी टुडू की जोड़ी ने सार्थक जायसवाल और प्रियम दत्ता की जोड़ी को 15- 13, 15- 10 से हरा फाइनल में जगह पक्की की। जहां उनका मुकाबला जेडी बास्की और दिव्यांशु राज की युगल जोड़ी से होना है। बालिका एकल वर्ग के मुकाबलो के सेमीफाइनल में रश्मि मरांडी ने निशा मरांडी को 15- 9, 15- 3 से हराया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में माही सहाय ने सोनाय नंदी को 15- 4,15- 12, से हराया। अंडर 17 बालक एकल वर्ग के मुकाबलो में पल्लव राज ने प्रियम दत्त को 15- 4, 15- 6 से हराया। विशाल चौधरी ने जेडी बास्की को 15- 4, 15- 9 से हराया।आदित्य तिवारी ने दिव्यांश राज को 15- 6 हराया। जबकि शुभाशीष नंदी ने प्रवीण कुमार को 15-10,15-11 से हराकर सभी ने अपना स्थान सेमीफाइनल में सुरक्षित किया। सेमीफाइनल मुकाबला शुभाशीष नंदी और पल्लव राज के बीच खेला गया। जिसमें शुभाशीष ने 21- 9, 21- 16 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में आदित्य तिवारी ने विशाल चौधरी को 21- 14, 22- 20 से हराकर फाइनल में जगह बनाया। फाइनल मुकाबला सुभाशीष नंदी और आदित्य तिवारी के बीच खेला जाएगा। बैडमिंटन प्रतियोगिता के सफल संचालन में आकाश मंडल, राजीव सिंह, सौरभ दास, अकबर, राहुल एवं सदस्य उपस्थित रहे। कैरम जूनियर्स गर्ल्स के सेमीफाइनल मुकाबले तक खेले जा चुके हैं। अंतिम रूप से फाइनल मुकाबला फलक तहसीन और जरीना खातून के बीच खेला जाएगा। जबकि महिलाओं का पहला सेमीफाइनल मैच मनीषा लाल और सुरभि कुमारी के बीच जबकि दूसरा मुकाबला श्रुति कुमारी और शिप्रा झा के बीच खेला जाएगा। कैरम प्रतियोगिता के संचलन में विकाश चंद्र झा, दिनेश मंडल, निमाईं कांत झा एवं सदस्य उपस्थित थे।

# देश की बेटियां दे रही अंतरिक्ष को चुनौती

## मन की बात में भी चंद्रयान-3 की महिला वैज्ञानिकों की पीएम मोदी ने की तारीफ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में मिशन चन्द्रयान को नारी शक्ति से जोड़ा और कहा कि भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात के 104वें एपिसोड में अपने लाल किले से दिए भाषण को याद किया। उसमें उन्होंने महिला नेतृत्व में विकास की बात कही थी। उन्होंने कहा कि भारत के मिशन चन्द्रयान से कई महिला वैज्ञानिक जुड़ी रहीं। इन्होंने प्रोजेक्ट निदेशक और प्रोजक्ट प्रबंधक जैसी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मिशन चन्द्रयान-3 की सफलता का श्रेय सबके प्रयास को दिया जाना चाहिए। कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने इसमें अपनी भूमिका निभाई है। सबके प्रयास का यही मंत्र आगे आने वाले समय में देश को अनगिनत सफलताएं हासिल कराएगा। उन्होंने कहा कि भारत का चंद्रयान मिशन नए भारत की भावना का प्रतीक है जो जीत सुनिश्चित करता है और किसी भी परिस्थिति में कैसे जीत हासिल की जाती है, जानता है। विश्वविद्यालय खेलों में भारत की उपलब्धि का विशेष उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इससे जुड़े प्रतिभागियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब तक 1959 के बाद जितने ऐसे खेल हुए हैं उसमें जितने मेडल भारत ने जीते हैं, इस बार उससे ज्यादा मेडल (26) हमने जीते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार आयोजित हर घर तिरंगा अभियान वास्तव में हर मन तिरंगा अभियान बन गया। देश में हर जगह तिरंगा ही तिरंगा दिखाई दिया। पोस्ट ऑफिस से डेढ़ करोड़ तिरंगे खरीदे गए। तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट में भी इस बार देशवासियों ने रिकॉर्ड बना दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ध्यान दिलाया कि अब योग, आयुर्वेद और दर्शनशास्त्र के

**▶▶ तिरंगे के साथ सेल्फी पोस्ट में भी इस बार देशवासियों ने रिकॉर्ड बनाया**



शोधार्थी संस्कृत सीख रहे हैं। उन्हें खुशी है कि संस्कृत को लेकर जागरुकता और गौरव का भाव बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संस्कृति और परंपरा से जुड़ने का सबसे सशक्त माध्यम मातृभाषा है। इसी क्रम में उन्होंने आज तेलुगु भाषा का जिक्र किया और बताया कि तेलुगु भाषा दिवस 29 अगस्त को मनाया जाएगा। इस भाषा के साहित्य और विरासत में भारतीय संस्कृति के कई अनमोल रत्न छिपे हैं। इस विरासत का लाभ पूरे देश को मिले इसके लिए कई प्रयास भी किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के धनपाल के अपनी विरासत के बारे में जानने से जुड़े पैशन की सराहना की और बताया कैसे एक छोटे से घटनाक्रम ने उन्हें इसे जानने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री ने ब्रायन डी खारपान की स्पेलियोलोजी में दिलचस्पी की सराहना करते हुए बताया कि उनकी टीम ने मेघालय की 1700 से ज्यादा गुफाओं की खोज की। इससे राज्य गुफाओं के मामले में वर्ल्ड मैप में पहुंच गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों को भी इन गुफाओं को घूमने की योजना बनानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने रेलवे की ह्यट्रक ऑन ट्रेकह्ल सुविधा का उल्लेख किया और बताया कि कैसे इसके माध्यम से ईंधन की बचत हो रही है और प्रदूषण को रोका जा रहा है। गुजरात की बनास डेयरी इसके माध्यम से दूध को एक स्थान से दूसरे स्थान बिना खराब हुए और आसानी से ले जा पा रही है। प्रधानमंत्री राजस्थान के कोटा में डेयरी फार्म चला रहे मनप्रीत सिंह की जानकारी दी। जिन्होंने बायोगैस प्लांट के जरिए बिजली खर्च को 70 प्रतिशत कम किया है। उन्होंने केरल के मालाबार मिल्क यूनियन डेयरी के पशुओं की बीमारियों के लिए आयुर्वेदिक इलाज विकसित करने के प्रयास की भी सराहना की।

## भारत का मान बढ़ाने के लिए जी-20 शिखर सम्मेलन को सफल बनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की अध्यक्षता में हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन में जनभावना की भागीदारी की भावना को सबसे आगे बताते हुए देशवासियों से देश का मान बढ़ाने के लिए इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

भारत की अध्यक्षता में राजधानी दिल्ली में नौ और 10 सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। मोदी ने कहा कि इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए 40 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अनेक वैश्विक संगठन के प्रतिनिधि दिल्ली आ रहे हैं, जो कि इस शिखर सम्मेलन के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि मैं सभी देशवासियो से कहूंगा कि आइए, मिलकर जी-20 सम्मलेन को सफल बनाएं, देश का मान बढ़ाएं। प्रधानमंत्री ने भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस शिखर सम्मेलन को पीपुल्स प्रेसिडेंसी करार दिया और कहा कि इसमें जनभागीदारी की भावना सबसे आगे है।

## भारत के साथ दोस्ती जितनी गहरी होगी समृद्धि उतनी अधिक होगी : प्रधानमंत्री

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवा प्रतिभा समुदाय और डिजिटल क्रांति का हवाला देते हुये वैश्विक व्यापार समुदाय से कहा कि भारत के साथ आपकी दोस्ती जितनी गहरी होगी दोनों के लिए समृद्धि उतनी ही अधिक होगी। श्री मोदी ने तीन दिवसीय बी 20 शिखर सम्मेलन को अंतिम दिन संबोधित करते हुये कहा कि व्यवसाय संभावनाओं को समृद्धि में, बाधाओं को अवसरों में, आकांक्षाओं को उपलब्धियों में बदल सकता है। चाहे वे छोटे हों या बड़े, वैश्विक हों या स्थानीय, व्यवसाय सभी के लिए प्रगति सुनिश्चित कर सकता है। इसलिए वैश्विक विकास का भविष्य व्यापार के भविष्य पर निर्भर है।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री आज 51,000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 लाख कर्मियों की भर्ती के लिये अभियान रोजगार मेला के तहत सोमवार को 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ के मुताबिक, सोमवार को रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

इस रोजगार मेले में केंद्रीय गृह मंत्रालय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्ती कर रहा है।

### अमेरिकी हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी सेना का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हेलीकॉप्टर में सैन्य अभ्यास में शामिल 20 अमेरिकी नौसैनिक सवार थे। डार्विन के उत्तर में तिवी द्वीप समूह पर हुए इस हादसे में तीन अमेरिकी नौसैनिकों की मौत हो गई, जबकि पांच की हालत नाजुक है। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा प्रवक्ता के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह दुर्घटना एक्सरसाइज प्रीडेटर्स रन-2023 के दौरान हुई। इस अभ्यास में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, तिमोर-लेस्ते और इंडोनेशिया के 2,500 से अधिक सैनिक रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

### फ्लोरिडा में तीन अश्वेत की गोली मारकर हत्या

**टालोहासी।** संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्लोरिडा के जैक्सनविले में नस्लीय उन्माद में चूर 20 वर्षीय एक नकाबपोश श्वेत युवक ने शनिवार को अफ्रीकी-अमेरिकी बहुल इलाके में डॉलर जनरल स्टोर के अंदर तीन अश्वेत (काले) लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि हमलावर ने एक लेख में नस्लवादी टिप्पणी भी की थी। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में जैक्सनविले के शेरिफ टी.के. वाटर्स के हवाले से यह जानकारी दी गई है। शेरिफ वाटर्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस हमले में दो पुरुषों और एक महिला की मौत हो गई।

### उत्तरी बांग्लादेश में बाढ़ की चपेट में

**ढाका।** बांग्लादेश के समूचे उत्तरी हिस्से में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। गाजोलडोबा बैराज के सभी गेट खोलने के बाद क्षेत्र की नदियां उफान पर हैं। तीस्ता नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। बाकी नदियां भी उफान पर हैं। अगर यही हाल रहा तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के जल और बाढ़ प्रबंधन संस्थान के प्रोफेसर और निदेशक डॉ. एकेएम सैफुल इस्लाम कहा है कि बांग्लादेश के लिए मानसून का मौसम जून से सितंबर तक रहता है।

### गुम गोपनीय दस्तावेज को ले इमरान से पूछताछ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शीर्ष जांच एजेंसी ने गोपनीय दस्तावेज के गलत उपयोग को लेकर आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अटक जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से पूछताछ की। खान ने गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के गुम होने की बात स्वीकार की। 70 वर्षीय खान इस महीने की शुरूआत में भ्रष्टाचार के एक मामले में अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद वर्तमान में तीन साल कैद की सजा काट रहे हैं।



## सीतारमण ने परिजनों के साथ बाबा विश्वनाथ में किया रूद्राभिषेक

**वाराणसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में सीतारमण ने अपने माता-पिता के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बाबा का रुद्राभिषेक किया। मंदिर के पुरोहितों ने पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन कराया। पूजा के बाद सीतारमण ने काशी विश्वनाथ धाम में भ्रमण कर इसकी भव्यता को निहारा। इसके बाद मां अन्नपूर्णा के दरबार में पहुंचीं। महंत शंकरपुरी महाराज की मौजूदगी में उन्होंने माता अन्नपूर्णा की विधिवत आराधना की और महंत का आशीर्वाद लिया। रविवार सुबह गेस्ट हाउस में महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा आदि ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की।**

# पीएम विश्वकर्मा योजना लागू करने की तैयारी तेज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को लागू करने के लिए सोमवार को राज्यों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है। इस योजना का मकसद पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों की मदद करना है और इसकी कुल राशि 13,000 करोड़ रुपये है। यह योजना 17 सितंबर को पेश होगी और इसे तीन मंत्रालयों एमएसएमई, कौशल विकास और वित्त मंत्रालय द्वारा लागू किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत चालू वित्त वर्ष में तीन लाख से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कौशल मंत्रालय ने 28 अगस्त को एक बैठक बुलाई है। इसमें राज्यों के प्रमुख सचिवों, बैंकों के प्रबंध निदेशकों और एसएलबीसी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना को लागू करने के मसौदे और योजना के लाभार्थियों की पहचान करने की प्रक्रिया पर चर्चा होगी। योजना के तहत कुशल कामगारों को उनका कौशल बढ़ाने के लिए 4-5 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद वे कर्ज लेने के पात्र होंगे। अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में हमने तीन लाख लाभार्थियों को कर्ज देने का लक्ष्य रखा है। योजना के तहत विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा।

**मुख्य बातें**

- ▶▶ सरकार ने आज राज्यों के प्रमुख सचिवों और बैंक अधिकारियों की बुलाई बैठक
- ▶▶ यह योजना 17 सितंबर को होगी लांच
- ▶▶ कुशल कामगारों को उनका कौशल बढ़ाने के लिए 4-5 दिन दिया जायेगा प्रशिक्षण
- ▶▶ चालू वित्त वर्ष में तीन लाख लाभार्थियों को मिलेगा कर्ज

# बंगाल : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट सात लोगों की मौत और पांच झुलसे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम सात लोगों की जलकर मौत हो गयी, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गयी। घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं गैर आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुयी है, जबकि पांच अन्य लोग झुलस गए हैं। विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अजुइबुर रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गयी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। पटाखों से भरे सैकड़ों बोरों में चॉकलेट बम एक अन्य गोदाम में पाए गए हैं। राहत की बात यह है कि इस गोदाम में कोई हादसा नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट से आग की लपटें नहीं उठीं, लेकिन पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। उन्होंने कहा कि विस्फोट तब हुआ होगा, जब अवैध फैक्ट्री के कर्मचारी छत पर पटाखे सुखा रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश श्रमिक मुर्शिदाबाद जिले के थे। जब सैकड़ों स्थानीय लोग एकत्र हुए और पटाखा फैक्ट्री के के बारे में उनकी शिकायतों पर ध्यान न देने के लिए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और प्रशासन की कथित विफलता के खिलाफ आंदोलन शुरू किया।

**दो मंजिला घर जमींदोज और आसपास के आवास क्षतिग्रस्त**

### आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने वात्सल्य पीठ का किया शिलान्यास

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को जैन श्वेतांबर तेरापंथ की मुख्य साध्वी कनकप्रभा की याद में यहां वात्सल्य पीठ की आधारशिला रखी। छतरपुर में जैन तेरापंथी भवन परिसर में पीठ की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने लोगों से साध्वी कनकप्रभा द्वारा दिखाई गई राह पर चलने का आह्वान किया। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि ज्ञान, स्पष्ट समझ और अनुभवों के कारण उनके प्रत्येक शब्द में मनुष्य को बदलने की ताकत थी। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ने किया था।



# गदर-2 ने अब तक 575 करोड़ कमाई

मुंबई। 11 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म गदर-2 इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इसके साथ ही अभिनेता अक्षय कुमार की ओएमजी-2भी रिलीज हुई, लेकिन गदर-2 की लोकप्रियता के आगे ओएमजी-2 फेल हो गई। फिल्म ने कमाई के मामले में अब तक दुनिया भर में 575 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। इतना ही नहीं, गदर-2 के बाद कई फिल्में भी रिलीज हुईं, लेकिन कोई भी फिल्म इससे आगे नहीं पहुंच पाई। फिल्म गदर-2 लगातार 16वें दिन बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई करती नजर आ रही है। शनिवार को फिल्म की हुई कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। फिल्म ने अब तक करीब 440 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि दुनिया भर में फिल्म ने 575 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।



### अतीक के अंगरक्षक के छह भूखंड कुर्क

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** आयकर विभाग ने मारे गये गैंगस्टर-नेता अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति के खिलाफ अपनी कार्रवाई के तहत उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में 4.3 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के छह भूखंड कुर्क किये हैं। इन भूखंडों पर बीपीएल कार्ड धारक एक सुरक्षा गार्ड का स्वामित्व पाया गया है। अतीक के परिवार और गिरोह को करोड़ों रुपये मूल्य की कई बेनामी संपत्तियों का लाभार्थी माना जा रहा है। लखनऊ में स्थित विभाग की बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) द्वारा अतीक के साम्राज्य के खिलाफ की गई यह पहली कार्रवाई है। अतीक के परिवार और उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ बेनामी रोधी कानून के तहत व्यापक जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है।

# मिस्र में भारत करेगा ब्राइट स्टार अभ्यास

## अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की सेना भी लेगी भाग

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की टीम मिस्र के काहिरा एयरबेस पर होने वाले ब्राइट स्टार अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए रविवार को रवाना हो गई। यह द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास 16 सितंबर तक चलेगा। यह पहला मौका है जब भारतीय वायुसेना संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की वायु सेनाओं के साथ इस अभ्यास में शामिल होगी। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी। विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि काहिरा एयरबेस में होने वाले अभ्यास ब्राइट स्टार के इस संस्करण में पहली बार भारत की वायुसेना भी 150 कर्मियों के साथ हिस्सा लेंगी। मिस्र में 16 सितंबर तक होने वाले द्विवार्षिक बहुपक्षीय त्रि-सेवा अभ्यास में भाग लेने के लिए आईएएफ की एक टुकड़ी आज सुबह रवाना हो गई। इस अभ्यास में अमेरिका, सऊदी अरब, ग्रीस और कतर की टुकड़ियों की भी भागीदारी होगी।

उन्होंने बताया कि भारतीय वायुसेना के दल में पांच लड़ाकू मिग-29, दो टैंकर विमान आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 परिवहन विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के गरुड़ विशेष बल के कर्मियों के साथ-साथ 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मी अभ्यास में भाग लेंगे। इस अभ्यास में भारतीय सेना की 150 सदस्यीय टुकड़ी भी हिस्सा लेगी, जिन्हें वायुसेना के परिवहन विमान से एयरलिफ्ट करके ले जाया जाएगा। विंग कमांडर मोघे ने बताया कि इसका उद्देश्य संयुक्त अभियानों की योजना और कार्यान्वयन का अभ्यास करना है। सीमाओं के पार संबंध बनाने के अलावा इस तरह के अभ्यास भाग लेने वाले देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने का मौका भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि विदेश में उड़ान अभ्यास के लिए भारतीय वायुसेना की टुकड़ियों की संख्या फ्लाइट सूट में राजनयिकों से कम नहीं है। भारत और मिस्र के बीच असाधारण संबंध और गहरा सहयोग रहा है, जिसमें दोनों ने 1960 के दशक में संयुक्त रूप से एयरो-इंजन और विमान का विकास किया था। मिस्र के पायलटों को भारतीय समकक्षों ने प्रशिक्षण भी दिया था। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों और भारतीय रक्षामंत्री एवं प्रधानमंत्री की हाल की मिस्र यात्राओं से दोनों सभ्यता वाले देशों के बीच संबंध और मजबूत हुए हैं। दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों के बीच नियमित अभ्यास के साथ अपने संयुक्त प्रशिक्षण को भी बढ़ाया है।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !








# जगत के सभी प्राणियों से प्रेम करना ही सच्ची शिव भक्ति है

विजय केसरी

**जगत** के सभी प्राणियों से प्रेम करना ही सच्ची शिव भक्ति है। भगवान शिव हर एक भक्त के मन की बात को जानते हैं । भगवान शिव सदा अपने भक्तों पर कृपा बरसाते रहते हैं। ?वहीं दूसरी ओर भगवान शिव यह भी चाहते हैं कि सभी जीवो में श्रेष्ठ मनुष्य भी जगत के सभी प्राणियों, जीव जंतुओं और पेड़ पौधों से प्रेम करें। अब श्रवण का पवित्र मास धीरे-धीरे कर बीतने को है। यह मास भगवान शिव की उपासना के नाम से जाना जाता है । इस बार मलमास पड़ने के कारण यह मास साठ दिनों का हो गया। मलमास होने के कारण इस बार देश के लगभग सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ बनी रही है। शिव भक्तों के लिए यह मास एक वरदान के समान होता है। काल सर्प योग से निवारण एवं विविध परेशानियों से मुक्ति के लिए रुद्राभिषेक के अनुष्ठान से मंदिरों में होते रहते हैं । ऐसे शिव की उपासना सालों पर की जाती है। भगवान शिव की उपासना शिव भक्त हर दिन करते हैं । लेकिन सावन मास की बात ही कुछ निराली होती है। मलमास के होने कारण यह मास और भी विशेष बन गया है। हर शिव भक्त की इच्छा होती है कि सावन मास के सोमवार के दिन भगवान शिव की उपासना कुछ विशेष रूप से करें।? इस बार मलमास होने के कारण शिव भक्तों को ज्यादा बार सोमवार के दिन भगवान शिव की उपासना करने का अवसर प्राप्त हुआ। हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा वर्णन है कि शिव की उपासना का सबसे खास दिन सोमवार होता है। इसलिए सावन मास के हर सोमवार के दिन सभी शिव मंदिरों में विशेष पूजा, अर्चना, भजन - कीर्तन और भंडारे का आयोजन होता है। शिव पुराण में ऐसा वर्णन है कि सोमवार के दिन हर शिव उपासक को भगवान शिव की आराधना करना चाहिए। शिव भक्तों को एकाग्रचित होकर और पूरी निष्ठा के साथ भगवान शिव की आराधना करनी चाहिए। भक्त के मन जितने निश्चल और पवित्र होंगे उसी अनुरूप उन्हें शिव की कृपा होगी। कलुषित मन से शिव की आराधना करने वाले भक्तों की उपासना भगवान शिव कदापि स्वीकार नहीं करते हैं।

सावन मास के आरंभ होते ही बोल बम के नारों से संपूर्ण झारखंड गुंजायमान हो उठता । इस प्रांत को भगवान शिव की एक विशेष कृपा प्राप्त है। भगवान शिव का ऐतिहासिक बैजनाथ धाम मंदिर देवघर जिले में स्थित है। इस मंदिर का अनादि काल से पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व है। हमारे हिन्दू धर्म ग्रंथो ने इस मंदिर का बहुत ही गुणगान किया गया है। सावन के पवित्र मास में भारत सहित विदेशों से भी कई शिव भक्त सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पैदल अस्सी मील की यात्रा कर देवघर जिले में स्थापित भगवान शिव के लिंग पर जल अर्पित करते हैं। इस बार यह कांवर यात्रा 4 जुलाई को प्रारंभ प्रारंभ होकर 31 अगस्त को समाप्त होने जा रही है। इसी दौरान इसरो ने अपना चंद्रयान-3 को चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक उतार कर



और भी विशेष बना दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रमा की सतह पर विराजमान भारत का विक्रम लैंडर के स्थल को शिवशक्ति नामकरण कर हमेशा हमेशा के लिए यादगार बना दिया है। भगवान शिव की जटा पर चंद्रमा हमेशा विराजमान रहते है। आज भगवान शिव इस नामकरण से बहुत प्रसन्न होंगे।

हमारे धर्म शास्त्रों में वर्णन है कि बाबा बैद्यनाथ के दर्शन से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। भगवान शिव औघड़ दानी देश के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्हें देवों के देव महादेव के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने समुद्र मंथन से निकले विष को भी पी लिया था। शिव पुराण में ऐसा वर्णन है कि मां जगदंबे, सती, माता पार्वती को धारण करने की सिर्फ शिव को ही शक्ति प्राप्त है। बाबा भोलेनाथ ऐसे देव हैं, इनकी कृपा सदा अपने भक्तों पर बरसती रहती है। भगवान शिव की आराधना से समस्त कष्ट दूर होते हैं। समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं । साधक के अंदर वैराग्य भाव उत्पन्न होता है । इस संसार के माया बंधन उन्हें जकड़ नहीं सकता है। शिव भक्त इस संसार में रहकर भी संसार के मायावी बंधन से मुक्त होते हैं। शिव भक्त हर पल आनंद का अनुभव करते हैं। शिव भक्त साक्षी भाव से इस धारा पर अपना पूरा जीवन व्यक्तित्व करते हैं। मरणोपरांत उनके लिए मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो जाता है।

ऐसे जहां भी शिव के मंदिर स्थापित है,शिवलिंग है, जहां नियमित पूजा अर्चना होती है, सभी के अपने-अपने महत्व है लेकिन बाबा बैद्यनाथ की बात ही कुछ निराली है। बाबा बैद्यनाथ धाम प्रसिद्ध तीर्थस्थलों और बारह ज्योतिर्लिंग में से एक है। इसे भगवान शिव का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है । ये एक ज्योतिर्लिंग है, जो शक्तिपीठ भी है। मान्यता है कि इसकी स्थापना स्वंय भगवान विष्णु ने की थी। इस मंदिर में आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंग के नाम से भी जाना जाता है।

# गुमला का प्रसिद्ध शिव मंदिर टांगीनाथ धाम

## परशुराम का फरसा आज भी वहां गढ़ा हुआ है

टांगीनाथ एक जगह है जिसमें मध्यकालीन युग के प्राचीन युग के बाद से इसकी गोद में कई स्थापत्य कार्य हैं। यह छिपी नहीं है लेकिन ऐसा लगता है कि भारत के पुरातात्विक समाज की आंखों से



वंचित है। यह पुरातात्विक महत्व का एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसे अनुसंधान के विषय में लाया जाना चाहिए। यह शिवअस्थली के रूप में प्रसिद्ध है और गूमला जिले के डुमरी ब्लॉक में झूठ के लोहे के टांगीनाथ के महान त्रिशूल के लिए प्रसिद्ध है। यह गुमला मुख्यालय से लगभग 50 किमी दूर और डुमरी से 8 किमी दूर है। एक आसानी से डुमरी तक पहुंचा जा सकता है लेकिन बाद में पथ आसान नहीं है। डुमरी और टांगीनाथ के बीच में कई ब्रुक और ब्रुकलेट हैं जो बरसात के मौसम में पानी से भर जाते हैं और पथ को मुश्किल बनाते हैं। टांगीनाथ पहाड़ पर लगभग 300 फीट ऊंचे स्थान पर स्थित है। बारिश के बाद कोई भी बिना किसी कठिनाई के यहां पहुंच सकता है। आसान सुविधा के लिए अपने वाहन से जाने की सलाह दी जाती है। महाशिवरात्रि के दौरान गुमला से टांगीनाथ तक कई बसें चलती हैं। यह धार्मिक और साथ ही ऐतिहासिक महत्व का एक स्थान है। वह छोटानाथपुर के राजा नागवंशी का इतिहास, सजुर्जा के रूक्सेलवन राजाओं और बारवी साम्राज्य के बारे में यहां लिखा गया है।

यह लगभग 10000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। भगवान विष्णु, सुर्या, लक्ष्मी देवताओं की अनगिनत संख्या की पत्थर की मूर्तियाँ हैं। शिवलिंग्स के सैकड़ों मूर्तियाँ यहां और वहां मौजूद हैं। कुछ मूर्तियाँ अब भी अज्ञात हैं। कुछ लोग मानते हैं कि वे भगवान बुद्ध हैं। भगवान शिव का मुख्य मंदिर, महान त्रिशूल भूमि के अन्दर है, सूर्य मंदिर, सूर्यकुंड महान आकर्षण का केंद्र हैजो भगवान बुद्ध की अवधि का है

# आदि योगी हैं शिवः सदगुरु जग्गी वासुदेव

सद्गुरु जग्गी वासुदेव एक आधुनिक गुरु हैं। विश्व शांति और खुशहाली की दिशा में निरंतर काम कर रहे सद्गुरु के रूपांतरणकारी कार्यक्रमों से दुनिया के करोड़ों लोगों को एक नई दिशा मिली है। सद्गुरु ने योग के

आदि योगी हैं शिवः सद्गुरु जग्गी वासुदेव



सद्गुरु जग्गी वासुदेव एक आधुनिक गुरु हैं। विश्व शांति और खुशहाली की दिशा में निरंतर काम कर रहे सद्गुरु के रूपांतरणकारी कार्यक्रमों से दुनिया के करोड़ों लोगों को एक नई दिशा मिली है। सद्गुरु ने योग के गूढ़ आयामों को आम आदमी के लिए इतना सहज बना दिया है कि हर व्यक्ति उस पर अमल कर के अपने भाग्य का स्वामी खुद बन सकता है ।
हर वर्ष ईशा योग केंद्र, कोयंबत्तूर (तमिलनाडु) में महाशिवरात्रि का आयोजन बहुत बड़े पैमाने पर होता है। हर साल लाखों लोग आध्यात्मिक लाभ उठाने के लिए इस आयोजन में हिस्सा लेते हैं। रातभर चलने वाला महाशिवरात्रि उत्सव भारत के पवित्र त्योहारों में सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण है। महाशिवरात्रि, जो साल की सबसे अंधेरी रात होती है, आदियोगी शिव की कृपा का उत्सव मनाने के लिए होती है। आदियोगी शिव को आदिगुरु यानी पहला गुरु भी माना जाता है और उन्हीं से योग परंपरा की शुरूआत हुई है। इस रात को ग्रहों की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि मानव शरीर में ऊर्जा का सहज ही शक्तिशाली उफान होता है। इस रात में, रातभर जगे रहना और अपनी रीढ़ को सीधा रखना एक व्यक्ति की भौतिक और आध्यात्मिक खुशहाली के लिए बहुत फायदे का होता है। इस वर्ष महाशिवरात्रि के दिन आदियोगी के 112 फुट मुख का अनावरण किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु ने हिंदुस्तान के सीनियर फीचर संपादक जयंती रंगनाथन को दिए इंटरव्यू में कई दिलचस्प बातें बताईं-

## आदियोगी शिव कौन हैं? आज के समय में उनका क्या महत्व है?

सद्गुरु- योग संस्कृति में, शिव को किसी देवता के रूप में नहीं, बल्कि आदियोगी शिव अथवा पहले योगी के रूप में, योग के मूलदाता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने ही सबसे पहले, मनुष्य के मस्तिष्क में यह बीज बोया कि यदि कोई कोशिश करना चाहे, तो वह विकास कर सकता है। ऐसी कोई संस्कृति नहीं है, जिसने आदियोगी शिव के योग विज्ञान से लाभ न उठाया हो। योग हर जगह किसी धर्म, मान्यता या दर्शन के रूप में नहीं, बल्कि रूपांतरण की विधियों के रूप में पहुँचा। बदलते समय के साथ, कई प्रकार की विकृतियाँ आईं, परंतु फिर भी, अनजाने में ही, आज दुनिया में लाखों लोग कोई न कोई योगाभ्यास कर रहे हैं।
यह मानवता के इतिहास में एकमात्र ऐसी चीज है, जो लोगों पर जबरन लागू किए बिना हजारों सालों से चली आ रही है। यह बहुत जरूरी है कि इस ग्रह पर आने वाली पीढ़ियां विश्वास करने वाली नहीं, बल्कि खोज करने वाली हों। तर्क व विज्ञान की कसौटी पर खरे न उतरने वाले दर्शन, विचारधाराएँ, विश्वास प्रणालियां खुद ब खुद आने वाले दशकों में समाप्त हो जाएंगे, आप देखेंगे कि लोगों के भीतर मुक्ति की तड़प पैदा होगी। जब वह तड़प पैदा होगी, तो आदियोगी शिव तथा योग विज्ञान बहुत महत्वपूर्ण हो उठेंगे।

# शिव पार्वती और श्रावण की महिमा तुलसीदास जी ने मानस में लिखा

बासुकीनाथ पाण्डेय

**श्रावण** मास वर्षा एवं हरियाली का समय होता है और यह अति मनमोहक समय होता है। श्रावण मास का प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन श्रावण मास में सोमवार का विशेष फल है. श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन करने तथा जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, जप इत्यादि का विशेष फल है. कहा जाता है कि इस महीने में भगवान भोलेनाथ की कृपा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इस श्रावण मास में रामचरित मानस एवं राम नाम संकिर्तन का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण के महीने में माता पार्वती ने तपस्या करके भोलेनाथ को प्रसन्न किया था और उन्हें पति रूप में प्राप्त किया था. इसलिए भी भगवान भोले नाथ को यह मास अत्यधिक प्रिय है। **हरषे हेतु हेरि हर ही को।**

**किय भूषन तिय भूषन ती को।।**

**नाम प्रभाउ जान सिव नीको।**

**कालकूट फलु दीन्ह अमी को।।**

दूसरी मान्यता के अनुसार समुद्र मन्थन के समय समुद्र से निकले हलाहल विष को भगवान भोलेनाथ अपने गले में धारण किया, जिससे उनके गले में हो रही जलन को शांत करने के लिए सभी देवताओं ने मिलकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इससे उनको उस हलाहल विष के प्रभाव से शांति मिली और वह प्रसन्न हुए. तब से भगवान शिव को जलाभिषेक करने का विशेष महत्व है। श्री रामचरित मानस में तुलसीदास जी श्रावण मास के विषय में लिखते हैं

**बरषा रितु रघुपति भगति, तुलसी सालि सुदास।**

**रामनाम बर बरन जुग, सावन भादव मास॥**

इस प्रकार से श्रावण मास भक्ति एवं हरियाली का प्रतीक है। श्रावण मास में सोमवार व्रत या अन्य व्रत शुरू किया जा सकता है। इस मास में जो व्यक्ति सोमवार को विल्वपत्र एवं दूध-दही, घी, शहद, गन्ने का रस इत्यादि से भोलेनाथ का अभिषेक करता है, भोलेनाथ उसकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

श्रावण मास में पार्थिवलिंग पूजन का विशेष महत्व होता है। जिन भक्तों को पुत्र की कामना होती है, वो पार्थिवलिंग पूजन करें, शिवार्चन करें और गाय के दूध से अभिषेक करें, इससे उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.जो भक्त रोग, शोक से पीड़ित हों, वह भगवान भोलेनाथ को गंगाजल एवं कुश मिश्रित जल से अभिषेक करें। सुहागिन स्त्रियां अपने पति एवं पुत्र की लंबी आयु के लिए व्रत रख सकती हैं। कुंवारी कन्याएं अच्छे पति को प्राप्त करने के लिए सोमवार व्रत करती हैं जो भक्त जिस कामना को लेकर भोलेनाथ के दरबार में जाता है और श्रद्धा से पूजन-पाठ करता है, उसकी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

ज्योतिष के दृष्टिकोण से श्रावण मास में सूर्य राशि परिवर्तन करते हैं, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ता है। श्रावण मास में भोलेनाथ और माता जी की असीम अनुकंपा रहती है।

## जानिए पौराणिक कथा

# आखिर सावन के महीने में भगवान शिव को क्यों अर्पित करते हैं भांग और धतूरा?



अभी सावन का पावन महीना चल रहा है और मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ देखी जा सकती है. इसके अलावा कांवड़ यात्रा के जरिए भी शिवभक्त भोलेनाथ के लिए जल लेकर आ रहे हैं। सावन के मौसम में जहां हर तरफ बारिश है, वहीं भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भक्त कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सावन में भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए उनका जलाभिषेक किया जाता है और उन्हें बेलपत्र, भांग व धतूरा भी अर्पित किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर भगवान शिव की पूजा करते समय उन्हें भांग और धतूरा क्यों चढ़ाया जाता है। आइए जानते हैं इसके पीछे छिपी पौराणिक कथा के बारे में।

### भोलेनाथ को क्यों चढ़ाते हैं भांग और धतूरा?

शिव पुराण के अनुसार जब समुद्र मंथन हो रहा था तो उसमें से निकलने वाली हर चीज को देवता और असुर आपस में बांट लेते थे। लेकिन जैसे ही समुद्र मंथन से विष का पात्र निकला तो उसे ग्रहण करने के लिए कोई भी तैयार नहीं था और विष के प्रभाव से सृष्टि का नाश हो सकता था।
ऐसे में सभी देवता भगवान शिव के पास गए और उनसे इस समस्या का निवारण करने को कहा। जिसके बाद सृष्टि की रक्षा करने के लिए भोलेनाथ ने विष का हलाहल स्वंय ग्रहण कर अपने गले में धारण कर लिया। इसलिए भोलेनाथ का एक नाम नीलकंठ भी है।
लेकिन विष का सेवन करने के लिए भगवान शिव को शरीर में जलन व गर्मी होने लगी और वह अचेतन अवस्था में पहुंच गए। तब सभी देवी-देवताओं ने उनके सिर पर भांग और धतूरा रखा। कहते हैं कि इन्हें रखने से विष का प्रभाव कम हो गया। तभी से भोलेनाथ की पूजा में भांग और धतूरा विशेष सामग्री के तौर पर उपयोग किया जाता है।

### एक अन्य कथा

एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार भगवान शिव हमेशा साधना में लीन रहते थे और इसलिए उन्हें सन्यासी भी कहा जाता है। भोलेनाथ कैलाश पर्वत पर ही समाधि में लीन रहते थे और कैलाश का वातावरण बहुत ही ठंडा रहता था।
ऐसे में भगवान शिव अपने शरीर को गर्म रखने के लिए भांग और धतूरे का उपयोग करते थे। ताकि ठंड में भी शरीर के तापमान को गर्म रखा जा सके। एक वजह यह भी है कि भगवान शिव को भांग और धतूरा अर्पित किया जाताहै।

## जानिये धार्मिक और वैज्ञानिक कारण

# जब शिव ने राम से युद्ध किया



तमन्ना जटवानी

जब श्रीराम ने किया अपने आराध्य भगवान शंकर से युद्ध
जब श्रीराम ने किया अपने आराध्य भगवान शंकर से युद्ध
वनवास के बाद
भारत का पौराणिक इतिहास युद्ध और संग्राम की महागाथाओं से भरा हुआ है। असुरों और राक्षसों के रूप में धरती पर फैली बुराई का अंत करने के लिए भगवान विष्णु ने कई अवतार लिए। रावण की राक्षसी सेना का विनाश कर सीता को उसकी कैद से मुक्त करवाने के बाद राम, अपनी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण, हनुमान और सुग्रीव के साथ अयोध्या वापस लौट आए थे।

**शिव और राम में युद्ध**

लेकिन उनका अयोध्या लौट आना रामायण की गाथा का अंत नही था। उनके अयोध्या लौट आने के बाद भी घटनाएं उतनी ही तेज गति से घटित हुईं, जितनी कि पहले होती थीं। इन्हीं घटनाओं में से एक घटना उस समय की है जब विष्णु के अवतार प्रभु राम ने संहार के देवता शिव को युद्ध के लिए ललकारा था।

वचन की लाज

सुनने में बहुत अजीब लगता है लेकिन यह सच है कि भगवान राम ने अपनी प्रतिष्ठा और भोलेशंकर ने अपने वचन की लाज रखने के लिए एक-दूसरे से भयंकर युद्ध किया था, जिससे पूरी धरती कांप उठी थी। देवताओं ने भी आकाश में बैठकर देखा था और इस युद्ध की समाप्ति का इंतजार किया था।

**अश्वमेध यज्ञ**

यह बात तब की है जब रावण का वध कर अपने वनवास की अवधि समाप्त होने के पश्चात राम, अयोध्या वापस लौट आए और अयोध्या में एकछत्र राज स्थापित करने के लिए उन्होंने अश्वमेध यज्ञ का आयोजन किया। इस यज्ञ के अंतर्गत जिस भी राज्य से वह अश्व होकर गुजरता वह राज्य उनका होता चला गया।